हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com


रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 23.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 235 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### केसी त्यागी हुए रालोद में शामिल



**नई दिल्ली** : जनता दल (यूनाइटेड) से हाल ही में त्यागपत्र देने वाले वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी रविवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) में शामिल हो गए। केन्द्रीय मंत्री व रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कराया।

### 15 लाख के जेवर के साथ आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम** : सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित ट्यूब कॉलोनी में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिरसानगर निवासी विक्की लोहार उर्फ बोंडा बताया गया है। इसके पास से चोरी किए गए कीमती गहने बरामद किए हैं। बरामद जेवरात की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है।

### असम चुनाव : कांग्रेस ने सात उम्मीदवारों की सूची जारी की

नई दिल्ली : असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की अपनी पांचवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी की ओर से सात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी इससे पहले चार सूचियों 90 से अधिक उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। कांग्रेस असम में अभी तक कुल 101 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है जबकि गठबंधन सहयोगी रायजोर दल के लिए उसने 11 और अन्य पार्टियों के लिए 15 सीट छोड़ी हैं।

### टीएमसी उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

**कोलकाता** : तृणमूल कांग्रेस (ळटउ) ने असम विधानसभा चुनाव के लिए सात और उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। टीएमसी ने शनिवार को पहली लिस्ट में 17 नामों की घोषणा की थी। रविवार को, असम तृणमूल कांग्रेस ने सात और उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। हालांकि, दूसरी लिस्ट के अंतम में चामरिया सीट (उँप्रं रीं३) के लिए भी उम्मीदवार की घोषणा की गई है, क्योंकि पहली सूची में इस सीट से जिस उम्मीदवार का नाम घोषित किया गया था, उसने अपना नाम वापस ले लिया था। कुल मिलाकर, तृणमूल कांग्रेस ने अब तक असम में 23 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने रचा इतिहास

## बने देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने वाले मुखिया

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री ने भारतीय राजनीति में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वे अब देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के मुखिया के तौर पर सेवा देने वाले नेता बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के वर्षों पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर देश की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संवैधानिक मूल्यों के मार्ग पर चलते हुए 'विकसित भारत' का निर्माण करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### 8,931 दिनों का सफर

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी का कुल कार्यकाल अब 8,931 दिनों का हो गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पवन कुमार चामलिंग के नाम था, जिन्होंने 8,930 दिनों तक सरकार के मुखिया के रूप में कार्य किया था। भारतीय जनता पार्टी ने इस उपलब्धि को '8,931 दिनों की सेवा' के रूप में चिन्हित करते हुए इसे राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण बताया है।

### चुनौतियों से सफलता तक की यात्रा

अक्टूबर 2001 में पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के दौरान कई उतार-चढ़ाव देखे। उन्होंने याद किया कि जब उन्होंने पद संभाला था, तब गुजरात भूकंप और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा था। मुख्यमंत्री के रूप में उनके सफल मॉडल ने ही उन्हें 2014 में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया, जिसके बाद उन्होंने लगातार तीन लोकसभा चुनावों (2014, 2019 और 2024) में जीत हासिल की।

### प्रमुख उपलब्धियां

**गरीबी उन्मूलन:** पीएम मोदी के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में लगभग 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।
**ग्लोबल इकॉनमी:** भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक मजबूत शक्ति बनकर उभरा है।
**महिला व युवा सशक्तिकरण:** सरकार की नीतियों ने सीधे तौर पर नारी शक्ति, युवाओं और किसानों को लाभान्वित किया है।

## मंत्रियों के साथ साढ़े 3 घंटे की हाई-लेवल मीटिंग में पीएम मोदी का सख्त निर्देश

# जरूरी सेवाएं ना रुकने पाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक ऊर्जा संकट और संभावित सप्लाई चेन बाधाओं को देखते हुए एक बेहद महत्वपूर्ण हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री आवास पर साढ़े तीन घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए अजीत डोभाल सहित कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी शामिल हुए। एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, कैरोसीन सहित तमाम मुद्दों पर पीएम को मंत्रालयों की तरफ से अपडेट दिए गए। प्रधानमंत्री का स्पष्ट और सख्त संदेश दिया कि इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध के बीच देश में किसी भी कीमत पर जरूरी सेवाएं और आम जनता की जरूरतें प्रभावित नहीं होनी चाहिए। 28 फरवरी से शुरू हुआ यह संघर्ष अब अपने तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज पर नियंत्रण कर जहाजों की आवाजाही को सीमित करने से वैश्विक शिपिंग रूट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। चूंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है, इसलिए इस समुद्री मार्ग की नाकेबंदी भारत के लिए रणनीतिक और आर्थिक चुनौती बन गई है। मिडिल ईस्ट संकट के बीच सरकार ने घरेलू और व्यावसायिक LPG की आपूर्ति के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी सामान्य बनी हुई है और पैनिक बुकिंग में कमी आई है। सरकार ने राज्यों को कमर्शियल छढ्रः का आवंटन बढ़ाते हुए अस्पताल और शिक्षण संस्थानों को प्राथमिकता दी है।

### मीटिंग के मुख्य रणनीतिक प्वाइंट

**आपूर्ति सुनिश्चित करना:** पीएम ने पेट्रोलियम और खाद मंत्रालयों को निर्देश दिया कि तेल, गैस और उर्वरकों का पर्याप्त बफर स्टॉक बनाए रखें ताकि अंतरराष्ट्रीय अस्थिरता का असर भारत पर न पड़े।

**आम आदमी को राहत:** बैठक में स्पष्ट किया गया कि वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव का बोझ सीधे तौर पर आम नागरिक पर न आए, इसके लिए सरकार हर संभव कदम उठाएगी।



### अजीत डोभाल ने दिया पीएम को अपडेट

मिडिल ईस्ट में गहराते युद्ध के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर आपातकालीन उच्च स्तरीय बैठक में वित्त मंत्री निरमला सीतारमण और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मौजूद हैं। प्रधानमंत्री देश में तेल, गैस और उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स की बारीकी से समीक्षा कर रहे हैं।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुई चैती छठ, खरना आज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : लोक आस्था और सूर्य उपासना का महान पर्व चैती छठ रविवार को नहाय-खाय के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाला यह कठिन व्रत प्रकृति, शुद्धता और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है, जिसमें व्रती कठोर नियमों का पालन करते हुए भगवान भास्कर की आराधना करते हैं।
यह महापर्व 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। परंपरा के अनुसार पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य और अंतिम दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है।
इस वर्ष छठ पर्व पर विशेष शुभ योग का संयोग बन रहा है। नहाय-खाय के दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है, जबकि खरना के दिन देवी स्कंद माता की आराधना होती है। संध्या अर्घ्य के दिन माता कात्यायनी और प्रातः अर्घ्य के समय माता कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्र के साथ पड़ने के कारण व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को छठी मैया के साथ इन देवियों का भी विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### छठ कार्यक्रम

- 23 मार्च : खरना (रात 8:42 बजे तक)
- 24 मार्च : संध्या अर्घ्य (सूर्यास्त लगभग 6:00 बजे)
- 25 मार्च : प्रातः अर्घ्य (सूर्योदय सुबह 5:49 बजे)

# टीएसपीसी के 8 उग्रवादी हथियारों के साथ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : विशेष संवाददाता झारखंड के हजारीबाग जिले में सुरक्षा बलों को उग्रवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। उरीमारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाकर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के आठ सक्रिय सदस्यों को दबोच लिया। इनके पास से दो इंसास राइफल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं।
पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कोलियरी क्षेत्र में टीएसपीसी के उग्रवादी किसी बड़ी हिंसक घटना को अंजाम देने के लिए जमा हुए हैं। सूचना के आधार पर गठित विशेष टीम ने आसवा और गुडकुया गांव के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान उरेज गांव की ओर से आ रही एक सफेद बोलेरो ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। पीछा करने के दौरान उग्रवादियों की गाड़ी अनियंत्रित होकर एक पेड़ और पुल से जा टकराई, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर सभी आठों आरोपियों को धर दबोचा।

### भाजपा के दांव नाकाम, ममता की वापसी तय : तेजस्वी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : कोलकाता से पटना लौटने के दौरान राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव गोविंदपुर स्थित एक रिसॉर्ट में कुछ समय के लिए ठहरे। जहां पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा प्रहार किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाने का फैसला उनका निजी निर्णय नहीं, बल्कि दबाव में लिया गया कदम प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार की राजनीति में भी महाराष्ट्र जैसी स्थिति बनाने की कोशिश हो रही है।

# असम: कमांडो कैंप पर उग्रवादियों का बड़ा हमला, 4 जवान घायल

एजेंसी

**तिनसुकिया** : असम में विधानसभा चुनाव 2026 की आहट के बीच उग्रवादियों ने सुरक्षा व्यवस्था को बड़ी चुनौती दी है। असम-अरुणाचल सीमा के पास जगुन में स्थित एक पुलिस कमांडो कैंप पर शनिवार देर रात प्रतिबंधित संगठन उल्फा (क) के उग्रवादियों ने ग्रेनेड और आरपीजी (फ्ढ्रः) से हमला कर दिया। इस हमले में असम पुलिस के चार कमांडो घायल हो गए हैं।

#### आधी रात को 30 मिनट तक चली मुठभेड़

पुलिस सूत्रों के अनुसार, हमला शनिवार रात करीब 2 बजे हुआ। उग्रवादियों ने अचानक कैंप को निशाना बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद सतर्क जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से लगभग 30 मिनट तक भारी गोलीबारी हुई। अंधेरे का फायदा उठाकर संदिग्ध उग्रवादी पास के घने जंगलों में भागने में सफल रहे।

घायल जवानो को हालत स्थिर



#### घायल जवानों की स्थिति स्थिर

इस हमले में घायल हुए जवानों की पहचान चित्तरंजन मिली, देबाशीष बोरा, रवि गढ़ और जंबुश मारक के रूप में हुई है। सभी घायलों को तत्काल डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, चारों जवान अब खतरे से बाहर हैं।

# कमर्शियल गैस सप्लाई में 50% की बढ़ोतरी प्रवासी मजदूरों को मिलेंगे 5 किग्रा. के सिलेंडर

एजेंसी



**नई दिल्ली** : पश्चिम एशिया संकट के बीच, सरकार ने गैस वितरण को बेहतर बनाने और सप्लाई के दबाव को कम करने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। सरकार ने सिटी गैस प्रोजेक्ट्स को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। प्रमुख क्षेत्रों के लिए कमर्शियल एलपीजी के आवंटन को बढ़ा दिया है।
एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन ने अपने कार्यालयों को 'सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन' के आवेदनों का 10 दिनों के भीतर निपटारा करने का निर्देश दिया है, ताकि पाइप वाली प्राकृतिक गैस (ढठ्रः) के विस्तार में तेजी लाई जा सके। बड़े शहरों और शहरी क्षेत्रों के कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं को भी सलाह दी गई है कि वे पीएनजी पर शिफ्ट हो जाएं।
बयान में आगे कहा गया है कि घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) की सप्लाई स्थिर बनी हुई है। देश भर में वितरकों के पास स्टॉक की कोई कमी नहीं है और डिलीवरी सामान्य रूप से हो रही है। अधिकांश डिलीवरी 'डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड' के माध्यम से की जा रही है और अब लोगों के बीच गैस खत्म होने के डर से की जाने वाली 'पैनिक बुकिंग' (अंधाधुंध बुकिंग) भी कम हो गई है।

# ईरान ने एफ-35 के बाद अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को होर्मुज के पास बनाया निशाना

एजेंसी

**तेहरान** : ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान ने दावा किया है कि उसने होर्मुज के पास अमेरिका के एफ-15 फाइटर जेट को मार गिराया है। यह खबर ऐसे समय में आई है जब पूरा मध्य पूर्व युद्ध की आग में झुलस रहा है। वैश्विक तेल आपूर्ति का सबसे बड़ा मार्ग यानी 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' रणक्षेत्र बना हुआ है।
ईरान के सरकारी मीडिया आउटलेट्स ने इस घटना का एक वीडियो भी जारी किया है। ईरानी 'जॉइंट एयर डिफेंस कमांड' के मुताबिक, उनके रडार ने दक्षिण तट के पास एक अज्ञात लड़ाकू विमान की पहचान की थी। चेतावनी के बावजूद जब विमान ने अपनी दिशा नहीं बदली, तो ईरानी मिसाइल ने उसे लॉक किया और ध्वस्त कर दिया। ईरान का कहना है कि अमेरिकी विमान सीधे तौर पर उनकी संप्रभुता का उल्लंघन कर रहा था। जारी किए गए वीडियो में आसमान में एक जोरदार धमाका होता दिखाई दे रहा है।
बता दें कि फरवरी 2026 के अंत से ही ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच सीधा सैन्य टकराव जारी है। पिछले कुछ हफ्तों में तनाव इस कदर बढ़ा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाजाही को बाधित किया गया, तो ईरान के बुनियादी ढांचे पर भीषण हमले किए जाएंगे। ईरान का यह ताजा पलटवार उसी चेतावनी का जवाब माना जा रहा है।

### दुश्मन नहीं, सिर्फ दोस्तों के लिए खुलेगा होर्मुज; ट्रंप की चेतावनी के बाद भी नहीं बदले ईरान के तेवर

### जंग में खुलकर सामने आया ब्रिटेन, अरब सागर में तैनात की परमाणु पनडुब्बी

डेली मेल की एक रिपोर्ट के मुताबिक ल्टर अल्ल२ड्ढल्ल नाम की ये पनडुब्बी टॉमहॉक ब्लॉक व्न् क्रूज मिसाइलों से लैस है, जो कई सौ मील दूर से ही अपने टारगेट पर सटीक हमले करने की कैपिसिटी रखती है। ईरान के खिलाफ युद्ध में ब्रिटेन ने अब अपनी नीति बदल दी है और अमेरिका को अपने सैन्य बेस का इस्तेमाल करने की परमिशन दे दी है। ऐसे में अब स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों को निशाना बना रहे ईरानी ठिकानों को तबाह करने के लिए अमेरिका ब्रिटिश सैन्य बेस का उपयोग कर सकता है।

एक नजर

## हाजी खलील राय का निधन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस नेता अरुण साहू



बरही : रसोईया धमना पंचायत अंतर्गत वारसिया मोहल्ला निवासी हाजी खलील राय का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से इलाके में शोक की लहर फैल गई। हाजी खलील राय के अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हाजी खलील राय एक मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति थे, जिनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।परिजनों के अनुसार, वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके बड़े पुत्र मो. बबलू ने बताया कि पिता के निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हाजी खलील राय अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे और चार बेटियों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रसोईया धमना कब्रिस्तान में किया गया।

## कुटुमा में हर्षोल्लास से मनाई गई सरहुल पूजा



बरही : बरही प्रखंड के रानीचुवां पंचायत के कूटमा के मैदान में प्रकृति पर्व सरहुल बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है। सरहुल पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने मांदर की थाप पर झूमे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण साहू एवं अल्प संख्यक कल्याण महा समिति के अध्यक्ष मो क्यूम ने कार्यक्रम की शुरूआत की। कूटमा में सुबह से ही सरहुल पर्व की धूम रही। आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक परिधान में पर्व में हिस्सा लिया। ढोल और मांदर की थाप पर लोगों ने पारंपरिक तरीके से नृत्य किया साथ ही आदिवासी लोकगीत भी गाया गया।सरहुल पर्व के दौरान मांदर की थाप पर अल्प संख्यक महा समिति के अध्यक्ष मो क्यूम एवं कांग्रेस नेता अरुण साहू समेत सैकड़ों आदिवासी समुदाय के लोग झूमे। पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा पहनकर मांदर बजाते नजर आए। सरहुल पर्व पर साल के पेड़ की पूजा की जाती है, जिससे नए साल की शुरूआत होती है। जिसमें जल, जंगल और प्रकृति के दूसरे तत्वों की पूजा की जाती है। करमा के साथ-साथ सरहुल भी आदिवासी समुदाय का सबसे बड़ा पर्व है। प्रकृति पर्व सरहुल पर पाहन इस साल अच्छी बारिश होने की बात कही।

## सिरमा प्रीमियम क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सिरमा बनाम छवनिया के बीच खेला गया

बड़कागांव : सिरमा प्रीमियर लीग क्रिकेट टुनार्मेंट का उद्घाटन सिरमा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि असीम अरशद के द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतिनिधि असिम अरशद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हमारे पंचायत में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जाता है। इस टूनार्मेंट में क्षेत्र के कई नामी ग्रामीण क्लबों के द्वारा कई टीम भाग लेते हैं। खेल के माध्यम से युवावों में छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकालने का एक अथक प्रयास। टूनार्मेंट का पहला मैच छवनिया बनाम प पिपर टोला सिरमा के बीच खेला गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से हाजी सैफउल्लाह , अमानत अली , जानिसार अंसारी, मो. कलाम , मो. मशहदी मौजूद रहे।

# अजप्ता ने नव नियुक्त सहायक आचार्यों सहित 60 शिक्षकों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बरही : अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ बरही प्रखंड इकाई की ओर से प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में शिक्षक स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार एवं संचालन संयुक्त रूप से तुलसी दास, राजेंद्र प्रसाद आर्य एवं सचिव मथुरा प्रसाद ने किया। बतौर मुख्य अतिथि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार झारटेफ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार, जिला महासचिव किशोरी महतो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार यादव, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही के प्राचार्य रविकांत ओम, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति चौपारण से जनार्दन वर्मा राकेश कुमार, बरकट्ठा से जुगल ठाकुर,जमुना साव,रामचंद्र प्रसाद ,संतोष कुमार, संतोष कुमार चौधरी, हजारीबाग से श्रीकांत सिंह ,संजय चंद ,सुनील कुमार, संजय कुमार विनोद रंजन सहित जिला स्तर के अजप्ता के पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मौके पर प्रखंड इकाई की ओर से सभी अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम अजप्ता की ओर से नवनियुक्त 21 सहायक आचार्यों को अतिथियों के हाथों माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया गया ।इसके साथ ही अंतर जिला स्थानांतरित 23 सहायक शिक्षकों को भी अंग वस्त्र एवं बुके के साथ स्वागत किया गया ।वहीं सेवानिवृत 13 शिक्षकों को भी अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । मौके पर कई शिक्षकों ने गीत संगीत की भी प्रस्तुति दी । महिला शिक्षिकाओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार ने कहा की शिक्षक बच्चों के भविष्य निमार्ता होते हैं । उनकी एक अपनी गरिमा एवं प्रतिष्ठा होती है, जिसे बनाए रखना जरूरी है।उन्होंने सभी को अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ में शामिल करते हुए बधाई दी और कहा कि जिले के किसी भी शिक्षकों के साथ यदि कोई परेशानी होती है तो अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ उस परेशानी को दूर करने के लिए हमेशा खड़ी रहेगी। डॉ सुनील कुमार यादव, प्रखंड अध्यक्ष अयोध्या कुम्हार, एसआरपी जनार्दन प्रसाद वर्मा, संजय दूबे सहित दर्जनों शिक्षकों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों मान स्वाभिमान एवं कर्तव्य निर्वहन को लेकर अपनी बात रखी।

**इन्हें किया गया सम्मानित:**

नवनियुक्त सहायक आचार्यों में संदीप कुमार, अरुण कुमार भारती, संजय कुमार सिंह, रामचंद्र यादव, ब्रह्मदेव यादव, साहिना निखत, उषा राम, संजय कुमार दुबे, सुजीत कुमार यादव, संजीत कुमार रवि, अशोक कुमार, नरेश कुमार साहू, नागेश्वर प्रसाद यादव, लालमणि सिंह, मो अफरोज आलम, मो ताजुद्दीन अंसारी, श्याम नारायण सिंह, प्रेमलाल यादव, ओम प्रकाश शामिल है। जबकि अंतर जिला स्थानांतरित शिक्षकों में राजू प्रसाद, सुधीर प्रसाद, सुरेश रजक, सुदामा कुमारी, कुमारी नीतू सिंह, अजय निषाद, पोखराज राणा, प्रमोद प्रसाद एवं सुधा कुमारी, सेवानिवृत शिक्षक राजकुमार केशरी, सुरेश रजक, शामिल है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक भोज का आनंद उठाया।

## बरहीडीह प्राचीन छठ घाट पर युवाओं ने चलाया सफाई अभियान, विधायक ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरही : बरही क्षेत्र के बरहीडीह स्थित प्राचीन छठ घाट पर चैती छठ पूजा को लेकर युवाओं की टोली द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन की मदद से घाट परिसर और आसपास के क्षेत्रों की व्यापक साफ-सफाई की गई, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सफाई अभियान का निरीक्षण करने बरही विधायक मनोज यादव स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और धार्मिक आयोजनों को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में मदद मिलती है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर और सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी युवाओं के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही ऐसे बड़े आयोजनों को सफल बनाया जा सकता है। सफाई अभियान में शामिल प्रमुख लोगों में रमेश ठाकुर, राजकुमार केशरी, छोटी ठाकुर, भोली पासवान, अमित सिंह उर्फ छोटू, पिंटू ठाकुर, उदय ठाकुर, राजवंशी सिंह, विक्की सिंह, मुकेश सिंह, प्रवीण सिंह, पिंटू सिंह, अमित ठाकुर, पवन केशरी, मनोज केशरी, संदीप केशरी और कार्तिक सिंह सहित कई युवा सक्रिय रूप से मौजूद रहे। युवाओं ने बताया कि चैती छठ पूजा को देखते हुए घाट की साफ-सफाई का कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

गांव की बदहाली से ग्रामीणों में आक्रोश, आजादी के बाद भी नहीं बना सड़क

## पक्की सड़क नहीं होने के कारण रिस्तेदारी जोड़ने में होती है परेशानी : ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बरही : बरही प्रखंड के डपोक पंचायत के पिपराटांड़ गांव के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं जिसके कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों की मूलभूत सुविधाओं में सड़क की समस्या गंभीर है। इसी गंभीर समस्या से पिपराटांड के ग्रामीण आज भी झुझ रहें हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। गांव में अभी तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं होने से लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। कच्ची सड़क होने के कारण बरसात के दिनों में कीचड़ और जलजमाव के कारण बड़े बड़े गढ़े हो जाते हैं जिसके कारण गांव का संपर्क मुख्य सड़क से लगभग पूरी तरह कट जाता है। बच्चों को स्कूल जाने, मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने सहित रोजमर्रा की आवश्यक कार्यों के लिए बाहर निकलने में भारी कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सड़क नहीं होने के कारण सामाजिक जीवन पर भी असर पड़ रहा है। कई युवाओं की शादी तक में बाधा आ रही है, क्योंकि खराब रास्ते के कारण लोग रिश्तेदारी करने से हिचकते हैं। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण नहीं कराया गया, तो वे आगामी चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है,जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक वोट नहीं देंगे।

# इंदरा में मनाया गया प्राकृतिक का पर्व सरहुल, खूब झूमे लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाका इंदरा में पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली के अगुवाई में प्राकृतिक पर्व सरहुल पर्व मनाया गया। जिसमें पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी एवं पाहन छोटू करमाली, सूरज करमाली, किशोर करमाली एवं रविंद्र करमाली तथा इंद्रा पसरिया के करमाली समाज के सारे महिला पुरुषों के द्वारा सखुआ बृक्ष मैं पूजा अर्चना कर सरहुल पूजा किया गया ।तत्पश्चात सरना स्थल में महिला पुरुषों के द्वारा एक साथ झूमर नृत्य किया गया। क्षेत्र से आए अनेको गणमान्य लोगों को सरहुल पूजा समिति के द्वारा सरना गमछा देकर सम्मानित किया गया। लोगो को संबोधित करने हुवे पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी ने कहा कि सरना पूजा हम आदिवासियों की पहचान है एवं सरहुल पूजा में सखुआ वृक्ष के साथ साथ प्राकृतिक का पूजा किया जाता है। जिससे कि हमारा वातारण भी शुद्ध रहता है तथा हम आदिवासी अपने सांस्कृतिक और धरोहर को बचाए रखने के लिए एकजुटता का परिचय एक साथ होकर देते हैं। अतिथियों को संबोधित करते हुए पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि दीपक करमाली ने कहा कि सरहुल हम आदिवासियों की आन बान शान है, हम सभी को एक होना होगा ताकि हमारे समाज में कमियों को दूर किया जा सकता है। और हम सब एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल हो सके। मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी जिला परिषद सदस्य गीता देवी, प्रतिनिधि दीपक करमाली,पाहन छोटू करमाली, सूरज करमाली, कजरू साव, जागे इक्का व सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झामुमो का 47 वां स्थापना दिवस तैयारी को लेकर बैठक, संजीव बेदिया शामिल हुए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



बड़कागांव : झारखंड मुक्ति मोर्चा की 47 वां स्थापना दिवस 4 अप्रैल को मानने को लेकर बड़का गांव पश्चिम पंचायत भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह एवं संचालन इंद्रदेव राम ने किया। तैयारी बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारिणी सदस्य सह हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया एवं विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी शामिल हुए और तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान सभी कार्यकताओं से कहा गया कि स्थापना दिवस 4 अप्रैल को हजारीबाग में मनाई जाएगी समय कम है । तैयारी में जोर लगाए ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोग स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, हेमंत भुइयां, झामुमो मीडिया प्रभारी सह सोशल मीडिया आईटी सेल संजय भुइयां, रेशमी टुडू, विशेश्वर राम, संजय भुइयां,सरोज मेहता, जगदेव गंझू, रामचंद्र भुइयां, हरिलाल मांझी, सूरज वर्मा, रामसागर महतो, नंदकिशोर भुइयां, अनुज कुमार, बरजू राम, फलेंद्र गंझू,कृष्ण प्रजापति, राजेंद्र भुइयां लहसन गंझू रामबृक्ष भुइयां, बिनोद बेसरा, खेमलाल राम, प्रदीप रवि के अलावा प्रखंड के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# झांसी में राष्ट्रीय हिन्दी विज्ञान सम्मेलन में विभावि का शोध प्रदर्शन पुरस्कृत

▶ छात्रा अर्पिता सोनी और ईशा कुमारी को मिला रजत पदक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग के तृतीय समसत्र के छात्र अपने विभागाध्यक्ष डा के के गुप्ता के साथ बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी में आयोजित राष्ट्रीय हिन्दी विज्ञान सम्मेलन-2026 में भाग लिया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन विज्ञान भारती के तत्वावधान में 20 से 22 मार्च को किया गया। यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने बताया कि "कार्बनामृता" शीर्षक के अपने शोध प्रदर्शन से विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में हलचल उत्पन्न कर दी। इस नवाचारी प्रस्तुति ने लोगों के कुतूहल को जगाया। विद्यार्थी अर्पिता सोनी और ईशा कुमारी को इस प्रस्तुति के लिए द्वितीय रजत पदक से पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थी प्रभात और धीरज की प्रस्तुति को भी काफी सराहा गया। डॉ के के गुप्ता ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। बताया कि कुलपति ने ही इस प्रकार के आयोजन की सूचना साझा की थी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया था। इसका लाभ शिक्षक और विद्यार्थी को प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुति से विनोबा भावे विश्वविद्यालय का नाम रौशन हुआ।

संक्षिप्त खबरें

## ग्राम कल्याणपुर पंचायत में सरहुल पर्व को लेकर उत्साह, परंपराओं के साथ धूम धाम से हुआ संपन्न



टंडवा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर पंचायत में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष अभी धूमधाम से सरहुल पूजा एवं जनजातीय पर्व सरहुल को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आदिवासी समाज द्वारा इस प्रकृति पर्व को धूमधाम से मनाया जा रहा है। सरहुल पर्व के अवसर पर सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार आदिवासी पुजारी पाहन द्वारा घड़े में रखे पानी के स्तर का अवलोकन कर वर्षा को लेकर भविष्यवाणी की जाती है। इस अनूठी परंपरा को लेकर लोगों में खास उत्सुकता देखने को मिली। समाजसेवी विकास महतो ने कहा कि सरहुल पर्व सूर्य और पृथ्वी के मिलन का प्रतीक है, जिसे झारखंड के आदिवासी बहुल इलाकों में विशेष श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर साल वृक्ष की पूजा की जाती है, जिसे आदिवासी समाज में अत्यंत पवित्र माना जाता है। मान्यता है कि साल वृक्ष में सरना मां का निवास होता है, जो गांव को प्राकृतिक आपदाओं से बचाती हैं और सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं। इस कारण सरहुल पर्व पर साल वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम में कल्याणपुर पंचायत के कई प्रबुद्ध लोग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस पारंपरिक पर्व को उत्साहपूर्वक मनाते हुए आपसी एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संदेश दिया।

## रामनवमी को लेकर रसोइया धमना में निकला भव्य शोभा यात्रा, ग्राम का किया भ्रमण



बरही : बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना में रामनवमी के मौके पर रामनवमी महापर्व को भव्य और विशाल बनाने के लिए मातृशक्ति द्वारा एक विशेष रैली के शक्ल में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभा यात्रा भगवती मंदिर रसोइया धमना से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः भगवती मंदिर में समापन हुआ। रैली में शामिल महिला कार्यकताओं और संगठनों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। रैली का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद, हिंदू दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका प्रीति कुमारी ने किया। इस दौरान बजरंग दल एवं विहिप के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं रैली में शामिल दुर्गा वाहिनी के कई कार्यकताओं ने लाठी एवं तलवार से कई प्रकार के हैरतअंगेज करतब दिखाए, रैली को रास्ते में नागरिकों ने जगह - जगह स्वागत किया। इसके अलाव रैली में बड़ी संख्या में महिला कार्यकताओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया, जो रामनवमी महोत्सव की महत्ता और धार्मिक श्रद्धा की प्रतीक बनी। यह आयोजन रामनवमी की शोभायात्रा को और भव्य बनाने के लिए था, जिसके माध्यम से नगरवासियों में धार्मिक एकता और आस्था को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। रैली में स्थानीय मुखिया गोविंद साहू, विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी, उपाध्यक्ष नितेश कुमार, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, बजरंग दल संयोजक अरविंद कुमार, ममता देवी, नायशा, श्वेता, रथ चालक विनीता कुमारी एवं सहयोगी शोभा कुमारी एवं शुभलक्ष्मी कुमारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## पुन्दोल में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, 8 टीमों ने लिया भाग



बड़कागांव : चंदौल पंचायत के पुन्दोल गांव बड़कीबागी खेल मैदान में समाजसेवी विनोद यादव के सौजन्य से पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया ।मुख्य अतिथि बड़कागांव पश्चिमी जिप सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने बैटिंग कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया । उद्घाटन मैच पुन्दोल क्रिकेट टीम एवं होरम क्रिकेट टीम के बीच खेली गई। पहले बैटिंग करते हुए होरम क्रिकेट टीम के कप्तान रघुनाथ के बेहतरीन पारी के बदौलत निर्धारित 14 ओवर में 136 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसका पीछा करते हुए पुन्दोल क्रिकेट टीम ने निर्धारित ओवर में 117 रन बना पाई। होरम क्रिकेट टीम ने मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया है। मुख्य अतिथि मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि जो भी टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी उन सभी चारों टीमों को मैं बैट एवं बॉल उपहार में दूंगा। आप खिलाड़ी अपने भविष्य की लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, आपको कॉस्को बॉल से आगे ड्यूज बॉल पर विशेष ध्यान देना होगा तभी आप राज्य एवं देश स्तर पर खेल सकते हैं। वहीं विनोद यादव ने कहा यह प्रतियोगिता पंचायत के युवा लोगों को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है, ताकि हमारे पंचायत के लोग भी आगे चलकर गांव का नाम रोशन कर सके। मैच में अंपायर की भूमिका अतामुल अंसारी एवं सूरज दास ने निभाई। मौके पर आयोजक मंडली की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। सभा संचालन आयोजक टीम के संरक्षक उप मुखिया शमशेर आलम ने किया।

## युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

धनबाद : धनबाद जिले के निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति कॉलोनी स्थित ईसीएल क्वार्टर में एक युवक की हत्या करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान काजल राय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक का भाई कार्तिक राय ने बताया कि काजल राय देर शाम अपने क्वार्टर पहुंचे थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पास के गांव में कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। रातभर युवक घर में अकेला था। सुबह जब परिजन कीर्तन से लौटे और घर का दरवाजा खोला, तो अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। काजल राय खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हर पहलु से मामले की पड़ताल कर रही है।

## एक नजर

### तेजस्वी यादव पांच अप्रैल को आएंगे रांची

**रांची :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पिछड़ा प्रकोष्ठ की एक बैठक रविवार को तोरपा प्रखंड के टाटी भंडार टोली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ खूंटी जिलाध्यक्ष फागू साहू ने की। इस अवसर पर राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने वाले राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव का आगमन पांच अप्रैल को झारखंड की राजधानी रांची में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के बाद तेजस्वी यादव पहली बार झारखंड आ रहे हैं। उनके स्वागत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है और रांची में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष फागू साहू ने कहा कि इस स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने में खूंटी जिला की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण शून्य होने के कारण कई होनहार छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय जनता दल ही पिछड़ों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ने का काम कर रही है। बैठक में लक्ष्मीनाथ गोप, दुर्गा प्रजापति, बैजनाथ गोप, लखिन्द्र प्रजापति, चंदर महतो, पतंग लोहरा, लगनु महतो, अमर गोप, जगरनाथ प्रजापति, पुरन गोप, पवन महतो, सोमरा गोप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक कार्यकताओं को रांची पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

### रिंग रोड में स्कॉरपियो दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं

**रांची :** राजधानी रांची के रिंग रोड में रविवार को एक काले रंग की स्कॉरपियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्कॉरपियो पर सवार लोगों को हल्की चोटें लगने की सूचना हैं। जानकारी के मुताबिक रिंग रोड में चुट्टू पेट्रोल पंप के पास चालक का स्कॉरपियो पर से नियंत्रण खत्म हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गाड़ी तीन बार पलटी खाने के बाद डिवाईडर पर खड़ा हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अपने ही कार्यकर्ताओं की बलि दे रही कांग्रेस : प्रतुल शाह देव

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड की राजनीति में आज जो घटनाक्रम सामने आया है, वह कांग्रेस पार्टी की दिशा और नीयत दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सत्ता में बने रहने और मुख्यमंत्री को खुश करने के लिए कांग्रेस अब अपने ही समर्पित कार्यकर्ताओं की बलि लेने पर उतर आई है। प्रतुल ने कहा कि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव खांटी कांग्रेसी रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी उनके आंदोलन के तरीकों और कार्यशैली से सहमत नहीं रही है, लेकिन यह अत्यंत चिंताजनक है कि जिनका पूरा परिवार कांग्रेस समर्थक रहा, उसी कांग्रेस समर्थित सरकार में उनका घर कोर्ट में मामला लंबित होने के बावजूद तोड़ दिया गया। प्रतुल ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकार ने सुनना और बोलना दोनों बंद कर दिया है। कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद द्वारा उठाई गई आपत्ति इस बात का प्रमाण है कि अब असंतोष कांग्रेस के भीतर से ही फूट रहा है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि भाजपा तो शुरू से कहती रही है कि यह अबुआ नहीं, बबुआ सरकार है, लेकिन अब कांग्रेस के अंदर के नेता भी इस सच्चाई को स्वीकार करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि योगेंद्र साव को बिना किसी नोटिस के पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

# रांची में अब तक की सबसे विशाल और भव्य रामनवमी मनाई जाएगी : सीपी सिंह

## 175 अखाड़ों की बैठक में भव्य शोभायात्रा का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** श्री महावीर मंडल रांची महानगर की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को चैंबर भवन में आयोजित की गई, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से महावीर मंडल एवं अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय तिलक राज अजमानी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।




इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने सभी रामभक्तों से आगामी रामनवमी शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि इस वर्ष रांची में अब तक की सबसे विशाल और भव्य रामनवमी मनाई जाएगी।

महावीर मंडल रांची महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि जिन अखाड़ाधारियों को शोभायात्रा या झांकी निकालने में किसी प्रकार की समस्या हो रही है, वे महानगर के पदाधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

महामंत्री मुनचुन राय ने कहा कि महावीर मंडल सभी अखाड़ों और रामभक्तों के साथ मजबूती से खड़ा है और इस वर्ष रामनवमी को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। वहीं, प्रवक्ता बादल सिंह ने कहा कि रांची के रामभक्तों का उत्साह देखते हुए आने वाले समय में यहां की रामनवमी देश की सबसे बड़ी और भव्य धार्मिक उत्सव के रूप में स्थापित होगी।

बैठक के दौरान महावीर मंडल और विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्षों को अंगवस्त्र, तलवार और महावीरी झंडा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहित शारदा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शेखर शरण ने प्रस्तुत किया।

बैठक में रांची के करीब 175 अखाड़ों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर संरक्षक पवन बजाज, शेखर शरण, प्रेम वर्मा, अमरिंदर सिन्हा पप्पू, अजय बथवाल, रमेश बाली, शिव गुप्ता एवं अशोक चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बीएयू के 10 इंजीनियरिंग छात्र गेट परीक्षा में हुए सफल

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय (सीएई) के 10 छात्रों ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) 2026 में सफलता प्राप्त की है। प्रियांश रंजन सिंह (बैच 2021-22) ने सर्वोच्च 38 वीं रैंक हासिल की। वहीं परीक्षा में सफल हुए अन्य सफल छात्रों में राज कुमार, प्रत्यूष कुमार, आयुष कुमार, संकेत कुमार, अभिषेक कुमार, दिव्या कुमारी, दीपेश साव, अमित कुमार पाल और अनुप्रिया कुजूर शामिल हैं। महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ उत्तम कुमार ने रविवार को बताया कि सभी सफल अभ्यर्थी 2021-22 से 2023-24 बैच के हैं। यह अखिल भारतीय परीक्षा आईआईटी गुवाहाटी की ओर से 07 फरवरी 2026 को आयोजित की गई थी।

# सरहुल शोभायात्रा के दौरान बिछड़ा बच्चा रांची पुलिस की तत्परता से सुरक्षित परिजनों से मिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस की तत्परता से सरहुल की शोभायात्रा के दौरान बिछड़ा एक बच्चा सुरक्षित रूप से अपने परिजनों के पास पहुंच गया।



दरअसल, प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा के दौरान शनिवार रात राजधानी रांची के कचहरी चौक के पास भारी भीड़ में एक छोटा बच्चा अपने परिवार से बिछड़ गया। लावारिस हालत में मिले बच्चे को मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सौंप दिया।

पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे को सीसीआर कंट्रोल रूम में सुरक्षित रखा और उसकी पहचान तथा परिजनों की तलाश शुरू कर दी। कंट्रोल रूम से सभी थानों को सूचना भेजी गई, साथ ही वायरलेस और सोशल मीडिया के माध्यम से भी बच्चे के परिवार तक पहुंचने का प्रयास किया गया।

रविवार की सुबह लगभग 10 बजे बच्चे के परिजनों की पहचान हो गई। इसके बाद उसकी दादी और मौसी सीसीआर कंट्रोल रूम पहुंचीं। परिजनों ने बताया कि बच्चे की मां का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि पिता बीमार हैं। शोभायात्रा के दौरान भीड़ में बच्चा उनसे बिछड़ गया था।

परिजनों ने रातभर अपने स्तर पर बच्चे की तलाश की, लेकिन भारी भीड़ के कारण सफलता नहीं मिली और वे निराश होकर घर लौट गए थे। सुबह मोहल्ले के लोगों से जानकारी मिलने पर वे तुरंत कंट्रोल रूम पहुंचे। इस दौरान बच्चा शुरूआत में अपनी दादी और मौसी के साथ जाने में झिझक रहा था। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर कोतवाली और गोंदा थाना की पुलिस गश्ती टीम ने बच्चे और उसके परिजनों को पुलिस वाहन से सुरक्षित उनके गोंदा थाना क्षेत्र स्थित हथिया गोंदा स्थित घर पहुंचाया।

घर पहुंचने पर बच्चे की उसके बीमार पिता से मुलाकात कराई गई। आवश्यक सत्यापन के बाद बच्चे को औपचारिक रूप से परिजनों को सौंप दिया गया। अपने परिवार से मिलकर बच्चा काफी खुश नजर आया। परिजनों ने इस मानवीय पहल के लिए रांची पुलिस का आभार जताया।

# प्रकृति ही मानव सभ्यता की सबसे बड़ी संरक्षक : संजीव कुमार

## ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैंप 'प्रकृति 2026' का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्प्रिंग आर्ट कैंप-2026 का समापन रविवार को "प्रकृति 2026" थीम के साथ हुआ। विश्व जल दिवस के अवसर पर संपन्न हुए इस आयोजन ने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्द्धन का सशक्त संदेश दिया।



समापन समारोह में राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ हॉफ) संजीव कुमार ने कहा कि प्रकृति मानव सभ्यता की सबसे बड़ी संरक्षक है। उन्होंने कहा, जब कलाकार का हृदय प्रकृति के लिए धड़कता है, तब उसके कैनवास पर केवल चित्र नहीं उभरते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए चेतना, करुणा और संरक्षण का संदेश भी आकार लेता है।

उन्होंने कहा कि इस कला शिविर का समापन विश्व जल दिवस पर होना अत्यंत सार्थक है, क्योंकि जल जीवन का मूल आधार है और वन पर्यावरणीय संतुलन के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, यदि जल बचेगा तो कल बचेगा, यदि वन बचेंगे तो जीवन बचेगा और यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तो मानवता भी सुरक्षित रहेगी।

तीन दिवसीय यह कला महोत्सव केवल चित्रकला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और जनजागरूकता का एक प्रभावी अभियान बनकर सामने आया। देशभर से आए कलाकारों ने अपने कैनवास पर वनों की हरियाली, नदियों की लय, पक्षियों का सौंदर्य, वन्यजीवों की गरिमा और पर्यावरणीय चुनौतियों को जीवंत रूप में उकेरा।

समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। सरायकेला के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय संस्कृति और प्रकृति का संबंध केवल परंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, कलाकारों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया।

### श्री श्याम संघ के रक्तदान शिविर में 113 यूनिट रक्त संग्रहित

**रांची :** श्री श्याम संघ की ओर से रविवार को माहेश्वरी भवन में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 113 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि रांची नगर निगम की मेयर रोशनी खलखो ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हर किसी को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। मौके पर शिविर के संयोजक अभिषेक चौधरी और रूपेश लोहिया ने कहा कि शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में जागरूकता फैलाना है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बाबूलाल मरांडी ने पूर्व डीएफओ के खिलाफ की एफआइआर की मांग, एसीबी को लिखा पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची वन प्रमंडल में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से प्राथमिकी दर्ज कर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने एसीबी के उपमहानिदेशक (एडीजी) को पत्र लिखकर तत्कालीन मंडलीय वन अधिकारी (डीएफओ) राजीव लोचन बख्शी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं।



मरांडी ने रविवार को लिखे अपने पत्र में कहा है कि वर्ष 2013 से 2018 के बीच करोड़ों रुपये की गड़बड़ी हुई। ऑडिट रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि लगभग 1.80 करोड़ रुपये की सामग्री खरीद से संबंधित मूल वाउचर गायब हैं। वहीं, 5.45 करोड़ रुपये से अधिक के मजदूरी भुगतान से जुड़े मस्टर रोल संदिग्ध पाए गए हैं। इससे फर्जी भुगतान और सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई गई है।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई मस्टर रोल में मजदूरों के भुगतान को बैंक खातों के बजाय नकद दिखाया गया, जो नियमों के विपरीत है और अनियमितताओं की ओर इशारा करता है।

वन भूमि से जुड़े मामले को भी गंभीर बताते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि करीब 7.35 हेक्टेयर वन भूमि के उपयोग में नियमों का उल्लंघन किया गया। बिना आवश्यक सरकारी अनुमति के निर्णय लेकर संबंधित एजेंसियों को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा, कैंपा फंड और अन्य योजनाओं के तहत जारी किए गए करोड़ों रुपये के अग्रिम भुगतान का समायोजन नहीं किया गया, जो वित्तीय अनियमितताओं को छिपाने की कोशिश दर्शाता है।

नेता प्रतिपक्ष ने एसीबी से मांग की है कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाए। साथ ही पूरे मामले की फॉरेंसिक ऑडिट कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### मोदी जी का 'मन की बात' देश की सामूहिक शक्ति को बढ़ाने वाला कार्यक्रम है : बाबूलाल

**रांची :** भाजपा के रांची प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 29 मार्च को प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम को लेकर जिला स्तर के संयोजकों और सह संयोजकों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी, व्यापक जनभागीदारी और संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम आज देश के जन-जन से जुड़ चुका है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री देश की जनशक्ति को जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस कार्यक्रम में झारखंड की प्राकृतिक धरोहरों, गुमनाम सामाजिक कार्यकर्ताओं और महापुरुषों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब ने 'किड्स कार्निवल' का किया आयोजन, बच्चों ने सीखे नए कौशल




**रांची :** रोटरी क्लब ऑफ रांची की ओर से रविवार को 'किड्स कार्निवल' का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 60 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा और वास्तुकार राजीव चड्ढा ने संयुक्त रूप से किया। कार्निवल के दौरान बच्चों को दीया (मिट्टी का दीपक) बनाना, ब्लॉक पेंटिंग, कोस्टर पेंटिंग और खाने-पीने के शिष्टाचार (डाइनिंग एटिकेट्स) जैसी गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मक और व्यावहारिक कौशल सिखाए गए। इसके साथ ही बच्चों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों में भाग लिया और स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया। कार्यक्रम में स्वाति काबरा ने बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया, जबकि रितिका लखोटिया ने उन्हें डाइनिंग एटिकेट्स की जानकारी दी। इस आयोजन को सफल बनाने में खुशबू राजगढ़िया, ऋचा कौर, रश्मि अग्रवाल, आस्था बहल, रितिका लखोटिया और सुनीता वाधवा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हों।

### आदित्य साहू ने सरकार प्रमुख के रूप में 8,931 दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी को दीं शुभकामनाएं



**रांची :** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के प्रमुख के रूप में 8931 दिन पूरे होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। आदित्य साहू ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने इस उपलब्धि के साथ पवन कुमार चामलिंग का रिकॉर्ड पार कर नया इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित और पिछड़े समाज की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग 13 वर्षों तक गुजरात की जनता की सेवा की और पिछले करीब 12 वर्षों से देश की 140 करोड़ जनता की सेवा में निरंतर समर्पित हैं। आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री को एक ऐसे प्रधान सेवक के रूप में वर्णित किया, जिन्होंने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली और अपना संपूर्ण जीवन देश सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने भगवान हनुमान के कथन रामकाज किन्हें बिना मोहि कहां विश्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बिना थके और बिना रुके विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, सशक्त और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में लगे हुए हैं। अंत में आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री मोदी के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके कुशल नेतृत्व में आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

### 26 मार्च से बदलेगा मौसम, गर्जन-बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी



**रांची :** झारखंड में मौसम एक बार फिर से 26 मार्च से करवट लेगा। इस दौरान गर्जन, हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, 26, 27 और 28 मार्च को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, 26 मार्च को राज्य के दक्षिणी जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात हो सकती है। इसी प्रकार 27 और 28 मार्च को भी राज्य के अन्य हिस्सों में गर्जन बारिश और वज्रपात को लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32.1 डिग्री और सबसे कम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची में शनिवार को बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में 07 डिग्री की कमी दर्ज की गई। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान जहां 33 डिग्री था, वही रविवार को तापमान गिर कर 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इनमें जमशेदपुर में 04 डिग्री, डाल्टनगंज में 07 डिग्री और बोकारो में अधिकतम तापमान में 01 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज की गई। इस प्रकार राज्य भर में तापमान में सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को रांची में अधिकतम 26.4 और न्यूनतम 13.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूनतम 17.4 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम 29.4 और न्यूनतम 16.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह बोकारो में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री और न्यूनतम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम 31 डिग्री और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### योगदा सत्संग सोसाइटी का 109वां स्थापना दिवस 4 छात्रों को मिली 5 लाख रुपये की छात्रवृत्ति

**रांची :** रविवार को योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया का 109वां स्थापना दिवस रांची आश्रम के ध्यान मंदिर में श्रद्धा और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और साधक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत परमहंस योगानन्द द्वारा सिखाए गए एनर्जाइजेशन एक्सरसाइज से हुई, जिसके बाद प्रार्थना, भजन-कीर्तन और ध्यान किया गया। पूरे वातावरण में शांति और भक्ति का भाव देखने को मिला, जिससे उपस्थित लोगों ने आंतरिक सुकून और आध्यात्मिक अनुभव महसूस किया। कार्यक्रम का समापन भजनों, पुष्पांजलि और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

इस अवसर पर छात्रवृत्ति वितरण समारोह भी आयोजित किया गया, जो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। स्वामी श्रद्धानन्द द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी और बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा के चार मेधावी छात्रों को परमहंस योगानन्द छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। इन छात्रों को उनकी पढ़ाई के लिए कुल 5 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की यह पहल शिक्षा और सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## एक नजर

### प्रेस क्लब कोडरमा की हुई बैठक, नया चुनाव कराने का निर्णय

**कोडरमा :** रविवार को परिसदन में प्रेस क्लब कोडरमा की बैठक हुई जिसमें प्रेस क्लब का चुनाव कराने, सदस्यता अभियान चलाने और संगठन हित में कार्य करने का निर्णय लिया गया। लगभग 4 साल बाद हुई इस बैठक की अध्यक्षता सतीश कुमार जबकि संचालन गौतम राणा ने किया। इसमें संरक्षक मंडल के सदस्य संजीव समीर, मनोज कुमार झुन्नू, विकास कुमार, बिनोद विश्वकर्मा, अनूप सिन्हा के अलावा उमा शंकर, संजय साजन, आफताब आलम, बिनोद वर्णवाल, गजेंद्र बिहारी, नुनेश्वर यादव, अयूब खान, मो जावेद, महेश भारती, राजू खान, भोला शंकर, अमित कुमार, संतोष राणा, मनोज सोनी, प्रदीप सिन्हा, राजेश यादव, ओम प्रकाश समेत अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में तय किया गया कि संरक्षण मंडली बैठक कर चुनाव की तिथि और प्रक्रिया का निर्णय लेगी और अप्रैल महीने में चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। वहीं नए सदस्यों का फॉर्म भराकर सदस्य बनाया जाएगा जिसके लिए सदस्यता शुल्क 3100 रुपये निर्धारित किया गया। इस दौरान प्रेस क्लब के कोष को बढाने पर भी चर्चा की गयी। बैठक में कुछ लोगों का कहना था कि खखअ या अन्य यूनियन से जुड़े लोग प्रेस क्लब के सदस्य नहीं रह सकते हैं। इस पर कड़ा विरोध किया गया और कहा गया कि प्रेस क्लब अलग है, यूनियन अलग है। कोई भी किसी भी यूनियन से जुड़कर रह सकता है। अंततः इसको स्वीकार कर लिया गया और प्रेस क्लब में मान्यता प्राप्त अखबारों, चैनलों से जुड़े लोगों को सदस्यता देने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस बार के चुनाव में नए लोगों की सहभागिता नहीं होगी।

### नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने की मां कूष्मांडा की आराधना

**कोडरमा :** चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर झुमरी तिलैया के प्रसिद्ध देवी मण्डप में रविवार को भगवती जगदम्बा के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। वहीं देवी मण्डप के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पाण्डेय ने कहा कि देवी दुर्गा का यह स्वरूप रोग दोष से मुक्ति दिलाता है, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मां कूष्मांडा ने ही सृष्टि को आकार दिया था। देवी कूष्मांडा को आदिशक्ति, ताकतवर और ज्ञान के पर्याय का भी प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि मां कूष्मांडा की पूजा से भक्तों के सभी तरह के रोग, कष्ट और शोक दूर होते हैं और जीवन में यश-कीर्ति मिलती है। वहीं मंदिर में पूजन के दौरान आचार्य बरुण पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, लक्ष्मी कान्त पाण्डेय, छोटे लाल पाण्डेय, हीरालाल पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, ऋषि कांत पाण्डेय, अक्षय पाण्डेय, आशुतोष कश्यप, दिलीप सहाय, राजकुमारी सहाय,जितेंद्र, पूजा, डोली, संध्या, समेत भारी संख्या में भक्तों का तांता भी लगा रहा।

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी तेज, अरविंद चौधरी बने संयोजक

**झुमरी तिलैया :** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की एक बैठक हुई । बैठक में आगामी एक और दो अप्रैल को मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री अडडी बांग्ला में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मंडल का 45 वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। एक अप्रैल को सुबह 7:00 बजे स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर से झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो कि नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री पहुंचकर संपन्न होगी। इसके बाद 11:00 बजे से सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन होगा।

## विश्व जल दिवस पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# लोगों को जागरूक करने के साथ अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचना उद्देश्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** विश्व जल दिवस के अवसर पर पंचायत भवन पिपराडीह चंदवारा में रविवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। विश्व जल दिवस प्रत्येक साल 22 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य लोगों को जल के महत्व को समझाना है। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज भी दुनिया में लाखों लोग स्वच्छ जल से वंचित है। हमें पानी के एक-एक बूंद की कीमत समझनी चाहिए। पानी बचाना सिर्फ जिम्मेवारी नहीं हमारा कर्तव्य भी होना चाहिए। आने वाले पीढियों के लिए जल संचयन बहुत आवश्यक है। इसके लिए हम सभी मिलकर 'जल बचाओ जीवन बचाओ 'का संकल्प ले। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचना है। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता नवल किशोर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वही एलईडीसीएस अधिवक्ता राजेंद्र मंडल ने नशा एवं डायन विषाही पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। वही अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना या कराना या उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय अपराध है, इसकी रोकथाम करना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। इसके दोषियों को दो साल तक कि सजा एवं एक लाख रुपये तक का जुर्माना है। इसकी रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविकाएं, बाल संरक्षण समिती सहित बाल विवाह निषेध पदाधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा, रमाकांत मिश्रा सर के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करने के साथ संस्कारीत करना है। उन्होंने कहा की बाल मजदूरी, शिक्षा का अधिकार, बाल तस्करी, पर भी जानकारी दी।

## इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए कोडरमा महिला टीम रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 23 महिला टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम मैनेजर ओमप्रकाश और राजु रंजन सिन्हा तथा कप्तान सृष्टि कुमारी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय टीम देवघर के लिए रवाना हो गई। कोडरमा की टीम अपना पहला मैच 23 मार्च को देवघर से, 24 मार्च को गिरिडीह से और 25 मार्च को पाकुड़ से खेलेगी। ज्ञात हो कि यह टूर्नामेंट झारखंड के चार जिला चाईबासा, हजारीबाग, देवघर और जमशेदपुर में खेला जा रहा है। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 31 मार्च को चाईबासा में खेला जायेगा। उक्त आशय की जानकारी केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

## वार्ड पार्षद नीरज कर्ण को राष्ट्रीय-प्रदेश नेतृत्व की बधाई, समाज ने किया भव्य सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद नीरज कर्ण को उनकी शानदार जीत पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय एवं प्रदेश अध्यक्ष, सी बी सहाय झारखंड द्वारा हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई फोन के माध्यम से दी गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए कहा कि नीरज कर्ण समाज की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए जनसेवा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेंगे। इस मौके पर समाज के लोगों में भी काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर नीरज कर्ण को सम्मानित किया। लोगों ने उनकी जीत को समाज की एकता, विश्वास और जनसमर्थन की जीत बताया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नीरज कर्ण की जीत केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि पूरे समाज की आवाज और विकास की सोच की जीत है। उन्होंने विश्वास जताया कि नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद अपने क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, सफाई, शिक्षा और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए बेहतर कार्य करेंगे। सम्मान समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने नीरज कर्ण को फूल-मालाओं एवं शॉल से सम्मानित करते हुए उनके प्रति अपना समर्थन और स्नेह व्यक्त किया। इस दौरान माहौल उत्साह, हर्ष और उल्लास से भरा रहा। अपने सम्मान से अभिभूत नीरज कर्ण ने सभी समाजबंधुओं, वरिष्ठजनों, युवाओं एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत आप सभी के विश्वास, प्रेम और आशीर्वाद की जीत है।

## रामगढ़ में विश्व जल दिवस पर जागरूकता अभियान, जल संरक्षण का संदेश




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** विश्व जल दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिले में जल संरक्षण और विधिक अधिकारों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रामगढ़ द्वारा आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य आम लोगों को जल के महत्व के साथ-साथ उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकार मित्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने आमजन को स्वच्छ जल के उपयोग, जल संरक्षण के उपायों तथा जल से जुड़े कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। जागरूकता अभियान के तहत लोगों के बीच पाम्फलेट का वितरण कर उन्हें जल बचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जल एक अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है, जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने वर्षा जल संचयन, जल का समुचित उपयोग और जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने जैसे उपायों को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के न्याय रक्षकों ने भी भागीदारी निभाई। उन्होंने लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, मौलिक अधिकारों और जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध कानूनी सेवाओं के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि किसी भी विधिक समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में विशेष रूप से गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया गया।

## दिल्ली रैली के लिए झारखंड से कार्यकर्ताओं का जत्था रवाना : संजय पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 24 मार्च को रामलीला मैदान दिल्ली में आयोजित जन आक्रोश रैली में भाग लेने के लिए कोडरमा सहित पूरे झारखंड से रविवार को सैकड़ों लोग रवाना हुए. इस संबंध में सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली में मेहनतकशों किसान मजदूरों और गरीबों की आवाज गुंजेगी। सीपीएम पार्टी द्वारा आयोजित यह रैली देश में बढ़ती आर्थिक संकट, बेतहाशा महंगाई, भयावह बेरोजगारी और किसान मजदूरों पर बढ़ते हमले के खिलाफ किया जा रहा है। मोदी सरकार ने शर्मनाक तरीके से अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण करते हुए व्यापार समझौता किया है. जिससे भारत के किसानों पर बुरा असर पड़ेगा। वीभी ग्रामजी योजना लाकर रोजगार गारंटी वाले कानून मनरेगा को खत्म कर दिया है। जिससे मजदूरों का पलायन बढ़ जायेगा. बिजली विधेयक लाकर स्मार्ट मीटर परियोजना लागू करके आम उपभोक्ताओं के शोषण का रास्ता तैयार कर दिया है। वहीं बीज विधेयक के माध्यम से देश के किसानों को बीज रखने का अधिकार भी छीन लिया है। 4 लेबर कोड लाकर काम के घंटे 8 के बजाय 12 घंटा तक कर दिया है। जिसमें परमानेंट होने और न्यूनतम वेतन की कोई गारंटी नहीं है। क्वालिटी आधारित शिक्षा समाप्त हो रही है, स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब है। बैंक, बीमा, रेलवे व खनिजों को बड़े कॉर्पोरेट्स घरानों के हांथों बेच दिया जा रहा है। मेहनतकश जनता के बीच फूट डाला जा रहा है, हर जगह दंगा फसाद और हिन्दू मुस्लिम के नाम पर देश को कमजोर किया जा रहा है।

# 8,931 दिन पूरे होने पर पीएम नरेंद्र मोदी को भाजपा रामगढ़ की बधाई, कार्यकर्ताओं ने बताया सुशासन का दौर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन के 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर भाजपा रामगढ़ जिला इकाई ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं ने इस उपलब्धि को सेवा, समर्पण और मजबूत नेतृत्व का प्रतीक बताया। प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि यह 8,931 दिन केवल समय का आंकड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसे नेतृत्व की कहानी है जिसने देश को विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया। उन्होंने इसे ह्यअन्त्योदय से अमृत कालह्न तक की यात्रा बताते हुए कहा कि यह दौर निर्णायक फैसलों और दूरदर्शी सोच का परिचायक रहा है। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि वैश्विक संकट के समय में भारत ने न केवल स्वदेशी टीका विकसित किया, बल्कि अन्य देशों की भी मदद की। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर चुनौतियों का मजबूती से सामना किया गया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का निरंतर समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा है और ह्यराष्ट्र प्रथमह्न की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना भी की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था की बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यकताओं ने कहा कि यह लंबा कार्यकाल गरीब कल्याण, सुशासन और विकास को समर्पित रहा है। इस मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा, अविनेश कुमार, इला रानी पाठक, अमरेंद्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार, संजय कुमार सिंह, प्रिया करमाली, शशि भूषण भगत, राजीव जायसवाल, अनिल राय, कुमेल उरांव, रंजन फौजी, राजेंद्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, दिलीप सिंह, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर, अशोक कुमार सोनी, राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, संतोष शर्मा, प्रवीण कुमार, धीरज साहू, कुश श्रीवास्तव, शीतल सिंह, सन्नी कुशवाहा, रिंकू प्रसाद, संजय कुमार रजक, शंकर करमाली और वारिश खान सहित कई कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। भाजपा रामगढ़ ने इस उपलब्धि को देश के विकास और स्थिर नेतृत्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया और इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 12 साल बाद सुलझी राशन की समस्या, जनता दरबार में धनंजय पुटूस की पहल से मिला न्याय




**रामगढ़ :** जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण पेश करते हुए भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने अपने जनता दरबार के माध्यम से एक जरूरतमंद की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान कराया। मुकेश कुमार नामक व्यक्ति की करीब 12 वर्षों से लंबित राशन संबंधी समस्या का त्वरित पहल के जरिए समाधान किया गया, जिससे उसे बड़ी राहत मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार बीते 12 वर्षों से राशन कार्ड से जुड़ी समस्या को लेकर विभिन्न सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे। हर बार उन्हें आश्वासन तो मिला, लेकिन समाधान नहीं हो सका। लगातार प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर उन्होंने जनता दरबार में अपनी बात रखी। मामले की गंभीरता को देखते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया और व्यक्तिगत रूप से मामले की लगातार मॉनिटरिंग की। उनके प्रयासों और प्रशासनिक समन्वय के परिणामस्वरूप लंबित समस्या का समाधान संभव हो सका। समस्या के समाधान के बाद मुकेश कुमार ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें वर्षों बाद न्याय मिला है। उन्होंने धनंजय पुटूस के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जनता दरबार उनके लिए उम्मीद की किरण साबित हुआ। इस अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना संकोच अपनी समस्याएं जनता दरबार में रखें, ताकि उनका त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजिता टोप्पो एवं अमित तिवारी के प्रति भी आभार व्यक्त किया। यह पहल जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और जवाबदेही का उदाहरण है, जो दशार्ती है कि सही पहल और इच्छाशक्ति से वर्षों पुरानी समस्याओं का भी समाधान संभव है।

### बीएफसीएल में विश्व जल दिवस पर शपथ जल बचाने का संकल्प




**रामगढ़ :** विश्व जल दिवस के अवसर पर रामगढ़ स्थित बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग लिमिटेड में रविवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी ने पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कर्मचारियों के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत जल संरक्षण शपथ ग्रहण के साथ हुई, जिसमें कर्मचारियों ने जल संसाधनों के संरक्षण, विवेकपूर्ण उपयोग और सतत उपाय अपनाने का संकल्प लिया। सभी ने एक स्वर में जल बचाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इसके बाद संयंत्र परिसर में जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें जल के महत्व, उसके संरक्षण के उपायों और सामूहिक जिम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने जल संकट की बढ़ती चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में स्थिति गंभीर हो सकती है। इस वर्ष की थीम ह्यजल और लैंगिक समानता तथा संदेश ह्यजहां जल बहता है, वहां समानता बढ़ती है को कार्यक्रम के केंद्र में रखा गया। वक्ताओं ने कहा कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके योगदान के बिना सतत विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जल संरक्षण के प्रति अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। संस्थान द्वारा वर्षा जल संचयन और कम उपयोग, पुनः उपयोग तथा पुनर्चक्रण जैसे सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। इन प्रयासों के माध्यम से जल संरक्षण को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विभाग द्वारा किया गया, जिनके प्रयासों से यह आयोजन न केवल सफल रहा, बल्कि कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक भी साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को जल संरक्षण के महत्व को जीवन में उतारने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया, ताकि जल संकट से निपटने में सामूहिक प्रयास सफल हो सके।

### राधा गोविन्द विवि में 460 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, पारदर्शी तरीके से हुई भर्ती प्रक्रिया



**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ में विभिन्न शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के लिए रविवार को भव्य साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रक्रिया में कुल 460 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विश्वविद्यालय परिसर में दिनभर साक्षात्कार को लेकर उत्साह और सक्रियता का माहौल बना रहा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, प्रशासनिक अधिकारियों, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, अस्पताल प्रशासनिक पदों तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर प्रारंभिक छंटनी की गई, जिसके बाद योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया। साक्षात्कार के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विषय विशेषज्ञों की समिति ने अभ्यर्थियों के ज्ञान, शिक्षण कौशल, संचार क्षमता और व्यक्तित्व का सूक्ष्म मूल्यांकन किया। विशेष रूप से शिक्षण पदों के लिए उम्मीदवारों से डेमो क्लास भी ली गई, ताकि उनकी पढ़ाने की दक्षता और विषय पर पकड़ का आकलन किया जा सके। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने बताया कि पूरी चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और पूरी तरह योग्यता आधारित रखा गया है। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार समय पर सूचना दी जाएगी। विश्वविद्यालय का उद्देश्य योग्य और सक्षम शिक्षकों तथा कर्मचारियों की नियुक्ति कर शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाना है। इस भर्ती प्रक्रिया का उद्देश्य विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और प्रशासनिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि नए चयनित शिक्षक और कर्मचारी संस्थान के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान-सह-समापन समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** विश्व जल दिवस के अवसर पर रविवार को जिला समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सम्मान-सह-समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त, मुखिया एवं जलसहिया की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-2, धनबाद मुकेश कुमार मंडल ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में क्रियान्वित योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित मुखियाओं एवं जलसहियाओं के साथ साझा की। इस अवसर पर विभिन्न पंचायतों से आए मुखियाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों एवं योजनाओं के रख-रखाव से संबंधित अनुभव साझा किए। वहीं, जिले के विभिन्न ग्रामों से आई जलसहियाओं ने योजनाओं के स्व-रखरखाव तथा जलकर वसूली में आ रही समस्याओं पर प्रकाश डाला। जिला समन्वयक ने जल संरक्षण पर बल देते हुए वर्षा जल संचयन के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान जल स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखियाओं, प्लंबर एवं जलसहियाओं को उप विकास आयुक्त की ओर से शॉल, मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त ने सभी मुखियाओं एवं जलसहियाओं से अपील की कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए अपने क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं नलकूपों को सुचारू रूप से संचालित रखें, ताकि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सामूहिक शपथ भी ली। उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में जल समिति की ओर से प्रत्येक माह की 10 तारीख को बैठक आयोजित की जाए तथा 15 तारीख को प्रखंड स्तर पर बैठक सुनिश्चित की जाए, जिसमें संबंधित कनीय अभियंता की उपस्थिति अनिवार्य हो। उन्होंने यह भी कहा कि जलकर का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को तीन बार नोटिस देने के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनके पाइपलाइन कनेक्शन काटे जाएं। कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारी, मुखिया, जलसहिया एवं अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## रामजन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत, हिन्दू एकता पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत कोरला ग्राम में रविवार को रामजन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत उत्साह और श्रद्धा के साथ की गई। इस अवसर पर आसपास के कई गांवों और पंचायतों से बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में धार्मिक और सामाजिक एकता को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन उपस्थित थे। उनके साथ खूंटी जिला अध्यक्ष विनोद जायसवाल तथा जिला मंत्री एमपी सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में हिन्दू समाज को संगठित और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विनोद जायसवाल ने कहा कि खूंटी जिले में रामजन्मोत्सव के अवसर पर लगभग डेढ़ सौ कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार 2 अप्रैल तक विभिन्न गांवों में आयोजित किए जाएंगे, जिससे समाज में धार्मिक जागरूकता और एकता का संदेश पहुंचेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सोटेया और उमेश मांझी ने की। दोनों ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में भाजपा तोरपा प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को अवगत कराया।

## बारहा दिशोम जाहेर गाड़ का विधायक मंगल कालिंदी ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा :** झारखंड सरकार के द्वारा बोड़ाम प्रखंड के बोड़ाम पंचायत के चिरुघुटू में निर्मित बारहा दिशोम जाहेर गाड़ स्थल का विधायक मंगल कालिंदी ने फीता काटकर किया।संबोधन में विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि झारखंड में जल जंगल जमीन की रक्षा आदिवासियों की देन है।हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के सभी जाहिर स्थान का घेराबंदी करवाकर सुरक्षित करवाया।इस दौरान बोड़ाम पंचायत के चिरुघुटू में 3 करोड़ 76 लाख की योजना देकर घेराबंदी करने का काम किया। जानकारी देते हुए छूटू लाल हांसदा ने बताया कि इस बारहा दिशोम जाहेर गाड़ स्थल का उद्घाटन विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा किया गया।इसके पूर्व समाजिक परम्परा के अनुसार विधिवत पूजा अर्चना की गई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि महावीर मर्म, पूर्व विधायक कुणाल शारंगी पार्षद गीतांजलि महतो, मानिक महतो, परगना कमला कांत मुर्मू ,विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, बीडीओ किकू महतो, छूटू लाल हांसदा, मटुक बेसरा, मकर हेंब्रम,बिदू सोरेन, जलन मांडी, नगेन हांसदा, चैतन हेंब्रम, सुधीर, अमृत, शंभू, राम, दुलाल, सुभाष कर्मकार, अश्वनी महतो, दीपांकर महतो, पार्षद प्रदीप बेसरा,जीतू लाल मुर्मू सहित काफी संख्या में समाजिक कार्यकर्ता समाजिक परिधान में शामिल हुए। सभी पारंपरिक बाद्य यंत्र पर थिरकते दिखे।

## विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जल संरक्षण पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** जल जीवन मिशन के तहत आठ से 22 मार्च तक जिले में चलाए गए जल महोत्सव पखवाड़ा के समापन के अवसर पर बिरसा कॉलेज, खूंटी के बहुउद्देश्यीय सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, जल स्त्रोतों के संरक्षण और जल के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, झारखंड मनोहर मरांडी, मुख्य अभियंता सीडीओ, मुख्य अभियंता वॉटर क्वालिटी, अधीक्षक अभियंता रांची, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कार्यपालक अभियंता मनीष कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य और जल जीवन मिशन की गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल के समुचित उपयोग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू हुए जल महोत्सव पखवाड़ा के दौरान उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत जल संरक्षण रैली, ग्राम सभाएं, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूकता अभियान, स्कूलों में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता तथा जल अर्पण जैसे कार्यक्रम शामिल रहे।

## एनआरएआई राष्ट्रीय कोचिंग कोर्स में 33 कोच हुए प्रशिक्षित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** राष्ट्रीय राइफल संघ भारत की ओर से झारखंड राज्य राइफल संघ के सहयोग से आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कोर्स का रविवार को समापन हो गया। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांच राज्यों से कुल 33 कोचों ने भाग लिया, जिनमें झारखंड के 19 कोच शामिल रहे। कोर्स को इस तरह तैयार किया गया था कि इसमें तकनीकी दक्षता के साथ-साथ खेल विज्ञान, कोचिंग पद्धति और व्यावहारिक प्रशिक्षण को एक साथ जोड़ा जा सके, जिससे प्रतिभागियों को समग्र और उपयोगी अनुभव प्राप्त हो। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सत्रों का संचालन ओलंपियन एवं भारतीय टीम के कोच संजीव राजपूत और कोच विद्या जाधव ने किया। इन सत्रों में हथियारों के सुरक्षित संचालन, शूटिंग तकनीकों, त्रुटि सुधार और प्रतियोगिता की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की खास बात खेल विज्ञान पर विशेष जोर रहा। स्पोर्ट्स साइकोलॉजी सत्र में ननकी चड्ढा ने कोचों को मानसिक प्रदर्शन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे लक्ष्य निर्धारण, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और कोच-एथलीट के बीच प्रभावी संवाद की बारीकियां सिखाईं। वहीं न्यूट्रिशन विशेषज्ञ चार्वी बाजाज ने संतुलित आहार, हाइड्रेशन और रिकवरी के महत्व को विस्तार से समझाया, जिससे एथलीट के प्रदर्शन में निरंतरता लाई जा सके। स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग सत्र में विजेंद्र पाल सिंह ने शूटिंग खिलाड़ियों के लिए आवश्यक शारीरिक संतुलन, मुद्रा, मांसपेशीय सहनशक्ति और थकान प्रबंधन पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने वार्म-अप और कूल-डाउन की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया।

# मंत्री ने की रोरो नदी पर पुल निर्माण की शुरूआत, बढ़ेगी कनेक्टिविटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत रोरो नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास रविवार को किया गया। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत बनने वाले इस पुल की आधारशिला मंत्री दीपक बिरुवा ने विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर रखी। करीब 04 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल सदर प्रखंड के गाईसूटी पंचायत स्थित कांकी से गिनडीमुंडी को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्मित होगा। पुल के तैयार होने के बाद चाईबासा और सरायकेला जिले के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा, जिससे क्षेत्रीय आवागमन पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों की लंबे समय से इस पुल की मांग रही है। बरसात के दिनों में रोरो नदी पार करना मुश्किल हो जाता था, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में पुल निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के गांवों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है और हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी, मंगल सिंह तियू, मानाराम कुदादा, राजू सुंडी, प्रधान गोप, मनीष सुंडी और मुखिया अनिता तियू सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### जंगल में महुआ चुनने गए बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**पलामू :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड स्थित माड़न पंचायत के केरकी गांव के जंगल में रविवार सुबह एक बुजुर्ग व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान केरकी गांव निवासी राजदेव पासवान के रूप में हुई है। राजदेव अपनी पत्नी के साथ सुबह महुआ चुनने जंगल गए थे। सुबह करीब सात बजे उनकी पत्नी नाश्ता लाने के लिए घर लौट गई थीं। जब वह वापस जंगल पहुंचीं, तो देखा कि उनके पति को गोली मारी गई है और वह मौके पर ही मृत पड़े हैं। पत्नी के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। इधर, पलामू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मनोज कुमार झा भी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है और परिजनों से पूछताछ कर मामले की तहकीकात की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी मौके पर पहुंचे। मुखिया प्रतिनिधि रफीक अंसारी, जिला परिषद सदस्य खुशबू कुमारी और समाजसेवी मंटू शर्मा ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से जल्द मामले का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही है।

### शहीदों की याद में निकली अखंड तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

**पूर्वी सिंहभूम:** शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जमशेदपुर में देशभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जब नमन संस्था के तत्वावधान में अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से शुरू हुई इस भव्य तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, महिलाएं, बच्चे और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ी और पूरे रास्ते भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह यात्रा के आयोजक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आमतौर पर देशवासी 15 अगस्त और 26 जनवरी को तिरंगा फहराते हैं, लेकिन शहीदों की याद में इस तरह की तिरंगा यात्रा निकालना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च 1931 को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी, जिसकी याद में हर वर्ष यह यात्रा निकाली जाती है। इस बार शहीद दिवस से एक दिन पहले ही यह आयोजन कर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, विहिप के जिला अध्यक्ष अरुण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की पत्नी की मौत

**पूर्वी सिंहभूम:** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कोवाली गांव में शनिवार देर रात सड़क हादसे में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेलाराम बेसरा की पत्नी रिंती महाली की मौत हो गई। घटना से इलाके में शोक का माहौल है। बताया जाता है कि खेलाराम बेसरा अपनी पत्नी रिंती महाली को मोटरसाइकिल से लेकर कोवाली से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोवाली बाजार के पास हरिणा सरहुल कार्यक्रम से लौट रही एक अनियंत्रित टाटा मैजिक ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रिंती महाली बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

## संक्षिप्त खबरें

### नहाय-खाय के साथ सूर्योपासना का चार दिवसीय पर्व चैती छठ शुरू



खूंटी: नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ रविवार से सूर्योपासना का चार दिवसीय पर्व चैती छठ रविवार से शुरू हो गया। व्रतियों ने पूर्ण शुद्धता के साथ कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही लोक आस्था का पर्व चैती छठ शुरू हो गया। चैती छठ पर्व के दूसरे दिन सोमवार को खरना अनुष्ठान होगा और मंगलवार 24 मार्च को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्ध्य प्रदान किया जाएगा। वहीं बुधवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन हो जायेगा। इस बीच चैती छठ महापर्व को लेकर व्रतियों के घरों में सुंदर सजावट की गई है। साथ ही बज रहे छठ की मधुर गीतों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### सिल्ली थाना ने तलाब से 27 वर्षीय युवक का शव बरामद किया

**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत छाताटाढ निवासी भोला रजक उम्र 27 वर्ष की शव सिल्ली थाना ने रविवार की सुबह सुलुमजुडी छाताटाढ रोड सतपोखर शामकाली तालाब से बरामद किया। जानकारी के अनुसार मृतक भोला रजक की बहन ममता देवी ने बताया कि काम करके घर शाम में पांच बजे पहुंचा और तलाब में नहाने के लिए घर से चला गया फिर वापस नहीं आया। वही सुबह नौव बजे गांव के ही ग्रामीण ने हमें सूचना दी सूचना मिलते ही तालाब के पास पहुंचे देखा कि तालाब में डूबा हुआ है तुरंत इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया सिल्ली थाना घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया। सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा कि मौत कैसे हुई है।

### जय श्री राम कमेटी की एक बैठक संपन्न




**मुरी :** मुरी जय श्री राम कमिटी की एक बैठक का आयोजन छोटा मुरी बजार में किया गया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कमेटी के द्वारा रैली निकलने का निर्णय सर्वसम्मिति लिया गया। यह रैली 25 मार्च दिन बुधवार को ग्राम विकास स्कूल से शाम 3 .00 बजे मोटरसाइकिल साइकिल के द्वारा सिल्ली बाजार, झारखंड मोड, बडा मुरी होते हुए छोटा मुरी दुर्गा पंडाल जाकर संपन्न होगी। इस मौके पर नकुल महतो, गोकुल महतो, चंद्र मोहन महतो, अरविंद साहू, प्रवीण पांडेय, अरविंद कुमार, महेश महतो, राजेश ठाकुर, राजेश हजाम, राज सिन्हा, विकास प्रसाद, विवेक कुमार आदि सदस्य उपस्थित थे।

### चैती छठ को लेकर शहर में दो दिनों तक नो एंट्री, भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध




पूर्वी सिंहभूम: चैती छठ पर्व को लेकर शहर में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था में विशेष बदलाव किया है। रविवार को प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 24 मार्च को दोपहर 3:00 बजे से 25 मार्च की रात 11:00 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी। इस दौरान बसों को छोड़कर सभी प्रकार के बड़े वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लागू रहेगा। प्रशासन ने यह निर्णय छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए लिया है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के नदी घाटों तक पहुंच सकें और शांतिपूर्ण तरीके से पूजा-अर्चना कर सकें। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम लोगों और वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित ट्रैफिक नियमों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, जिससे पर्व के दौरान किसी भी तरह की असुविधा या अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।

### रंगदारी गैंग के तीन आरोपित गिरफ्तार, एक फरार



**पलामू:** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में एक स्थानीय मार्बल व्यवसायी से रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक संगठित गैंग का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपित अब भी फरार है। थाना प्रभारी को मिली लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि मुख्य अभियुक्त रविशंकर कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह (24) और उसका साथी प्रिंस कुमार उर्फ प्रिंस मेहता ने मिलकर रंगदारी की साजिश रची थी। पहचान छुपाने के लिए चोरी के मोबाइल फोन और सिम कार्ड का इस्तेमाल किया गया। पुलिस के अनुसार, गैंग के अन्य सदस्य शुभम केशरी (20) और अमन कुमार चौरसिया (19) हुसैनाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास नशे में रहने वाले लोगों को निशाना बनाकर मोबाइल चोरी करते थे। इन्हीं चोरी के मोबाइल और सिम का उपयोग रंगदारी मांगने में किया जाता था। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर उनके घरों से घटना में प्रयुक्त मोबाइल, सिम कार्ड और अन्य चोरी के फोन बरामद किए हैं।गिरफ्तार तीनों आरोपितों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि फरार आरोपित प्रिंस मेहता की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के विचार आज भी जिंदा हैं

देश के महान वीर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिवर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है, जो प्रत्येक भारतवासी को गौरव का अनुभव कराता है। यह वही दिन है, जब अंग्रेजों से भारत की आजादी के लिए लड़े भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में फांसी पर लटका दिया था। हालांकि पहले इन वीर सपूतों को 24 मार्च 1931 को फांसी दी जानी थी लेकिन इनके बुलंद हौंसलों से भयभीत ब्रिटिश सरकार ने जन आन्दोलन को कुचलने के लिए उन्हें एक दिन पहले 23 मार्च 1931 को ही फांसी दे दी थी। क्रांतिकारी राजगुरु और सुखदेव का नाम हालांकि सदैव शहीदे आजम भगत सिंह के बाद ही आता है लेकिन भगत सिंह का नाम आजादी के इन दोनों महान क्रांतिकारियों के बगैर अधूरा है क्योंकि इनका योगदान भी भगत सिंह से किसी भी मायने में कमतर नहीं है। तीनों की विचारधारा एक ही थी, इसीलिए तीनों की मित्रता बेहद सुदृढ़ और मजबूत थी। भगत सिंह और सुखदेव के परिवार लायलपुर में आसपास ही रहते थे और दोनों परिवारों में गहरी दोस्ती थी। 15 मई 1907 को पंजाब के लायलपुर में जन्मे सुखदेव भगत सिंह की ही तरह बचपन से आजादी का सपना पाले हुए थे। भगत सिंह, कामरेड रामचन्द्र और भगवती चरण बोहरा के साथ मिलकर उन्होंने लाहौर में नौजवान भारत सभा का गठन कर सॉन्डर्स हत्याकांड में भगतसिंह तथा राजगुरु का साथ दिया था। 24 अगस्त 1908 को पुणे के खेड़ा में जन्मे राजगुरु छत्रपति शिवाजी की छापामार शैली के प्रशंसक थे और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के विचारों से काफी प्रभावित थे। अच्छे निशानेबाज रहे राजगुरु का रुझान जीवन के शुरूआती दिनों से ही क्रांतिकारी गतिविधियों की तरफ होने लगा था। वाराणसी में उनका सम्पर्क क्रांतिकारियों से हुआ और वे हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी से जुड़ गए। चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह और जतिन दास राजगुरु के अभिन्न मित्र थे। पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज के कारण स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गज नेता लाला लाजपत राय की मौत का बदला लेने के लिए राजगुरु ने 19 दिसम्बर 1928 को भगत सिंह के साथ मिलकर लाहौर में जॉन सॉन्डर्स को गोली मारकर स्वयं को गिरफ्तार करा दिया था और भगत सिंह वेश बदलकर कलकत्ता निकल गए थे, जहां उन्होंने बम बनाने की विधि सीखी। भगत सिंह बिना कोई खून-खराबा किए ब्रिटिश शासन तक अपनी आवाज पहुंचाना चाहते थे लेकिन तीनों क्रांतिकारियों को अब यकीन हो गया था कि पराधीन भारत की बेड़ियां केवल अहिंसा की नीतियों से नहीं काटी जा सकती। इसीलिए उन्होंने अंग्रेजों की मजदूरों के प्रति शोषण की नीतियों के पारित होने के खिलाफ विरोध प्रकट करने के लिए लाहौर की केंद्रीय असेम्बली में बम फेंकने की योजना बनाई। 1929 में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पब्लिक सेफ्टी और ट्रेड डिस्प्यूट बिल के विरोध में सेंट्रल असेंबली में बम फेंकने के लिए हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की पहली बैठक हुई। योजनाबद्ध तरीके से भगत सिंह ने 08 अप्रैल 1929 को बटुकेश्वर दत्त के साथ केन्द्रीय असेंबली में एक खाली स्थान पर बम फेंका, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि वे चाहते तो भाग सकते थे लेकिन भगत सिंह का मानना था कि गिरफ्तार होकर वे बेहतर तरीके से अपना संदेश दुनिया के सामने रख पाएंगे। असेंबली में फेंके गए बम के साथ कुछ पर्चे भी फेंके गए थे, जिनमें भगत सिंह ने लिखा था कि आदमी को मारा जा सकता है, उसके विचारों को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है। हालांकि भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था लेकिन पुलिस ने तीनों को जॉन सॉन्डर्स की हत्या के लिए आरोपित किया। गिरफ्तारी के बाद सॉन्डर्स की हत्या में शामिल होने के आरोप में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव पर देशद्रोह तथा हत्या का मुकदमा चलाया गया और उन्हें मौत की सजा सुनाई गई।

## सूडोकु नवताल- 7742

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7741 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# होर्मुज संकट: रास्ते कई लेकिन हरेक की अपनी कीमत

**अमरेश द्विवेदी**

ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के सैन्य टकराव ने वैश्विक व्यापार के निर्बाध प्रवाह के लिए जलमार्गों के महत्व को उजागर किया है। आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में समुद्री मार्ग सिर्फ पानी के रास्ते नहीं हैं- ये वैश्विक अर्थव्यवस्था की धमनियां हैं। दुनिया का लगभग 80 प्रतिशत व्यापार (मात्रा के हिसाब से) और 70 प्रतिशत से अधिक (मूल्य के हिसाब से) समुद्री परिवहन पर निर्भर करता है। ऐसे में कुछ संकरे लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण जलमार्ग हैं जिन्हें चोक प्वॉइंट्स कहा जाता है और ये पूरी दुनिया की सप्लाई चेन को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

हाल के वर्षों में विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और इसके बंद होने की स्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ये जलमार्ग कितने संवेदनशील और महत्वपूर्ण हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद हो जाने के बाद जिससे दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति गुजरती है- दुनिया को ऊर्जा आपूर्ति बनाए रखने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, स्वेज नहर, पनामा नहर और मलक्का जलसंधि जैसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में किसी भी तरह की रुकावट से व्यापार में भारी देरी हो सकती है। इसके चलते शिपिंग कंपनियों को केप ऑफ गुड होप जैसे लंबे रास्तों का चुनाव करना पड़ता है, जिससे उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ जाती है।

आईए, जानते हैं दुनिया भर के सामानों के परिवहन के लिए 10 सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों को, जब ऐसे मार्ग बाधित होते हैं तो न केवल ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित होती है बल्कि वैश्विक महंगाई, आपूर्ति संकट और भू-राजनीतिक तनाव भी बढ़ जाते हैं।

**होर्मुज जलडमरूमध्य :** यह दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा जलमार्ग है। यह फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20% यहीं से गुजरता है। यहां से प्रतिदिन 20 से 21 मिलियन बैरल तेल निकलता है। इसकी सबसे संकरी चौड़ाई मात्र 39 किमी है, जिससे यह अत्यंत संवेदनशील बन जाता है। वैश्विक तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के पांचवें हिस्से के लिए एकमात्र समुद्री निकास मार्ग का काम करता है। यह जलसंधि वर्तमान में ईरान और उसके पड़ोसी खाड़ी देशों के बीच तनाव का एक प्रमुख केंद्र बनी हुई है। अगर यह मार्ग बंद हो जाए तो तेल की कीमतों में भारी उछाल आना तय है।

**बाब अल-मंडेब :** यह लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ता है और स्वेज नहर के लिए प्रवेश द्वार का काम करता है। यह मार्ग वैश्विक व्यापार के लगभग 12% हिस्से को संभालता है। सबसे संकरी चौड़ाई 32 किमी है और यहां से प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल तेल निकलता है। यमन में चल रहे संघर्ष और हूती विद्रोहियों के हमलों ने इस क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यदि यह मार्ग बाधित होता है तो जहाजों को केप ऑफ गुड होप से लंबा चक्कर लगाना पड़ता है।

**स्वेज नहर :** सिनाई प्रायद्वीप को बाकी मिस्र से अलग करती है और भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। यहां से प्रति दिन 50 लाख बैरल तेल निकलता है। इसकी सबसे संकरी जगह मात्र 225 मीटर (740 फीट) है। 1869 में खुली स्वेज नहर, एशिया और यूरोप के बीच सफर के लिए एक बहुत जरूरी छोटा रास्ता है। इससे लगभग 8,900 किमी की दूरी कम हो जाती है और अफ्रीका के चारों ओर से घूमकर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। साल 2021 में एवरग्रीन मरीन द्वारा चलाया जा रहा एक बड़ा कंटेनर जहाज नहर में फँस गया था, जिससे वैश्विक व्यापार छह दिनों तक ठप हो गया। इस घटना ने दिखाया कि एक छोटे हिस्से भी कितना बड़ा आर्थिक प्रभाव डाल सकते हैं।

**तुर्की जलडमरूमध्य :** यह इस्तांबुल और डाडार्नेल्स से होकर गुजरता है और काला सागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है। अपने सबसे संकरी जगह पर 700 मीटर है और यहां से प्रतिदिन 30-40 लाख बैरल तेल निकलता है। बोस्फोरस और डाडार्नेल्स से मिलकर बना तुर्की जलडमरूमध्य, काला सागर और भूमध्य सागर के बीच एकमात्र समुद्री रास्ता है। यह पूर्वी यूरोप के ज्यादातर हिस्से को बाकी दुनिया से जोड़ता है और तेल और प्राकृतिक गैस के आने-जाने में मदद करता है, जो दुनिया भर के ऊर्जा बाजारों के लिए बहुत जरूरी हैं।

**जिब्राल्टर जलडमरूमध्य :** स्पेन-मोरक्को के बीच है जो अटलांटिक महासागर को भूमध्य सागर से जोड़ता है। इसकी चौड़ाई 13 किमी की है और यहां से प्रतिदिन 50-60 लाख बैरल तेल निकलता है। यह जलडमरूमध्य, अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर के बीच एकमात्र प्राकृतिक समुद्री रास्ता है। स्वेज नहर की ओर जाने वाले सभी जहाजों के लिए यह पश्चिमी प्रवेश द्वार है। इस जलडमरूमध्य का एक लंबा इतिहास रहा है, जहाँ यह धरती के सबसे ज्यादा विवादित और घेराबंदी वाले समुद्री रास्तों में से एक रहा है।

**डेनिश जलडमरूमध्य :** यह डेनमार्क को स्वीडन से अलग करता है और बाल्टिक सागर को उत्तरी सागर से जोड़ता है। इसकी चौड़ाई 3.7 किमी है और यहां से प्रतिदिन 50 लाख बैरल तेल निकलता है। बाल्टिक बंदरगाहों से दुनिया भर में रूसी तेल भेजने का यह मुख्य रास्ता है। ये संकरे डेनिश जलडमरूमध्य बहुत जरूरी समुद्री रास्ते हैं, जो जहाजों के बड़े पैमाने पर आने-जाने में मदद करते हैं और उत्तरी यूरोप को दुनिया भर के बाजारों से जोड़ते हैं।

**मलक्का जलडमरूमध्य :** मलेशिया, सिंगापुर और इंडोनेशिया के बीच मौजूद यह हिंद महासागर और दक्षिण चीन सागर को जोड़ता है। इसकी चौड़ाई 2.8 किमी है और यहां से प्रति दिन 23 मिलियन बैरल तेल निकलता है। धरती के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक, इस जलडमरूमध्य से दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत व्यापार और चीन का 80 प्रतिशत तेल आयात गुजरता है। यह दुनिया का सबसे व्यस्त चोकप्वॉइंट है, जहां से होर्मुज जलडमरूमध्य की तुलना में अधिक मात्रा में तेल का परिवहन होता है।

**ताइवान जलडमरूमध्य :** दुनिया के सेमीकंडक्टर इसी महत्वपूर्ण चोकप्वॉइंट से होकर गुजरते हैं। इसकी मुख्य भूमि चीन को ताइवान से अलग करती है और दक्षिण चीन सागर को पूर्वी चीन सागर से जोड़ती है। इसकी चौड़ाई 130 किमी और मूल्य के आधार पर यह सालाना दुनिया के 20 प्रतिशत से अधिक समुद्री व्यापार को संभालता है। इस जलडमरूमध्य में ताइवान और चीन के बीच बढ़ता तनाव देखा गया है, जिसकी पहचान दोनों पक्षों द्वारा बढ़ाए जा रहे सैन्य टकरावों और नौसैनिक अभ्यासों से होती है।

**पनामा नहर :** यह नहर पनामा से होकर गुजरती है, जो कैरिबियन सागर को प्रशांत महासागर से जोड़ती है। इसकी सबसे संकरी चौड़ाई मात्र 222 मीटर है और यहां से प्रतिदिन 20 से 30 लाख बैरल तेल निकलता है। साल 1914 में खोली गई इस नहर में एक लॉक सिस्टम है, जो जहाजों को समुद्र के अलग-अलग स्तरों के बीच ऊपर-नीचे करता है। यह अमेरिका के कुल कंटेनर ट्रैफि क के 40 प्रतिशत हिस्से के लिए एक रास्ता है। यह ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अहम कड़ी का काम करती है, और अमेरिका से एशिया जाने वाले 95 प्रतिशत से ज्यादा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के निर्यात को संभालती है।

**केप ऑफ गुड होप :** दक्षिण अफ्रीका में केप प्रायद्वीप के दक्षिण-पश्चिमी सिरे पर है और यहां से प्रति दिन 90 लाख बैरल तेल निकलता है। स्वेज नहर वाले रास्ते की तुलना में, यह रास्ता एशिया और यूरोप के बीच 5550 से 7400 किमी को जोड़ देता है जो यात्राओं में 10 से 14 दिन लगता है और साथ ही बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य से भी बचाता है। हाल के समय में, इस रास्ते को वैश्विक व्यापार के लिए एकमात्र व्यावहारिक गलियारे के तौर पर अहमियत मिली है, जो मध्य पूर्व को बाईपास करता है।

इन सभी जलमार्गों की एक समान विशेषता है-रणनीतिक रूप से इनका संवेदनशील होना। ये संकरे हैं लेकिन इनका महत्व अत्यधिक है। एक छोटी-सी बाधा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर सकती है। जिससे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, वस्तुओं की कमी होती है और आर्थिक अस्थिरता पैदा होती है। आज के भू-राजनीतिक माहौल में जहां संघर्ष और प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, इन समुद्री मार्गों की सुरक्षा और स्थिरता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। दुनिया के देश अब वैकल्पिक मार्गों, ऊर्जा स्त्रोतों और सप्लाई चेन के विविधीकरण पर जोर दे रहे हैं।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी जरूरी

**हृदयनारायण दीक्षित**

सत्य प्रत्येक परिस्थिति में उपयोगी होता है, लेकिन जीवन संघर्ष में सत्य के साथ शक्ति भी चाहिए। श्रीराम और रावण के बीच हुआ युद्ध काफी लंबा चला था, लेकिन प्रारंभिक चरण में श्रीराम की विजय सुनिश्चित नहीं थी। इसको लेकर काफी चिंता थी। प्रख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने 'राम की शक्ति पूजा' में युद्ध का भावुक वर्णन किया है। एक सायं सभी योद्धा शिविर में लौटे। निराला जी लिखते हैं, "आए तब शिविर, सुग्रीव, विभीषण जामवंत, अंगद/हनुमान बैठे रघुकुल मणि श्वेत शिला पर।"

निराला जी ने श्रीराम के संशय का उल्लेख किया है, "बोले रघुमन विजय न होगी न समर ये नहीं रहा नर वानर का राक्षस से रण। उतरी पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण।" श्रीराम बेचैन हैं। अन्याय जिधर है उधर शक्ति। श्रीराम को आश्चर्य था कि महाशक्ति रावण के पक्ष में क्यों हैं? जामवंत ने कहा, "रघुवर विचलित होने का नहीं देखता मैं कारण। हे पुरुष सिंह तुम भी यह शक्ति करो धारण। आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर। शक्ति की करो मौलिक कल्पना। करो पूजन।"

रावण ने अपने तप-बल से तमाम शक्तियां अर्जित की थीं। शक्ति उपासना का उत्तर शक्ति उपासना में ही संभव है। राम ने भी शक्ति पूजा का आश्रय लिया। राम आसन जमा कर बैठे। आठवें दिन ध्यान ऊर्ध्व शिखर पर पहुंचा। वे प्रत्येक पुरश्चरण के बाद देवी के चरणों में नीलकमल चढ़ाते थे। अंतिम आराधन में श्रीराम ने जैसे ही नीलकमल के लिए अपना हाथ बढ़ाया, नीलकमल गायब था। श्रीराम चिंतित हो गए। हमारा लाया हुआ नीलकमल कहां गया। उन्होंने तत्काल विकल्प बनाया। माताजी मुझको राजीव नयन कहती थीं। मैं वहीं अपने नयन अर्पित करूंगा। निराला जी कहते हैं ब्रह्मांड कांपा। देवी का उदय हुआ। देवी ने राम का हाथ पकड़ा, "देखा राम ने सामने श्री दुर्गा भास्वर।" निराला ने लिखा है, "होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन कहे महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन।"

शक्ति का अर्जन, उपासन पुरष्चरण और जागरण लोक को प्रकाश और आनंद से भर देता है। दुर्गा सप्तशती देवी उपासना के पांचवें अध्याय में देवी को प्रत्येक रूप और भाव में भरा पूरा बताया गया है। यहां देवी लज्जा हैं। विद्या हैं। माता हैं। कण कण में व्याप्त हैं। 11वें अध्याय के अंतिम श्लोक में देवी सबको आश्वासन देती हैं कि जब-जब बाधाएं आएंगी। दानवी शक्तियां कष्ट देंगी। तब तब मैं प्रकट होऊंगी और दानवी शक्तियों का नाश करूंगी। यहां गीता की ध्वनि है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि, "जब-जब धर्म का पराभव होगा तब तब सज्जनों की रक्षा और धर्म के अभ्युदय के लिए मैं आऊंगा।"

देवी माता हैं। माता जननी होती हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के कोने-कोने देवी उपासना के प्रतिष्ठित मंदिर हैं। असम के गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी मंदिर है। कोलकाता में काली जी का और मध्य प्रदेश के दतिया में पीतांबरा का मंदिर है। मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में विंध्यवासिनी, टनकपुर, उत्तराखंड में पूर्णागिरी का मंदिर है। ढाका, बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मां का मंदिर है। बलंचिस्तान, पाकिस्तान में हिंगलाज माता का मंदिर है। इन मंदिरों में प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या दर्शनार्थ जाती है।

देवी उपासना की शुरूआत का आदि केंद्र भारत है। प्रकृति की शक्तियों को माता देखने और आदर देने की परंपरा प्राचीन है।

ऋग्वेद में पृथ्वी माता हैं। गाय माता हैं। अवध्य और पूज्य हैं। सरस्वती माता हैं। वन की एक देवी अरण्यानी भी हैं। यजुर्वेद में लक्ष्मी, अम्बिका आदि देवियां हैं। वैदिक ग्रंथों में जल भी माता के रूप में उपास्य हैं। ईसा पूर्व (छठी शताब्दी) यूनानी दार्शनिक थेल्स ने सृष्टि का उद्भव जल से बताया। इसके पहले ऋग्वेद में जल को जल माताएं 'आपः मातरम' कहा गया है। इडा, सरस्वती और मही नाम की तीन देवियों का उल्लेख ऋग्वेद (5.5.8) में है। यहां रात्रि भी माँ है। ऋग्वेद (10.127) में रात्रि भी उपास्य देवी हैं। कहते हैं, "रात्रि मां के आंचल में पैरों से चलने वाले, पंखों से उड़ने वाले कीट पतिंग और पथिक सुखपूर्वक सोते हैं।" अथर्ववेद में रात्रि देवी को संवत्सर की प्रतिमा कहा गया है। भारतीय देवतंत्र में देवी मां की अनुभूति गहरी है। ऋग्वेद में वाणी देवी हैं। वे कहती हैं, "मैं रूद्र, वसु, आदित्य और विश्व देवों के रूप में विचरण करती हूं। मैं मित्र वरुण इंद्र, अग्नि और अश्विनी कुमारों को धारण करती हूं। मैं सृष्टि के सभी प्रपंचों रूपों भावों में स्थित हूं। मेरी सहायता से ही प्राणी अन्न खाते हैं। देखते हैं। सांस लेते हैं। सुनते हैं। मैं जिसे चाहती हूं उसे शक्तिशाली स्तोता, ऋषि और बुद्धिमान बनाती हूं। मेरा निवास जल में है। वहीं से मैं सारे संसार में विस्तृत होती हूं।"

सही बात है। जल सृष्टि का आदि तत्व है। दिव्यता का आदिकेन्द्र है। देवी वहीं हैं। वे अव्यक्त से व्यक्त होकर सृष्टि बनती हैं और बनाती हैं। ऋग्वेद का यही पूरा सूक्त अथर्ववेद में भी है। अथर्ववेद में अमावस्या और पूर्णिमा भी देवी हैं। देवी दिव्यता हैं। दिव्यता अनंत रूपों आयामों में प्रकट होती है। दिव्यता के रूप नाम अनेक हैं। कहीं दुर्गा हैं तो कहीं वाराही। खड्गधारिणी, शूलधारिणी और वैष्णवी। शाश्वत सत्य एक है। उसका कथन और आस्वशित एक है। हड़प्पा की खोदाई में देवी पूजा के तमाम साक्ष्य मिले थे। पत्थर की मोहरों पर देवी का अंकन अनुमानित किया गया। मौर्य काल के पुरातात्विक साक्ष्यों में देवी अभयदान की मुद्रा में हैं। महाभारत के भीष्म पर्व में अर्जुन की दुर्गा स्तुति का उल्लेख है। विराट पर्व में युधिष्ठिर भी देवी की पूजा करते हैं।

दुर्गा सप्तशती सर्वाधिक लोकप्रिय है। नवरात्रि उत्सवों में इसका पाठ होता है। इसकी कथा मजेदार है। यहाँ एक राजा हैं सुरथ। वे मेधा ऋषि के आश्रम में पहुंचे। समाधि नाम का वैश्य है। उसने परिश्रमपूर्वक धन जुटाया था। घर वालों ने उसे घर से निकाल दिया। वह भी ऋषि आश्रम पहुंचा। सुरथ नाम में रथ गति का प्रतीक है और सु सुंदरता का। लेकिन सुरथ सुगति नहीं पा सके। समाधि का अर्थ मन से मुक्ति होता है। लेकिन यहां समाधि नाम के वैश्य धन की चिंता में पीड़ित और परेशान हैं। मेधा ऋषि हैं। मेधा ऋषि ही बनाती है। मेघा दोनों को देवी रहस्य बताते हैं।

ऋषि के प्रबोधन से सुरथ सुरथी बनते हैं और समाधि नाम के वैश्य समाधि का वास्तविक अर्थ जान जाते हैं। सप्तशती के पाठ की परंपरा है। पाठ अध्ययन नहीं होता। अध्ययन में बुद्धि साझी होती है। सोच-विचार भी चलता है। लेकिन पाठ में हृदय लगता है। तब शब्द अपना मूल अर्थ खो देते हैं। शब्दों के गर्भ में छिपी अक्षर शक्ति प्रकट होती है। यही बात देवी मंदिरों के दर्शन में भी है। देव प्रतीति प्राचीन परंपरा है। इस अनुभूति को दुर्गा, लक्ष्मी, वाराही, काली सहित कोई नाम दीजिए। नाम से फर्क नहीं पड़ता। सर्वत्र एक ही ऊर्जा है। भीतर, बाहर। ऊपर, नीचे, आगे, पीछे।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# खाड़ी युद्ध : कौन जीता है कौन हार गया?

**तनवीर जाफरी**

अमेरिका -इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपा गया बलात युद्ध अनियंत्रित होकर बेहद खतरनाक दौर से गुजर रहा है। दर्जनों देशों को अपनी चपेट में ले चुके इस युद्ध में अब तक खरबों डॉलर का नुक़्सान हो चुका है। अमेरिका -इस्राईल द्वारा मिलकर ईरान को जिस स्तर तक नुक़्सान पहुँचाया जा चुका है और अब भी उसके ईंधन उत्पाद केंद्रों पर हमले कर लगातार पहुँचाया जा रहा है उससे निश्चित रूप से पहले ही चार दशकों से वैश्विक रूप से आर्थिक व व्यवसायिक प्रतिबंध झेल रहे ईरान की कमर जरूर टूट जाएगी। परन्तु इसके बावजूद आप इस निष्कर्ष पर कतई नहीं पहुँच सकते कि ईरान यह युद्ध हार चुका है या हार जायेगा। हाँ इसके विपरीत ईरान ने अपनी बहादुरी, सूझबूझ, योग्यता, दृढ़ संकल्प, विश्वास व कूटनीति के बल पर न केवल दुनिया के कई देशों के चेहरों से नकाब हटा दी है बल्कि अमेरिका के बारे में पूरे विश्व में बन चुकी 'विश्वविजेता' जैसी 'फर्जी धारणा' को भी ध्वस्त कर दिया है। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्राईली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के बहकावे में आकर या एप्सटीन फाइल के भयादोहन (ब्लैक मेलिंग ) का शिकार होकर ईरान को वेनेजुएला की ही तरह कमतर आंक कर उसपर हमला बोल दिया। दुनिया ने देखा कि ईरान पर आक्रमण करने से पूर्व अमेरिका व इस्राईल ने किस तरह ईरान के भीतर सत्ता विरोधी बगावत कराने जैसा कुटिल असफल प्रयास किया। गोया आज युद्ध में अपनी मुंह की खाने वाला अमेरिका मोसाद की मदद से ईरान में सत्ता विरोधी बगावत का भी सहारा लेना चाह रहा था जोकि राष्ट्रवादी ईरानियों ने मुमकिन नहीं होने दिया। न ही शाह की औलाद को ईरान पर पुनः थोपने की अमेरिकी चाल कामयाब हो सकी। लिहाजा यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका अपनी इस कुटिल चाल में शुरूआत में ही ईरान से हार चुका था।

इसके बाद बावजूद इसके कि 27 फरवरी तक दोहा में ईरान - अमेरिका के बीच वार्ता हो ही रही थी फिर भी अमेरिका ने इस्राईली सेना के साथ मिलकर 28 फरवरी को पूरी ताकत के साथ तेहरान पर हवाई हमले शुरू कर दिये। इन हमलों का उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन, ईरान की मिसाइल क्षमताओं, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व को नष्ट करना था। ऑपरेशन रोअरिंग लायन और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नमक इस पहले आक्रमण में ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई का तेहरान के पेस्टूर स्ट्रीट स्थित आवास पर हमले में निधन हुआ। इसी हमले में कुल लगभग 40 ईरानी अधिकारी मारे गए, साथ ही 1,444 से अधिक मौतें भी हुई जिनमें 168 बच्चे और 200 महिलाएं शामिल थीं। इसी हमले में अयातुल्लाह अली खामनेई के दामाद, पोते और अली शमखानी जैसे अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मारे गये। रक्षा मंत्री अमीर नासिर जादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाक पुर व सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मूसवी सहित चार वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गये। इसी हमले में ईरान के 24 प्रांत प्रभावित हुए, जहां 500 से अधिक सैन्य लक्ष्य जैसे एयर डिफेंस, मिसाइल लॉन्चर, नौसेना और नतांज, कराज, कुम की परमाणु सुविधाएं आदि के नष्ट होने के दावे किये गये। तेहरान में राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, खुफिया मंत्रालय और ग्रैंड बाजार को काफी क्षति पहुंची नागरिक इलाकों पर भीषण बमबारी की गयी। अमेरिकी टॉम हॉक मिसाईल से मिनाब में लड़कियों के एक स्कूल में 148 लड़कियों की मौत हो गयी तथा कई अस्पतालों को नुक़्सान हुआ। साइबर हमलों से इंटरनेट कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई और उसी समय होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया जिससे वैश्विक स्तर पर तेल आपूर्ति बाधित हुई। इसी हमले के बाद ही ट्रंप ने यह कहना शुरू कर दिया था कि 'हमने संघर्ष के शुरूआती घंटों में ही ईरान की वायुसेना को जमीन पर ही तबाह कर दिया गया, और अब ईरान के पास वास्तविक "एयरफोर्स" जैसी कोई प्रभावी ताकत नहीं रही। उन्होंने कई बार यह दावा किया है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना (नेवी) और वायु सेना (एयर फोर्स) की क्षमता "खत्म" या "लगभग पूरी तरह नष्ट" कर दी गई है। नौसेना को लेकर उन्होंने दावा किया है कि ईरान के लगभग सभी युद्धपोत और नौसैनिक जहाज डूबा दिए गए हैं, कुछ बयानों में "32 जहाजों के तलहटी में जाने" और "58 नौसैनिक जहाजों के नष्ट होने" जैसी संख्या भी दी गई।

परन्तु ट्रंप के इन दावों के बावजूद ईरान के मिसाइल और ड्रोन के भरपूर हमले अभी भी जारी हैं। और यह हमले अपनी तीव्रता व सटीकता के चलते अमेरिका सहित पूरे विश्व हो अचंभे में डाले हुये हैं। भले ही ईरानी सेना, नेवी और रडार व वायु रक्षा प्रणाली को भारी नुक़्सान जरूर पहुँचा है परन्तु इसके बावजूद ईरान ने पूरी दुनिया को यह भी दिखा दिया है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान ने सिर्फ अमेरिकी पिट्ठू शाह पहलवी की सत्ता को ही नहीं उखाड़ फेंका बल्कि 47 वर्षों तक वैश्विक प्रतिबंधों के बाकजूद ईरान ने सामाजिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक व सामरिक स्तर पर जो तैयारियां की हैं आज उसी का नतीजा सामने है। अन्यथा कौन सोच सकता था कि राष्ट्रपति ट्रंप के ईरान को हर प्रकार से तबाह बर्बाद करने के बार बार किये जा रहे दावों के बावजूद ईरान इस्राईल के हाइफा पोर्ट व उसके पेट्रोलियम प्लांट और फाइनेंशियल ढांचे को तबाह कर देगा। अमेरिका के सर्व शक्तिशाली युद्धपोत यू एस एस अब्राहम लिंकन को धुआँ धुआँ कर उसे पीठ दिखाकर भागने के लिए मजबूर कर देगा, गेराल्ड आर फोर्ड जैसा सबसे खतरनाक युद्धपोत पीठ दिखाकर भाग जायेगा, ईरान ने आयरन डोम के चलते इस्राईल के अजेय होने की धारणा को भी धूल धूसरित कर दिया।

## दैनिक पंचांग

**23 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.11 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृष | 08.51 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.49 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 13.03 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 15.19 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.31 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.42 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.56 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 00.12 बजे से |
| राहुकाल | 7.30 से 9.00 बजे तक | मकर | 02.17 बजे से |
| | | कुंभ | 04.04 बजे से |
| | | मीन | 05.37 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 82 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पंचमी 18.39 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 20.50 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 12.22 बजे को समाप्त। **करण** बव 07.57 बजे, बालव 18.39 बजे तदनन्तर कौलव 05.22 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 3.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 57' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872657 **जूलियन दिन** 2461122.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 03 **विशेष** लक्ष्मी पंचमी, गुरु हरगोविंद पुण्यतिथि, भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु शहीद दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## सिमडेगा में 227 गोवंशीय पशु जब्त, 16 पशु तस्कर गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**सिमडेगा** : सिमडेगा जिले के बोलबा थाना क्षेत्र के पीडियापोछ जंगल से 227 प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार 16 पशु तस्करों को पुलिस ने आज जेल भेज दिया। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी हेड क्वार्टर रणवीर सिंह ने बताया कि सिमडेगा एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बोलबा थाना क्षेत्र के पीडियापोछ जंगल के रास्ते बड़ी संख्या में गोवंशीय पशुओं को मारते-पीटते हुए ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर डीएसपी हेड क्वार्टर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की गई, जहां 227 गोवंशीय पशुओं को जब्त करते हुए उन्हें ले जा रहे 16 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि ये सभी पशु ओडिशा के खटखुरबहार निवासी नक्का, चक्कू, नक्कू और मो. चमन के हैं। इन पशुओं को रांची निवासी बबलू पासवान और गुमला निवासी मो. इश्तियाक के पास पहुंचाया जाना था, जहां से इन्हें वधशाला भेजा जाता। पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी में शामिल सभी 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार सभी आरोपी ओडिशा के निवासी बताए गए हैं।

## शहीद दिवस पर भुरकुंडा में 500 फीट का विशाल तिरंगा यात्रा आज

**भुरकुंडा** : शहीद दिवस के अवसर पर आज भुरकुंडा में देशभक्ति का अनोखा नजारा देखने को मिलेगा। क्षेत्र में 500 फीट लंबे भव्य तिरंगे के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जो बिरसा चौक स्थित रामनवमी मैदान से प्रारंभ होकर भुरकुंडा मार्केट, सौंद डी होते हुए लेनिन चौक तक जाएगी। इस यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर थाना चौक स्थित दुर्गा मंडप और काली मंदिर परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में अपील करते हुए कहा कि शहीदों के सम्मान में आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर राष्ट्रभक्ति का परिचय दें। आयोजकों ने बताया कि 23 मार्च का दिन देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसी दिन स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों ने फांसी का वरण कर देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए थे। इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन्हीं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी और युवाओं को उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया जाएगा। यात्रा को सफल बनाने के लिए आज सुबह 9 बजे से ही तैयारियां शुरू कर दी जाएंगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि यह यात्रा ऐतिहासिक बन सके।

## मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए डैम में कूदा युवक, मौत

**पलामू** : ईद की खुशियों के बीच एक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के गंजपर मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय आरिफ की शनिवार रात काशी सोत डैम में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक ईद की नमाज अदा करने के बाद अपने दोस्तों के साथ मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र स्थित काशी सोत डैम घूमने गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डैम के समीप अचानक मधुमक्खियों का झुंड लोगों पर टूट पड़ा। मधुमक्खियों से बचने के प्रयास में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान आरिफ बचने के लिए घबराहट में डैम में कूद गया। पानी गहरा होने के कारण वह डूब गया।

# समाज में बदलाव लाने की क्षमता भी रखता है काथलिक सभा : जोसिमा खाखा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : जिले के बिंधाईनटोली पारिस में रविवार को बीरू भिखारियेट कैथोलिक सभा का नौवां वार्षिक अधिवेशन धार्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। अधिवेशन में मुख्य रूप से कांग्रेस महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थीं। मौके पर मिस्सा पूजा का भी आयोजन किया गया। अपने संबोधन में जोसिमा खाखा ने कहा कि इस तरह का सम्मेलन एक नई सोच और नई दिशा देने की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि काथलिक सभा समाज में बदलाव लाने की क्षमता भी रखते हैं। उन्होंने पुरुषों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि एक पुरुष केवल परिवार का कमाने वाला सदस्य नहीं बल्कि संस्कारों का पहला शिक्षक होता है। घर में बच्चों का भविष्य, पत्नी का सम्मान और परिवार की एकता पुरुष के आचरण से तय होती है। अगर पुरुष मजबूत है तो परिवार मजबूत होगा और परिवार मजबूत होगा तो समाज भी मजबूत बनेगा। उन्होंने आत्ममंथन का आह्वान करते हुए कहा कि लोग चर्च में तो नियमित प्रार्थना करते हैं, लेकिन समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को उतनी गंभीरता से नहीं निभाते। उन्होंने शिक्षा, सेवा और जरूरतमंदों की सहायता में आगे आने की अपील की। राजनीतिक भागीदारी पर जोर देते हुए जोसिमा खाखा ने कहा कि कैथोलिक समाज के पुरुषों को अब राजनीति में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अगर हम राजनीति से दूर रहेंगे तो फैसले कोई और करेगा। पंचायत से लेकर संसद तक हमारी आवाज होनी चाहिए। विधायक भूषण बाड़ा जैसे ईमानदार और सच्चे लोग राजनीति में आएंगे तभी देश बदलेगा। उन्होंने कहा कि आज का युवा मोबाइल में व्यस्त है। लेकिन उसे समाज और देश के लिए भी आगे आना होगा। युवा ही भविष्य हैं। अगर वे जाग गए तो पूरा समाज बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि अकेला व्यक्ति कुछ नहीं कर सकता। लेकिन मिलकर काम करने से इतिहास रचा जा सकता है। कैथोलिक सभा को एक मजबूत और सक्रिय संगठन बनाने पर भी उन्होंने जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम बदलेंगे, तो समाज बदलेगा। समाज बदलेगा, तो देश बदलेगा।

### कांग्रेस महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जोसिमा खाखा ने शाजदा खातून को दी ईद की बधाई

**सिमडेगा** : कांग्रेस महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा ने कांग्रेस नेत्री शाजदा खातून के आवास पहुंचकर उन्हें ईद की हार्दिक बधाई दी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है। ऐसे अवसर समाज को जोड़ने और आपसी रिश्तों को मजबूत करने का काम करते हैं। मौके पर जिला परिषद सदस्य समरोम पौल तोपनो, प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अंजलि रानी, प्रतिमा कुजुर, संगीता देवी, सूचिता तिर्की, अशोक उरांव एवं राजकुमार कोईराला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नहाए खाए के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : लोक आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होने जा रहा है। यह 4 दिवसीय कठिन व्रत सूर्य उपासना को समर्पित होता है, जिसमें व्रती कठोर नियमों का पालन करते हुए व्रती प्रकृति और सूर्य देव की आराधना करते हैं। हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्रि के बीच आने वाला यह पर्व विशेष धार्मिक महत्व रखता है। इस पर्व का अनुष्ठान जिले के उपायुक्त कंचन सिंह,सहित जिले के श्रद्धालु कर रहे हैं। आज उपायुक्त ने स्वयं गेहूं सुखाकर,सात्विक भोजन निर्माण कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया। चैती छठ की शुरूआत नहाय-खाय से होती है। इस दिन व्रती नदी, तालाब या किसी पवित्र जल स्त्रोत में स्नान कर शुद्धता का पालन करते हैं। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से कद्दू, चना दाल और अरवा चावल का भात शामिल होता है। यह दिन शरीर और मन की शुद्धि का प्रतीक माना जाता है। चैती छठ के दूसरे दिन यानी 23 मार्च को खरना पूजा की जाएगी। इस दिन व्रती पूरे दिन निराहार रहकर शाम को पूजा के बाद गुड़ और दूध से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। जो छठ व्रत की सबसे कठिन साधना मानी जाती है। तीसरे दिन 24 मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। सिमडेगा में केलाघाघ सूर्य मंदिर सरोवर तट सहित विभिन्न नदी या तालाब के किनारे पूरे विधि-विधान व्रती अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ देंगे। वहीं चौथे दिन 25 मार्च की उदयीमान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद व्रत का पारण कर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा।

## जिला स्तरीय इंटर कॉलेज हॉकी टूर्नामेंट का भव्य समापन, संत डोमिनिक इंटर कॉलेज बना विजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : रेंगारीह स्थित संत पीयूष इंटर कॉलेज मैदान में रविवार को जिला स्तरीय इंटर कॉलेज हॉकी टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के सात इंटर कॉलेजों की बालक एवं बालिका टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसने दर्शकों को भी खेल के प्रति आकर्षित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाडी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा की पहचान पूरे देश में हॉकी के लिए है। यहां की धरती ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को जन्म दिया है, जो आज देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में उसुर्लाईन इंटर कॉलेज सामटोली और संत डोमिनिक इंटर कॉलेज लचरागढ़ के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः संत डोमिनिक इंटर कॉलेज लचरागढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैच के दौरान खिलाड़ियों की गति, तालमेल और तकनीक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिमडेगा को हॉकी की नर्सरी के रूप में जाना जाता है। यहां के गांव-गांव में हॉकी के प्रति विशेष लगाव देखा जाता है। इस क्षेत्र ने अब तक दर्जनों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को देश को दिया है, जिनकी बदौलत सिमडेगा की पहचान खेल जगत में बनी हुई है। यहां के युवाओं के रग-रग में हॉकी बसती है, और यही जुनून उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने में सहायक बनता है। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं और जिले की खेल परंपरा को और मजबूत बनाते हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में नवीन आचार्यों हेतु साक्षात्कार संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में नवीन आचार्यों के चयन हेतु साक्षात्कार प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। विभिन्न विषयों के लिए पूर्व में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को इस साक्षात्कार में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया में प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे जी, श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड के सह मंत्री संजेश मोहन ठाकुर जी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हनुमान बोंदिया जी, सह सचिव रामकृष्ण महतो जी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक जी ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों का गहन एवं निष्पक्ष मूल्यांकन किया, जिससे योग्य एवं प्रतिभाशाली आचार्यों का चयन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर कुल 48 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। प्रत्येक अभ्यर्थी ने अपने ज्ञान, विषय विशेषज्ञता एवं शिक्षण कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक जी द्वारा बताया गया कि साक्षात्कार के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन शीघ्र ही किया जाएगा, जिससे विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। यह साक्षात्कार प्रक्रिया विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और ऊँचाई प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## पलाश ब्रांड : राष्ट्रीय मंच पर झारखंड की महिलाओं को मिल रही नई पहचान




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : राष्ट्रीय स्तर पर जेएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश मार्ट को सार्वजनिक नीति संवाद 2026 के दौरान इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, हैदराबाद में प्रदर्शित किया जा रहा है। यह मंच देशभर के नीति-निमार्ताओं, विशेषज्ञों और विकास क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच नवाचार और सफल पहलों को साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर झारखंड के सिमडेगा जिले से श्रीमती ब्रिजिट कंडुलना एवं गुमला जिले से श्रीमती अनीता देवी जेएसएलपीएस का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान ये दोनों महिलाएं न केवल अपनी व्यक्तिगत सफल यात्रा साझा कर रही हैं, बल्कि पलाश ब्रांड की स्थापना, उसके विकास और ग्रामीण आजीविका पर पड़े सकारात्मक प्रभाव के बारे में भी विस्तार से जानकारी दे रही हैं। पलाश मार्ट की पहल झारखंड की ग्रामीण महिलाओं द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार किए गए उत्पादों को एक संगठित पहचान और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के अंतर्गत हस्तशिल्प, खाद्य उत्पाद, वन उत्पाद तथा अन्य स्थानीय वस्तुओं को पलाश ब्रांड के तहत बाजार में उतारा जाता है, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है।

# बोकारो सखी महोत्सव 2026 का भव्य आगाज, डीसी व एसपी ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जिला प्रशासन द्वारा आयोजित बोकारो सखी महोत्सव 2026 का शुभारंभ रविवार को सेक्टर -4 स्थित मजदूर मैदान में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, फिल्मेकर शशि वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक सजावट, विभिन्न स्टॉलों की कतार और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला। शुभारंभ के बाद मुख्य अतिथि उपायुक्त (डीसी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) एवं विशिष्ट अतिथि फिल्मेकर शशि वर्मा ने महोत्सव परिसर का भ्रमण कर स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं द्वारा लगाए गए 53 स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उनके उत्पादों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर उनके कार्यों की जानकारी ली और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। महोत्सव में जिले के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य सामग्री, हस्तनिर्मित वस्त्र, सजावटी सामान एवं अन्य स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जा रही है। यह आयोजन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। बोकारो सखी महोत्सव में यह कोशिश की गई है कि यह आयोजन केवल सरकारी आयोजन न बन जाए, बल्कि सही मायने में यह महोत्सव का रूप ले, जिसमें यह जन भागीदारी हो, जिसमें अधिक से अधिक लोग आकर महिलाओं के उत्पादन का अवलोकन कर सके आनंद उठा सके और फिर सामानों को खरीद कर महिलाओं के सशक्तिकरण को और गति दे सके। इसके आकर्षण को बनाए रखने के लिए कुछ खास से व्यक्तित्व भी आए जिनकी देश में अपने खास पहचान है। पंचायत फिल्म निमार्ता शशि वर्मा की उपस्थिति सखी महोत्सव को महोत्सव का रूप देने में और असरदार रहा। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु वन प्रमंडल पदाधिकारी संदीप शिंदे, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, भूमि सुधार उप समाहर्ता सह नजारत उप समाहर्ता प्रभास दत्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, वरीय लेखा पदाधिकारी पंकज दुबे, सहित अन्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

### सरहुल पूजा महोत्सव का मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**तेनुघाट** : मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के योगेंद्र प्रसाद जी ने गोमिया प्रखंड अंतर्गत तेनुघाट में आयोजित अनुमंडल स्तरीय सरहुल पूजा महोत्सव का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने सरना स्थल पर माथा टेककर जनकल्याण एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री जी ने कहा कि सरहुल प्रकृति, परंपरा और हमारी सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### सीआईएसएफ, सीसीएल एवं गांधीनगर थाना की संयुक्त कार्रवाई में लगभग 20 टन अवैध कोयला जब्त



**बोकारो** : बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड क्षेत्र में कोयला खनन का मामला फिर एक बार सामने आया है गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर आज 22 मार्च 2026 रविवार को सीआईएसएफ यूनिट करगली के कमांडेंट राज प्रताप सिंह को ज्ञात हुआ कि वैद,कारो क्षेत्र में नव निर्मित माइंस के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला चोरी कर बाहर भेजने की योजना बनाई जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कमांडेंट राज प्रताप सिंह द्वारा संजय झा, जीएम (बी एंड के),को अवगत कराया गया। इसके उपरांत सीआईएसएफ, सीसीएल अधिकारियों एवं सीसीएल सुरक्षा कर्मियों की संयुक्त टीम घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर जीएम संजय झा भी उपस्थित हुए तथा स्थानीय पुलिस से समन्वय स्थापित करते हुए गांधीनगर थाना की टीम को बुलाया गया। सीआईएसएफ, सीसीएल एवं गांधीनगर थाना द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी (जॉइंट रेड) की गई, जिसमें लगभग 20 टन अवैध कोयला जब्त किया गया। जब्त कोयले को सीसीएल प्रबंधन को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया। इस सफल कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों के बीच भय का माहौल व्याप्त हो गया है तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगा है। उक्त छापेमारी अभियान में एस.के.सिन्हा (पीओ, कारो), माइंस मैनेजर मांझी, वी.ए. श्रीधर (सहायक कमांडेंट, सीआईएसएफ), सब-इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, संदीप कुमार, गांधीनगर थाना के सब-इंस्पेक्टर झा एवं उनकी टीम, सीसीएल सिक्योरिटी इंचार्ज महामाया पासवान एवं उनकी टीम, सीआईएसएफ की क्यूआरटी तथा अन्य बल सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वाद एवं संस्कृति का अनूठा संगम बीएसएल द्वारा फुड स्ट्रीट का भव्य आयोजन



**बोकारो** : रविवार को संध्या बोकारो के लिए यादगार रहेगी। बीएसएल की पहल पर पहली बार शहर में फुड स्ट्रीट का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने किया। गांधी चौक से बोकारो मॉल मोड़ तक सजे इस अनोखे फुड स्ट्रीट के उदघाटन के अवसर पर उप महानिरीक्षक (सीआईएसएफ) राजीव मिश्रा, महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन, अधिशासी निदेशक(एसआरयू) पी के रथ, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक(माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (परियोजना) अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक(एम एम) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ बी बी करुणामय, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनूप कुमार दत्त, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) एस के भारद्वाज सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। फुड स्ट्रीट में लगभग 70 फुड स्टॉल लगाए गए जिनमें देश के अलग-अलग प्रांतों के व्यंजन और पकवान बोकारो वासियों को उपलब्ध कराए गए। इनमें झारखण्ड के पारम्परिक व्यंजन भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे जबकि महिला समिति का फुड स्टॉल भी हमेशा की तरह लोगों को लुभाता रहा। इसके अलावा अन्य स्टॉल भी अपने खास व्यंजनों और स्वाद की खुशबु से बड़े, बुजुर्ग और बच्चों को आकर्षित करते रहे। देर शाम तक सजे फुड स्ट्रीट में खान-पान के साथ-साथ लोग गर्मजोशी के साथ एक-दूसरे से मिलते नजर आए और इस पूरे आयोजन को सार्थक बनाया।

### चांडिल-गिद्दीबेड़ा सड़क बदहाल, 6 किमी मार्ग जर्जर, निर्माण कार्य ठप, लोगों में आक्रोश

**सरायकेला** : खरसावां जिले के चांडिल गोलचक्कर से गिद्दीबेड़ा तक लगभग 6 किलोमीटर सड़क की स्थिति जर्जर बनी हुई है। वहीं चांडिल जलाशय से निकलने वाली नहर, जिसके किनारे से यह सड़क गुजरती है, उसकी बैरिकेडिंग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे बड़ी घटना होने का खतरा बना हुआ है। इन समस्याओं को देखते हुए पिछले साल 2 सितंबर को स्थानीय विधायक द्वारा साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से सड़क के राइडिंग सुधार कार्य का शिलान्यास किया गया था। इस कार्य को मार्च तक पूरा किया जाना था, लेकिन मार्च का अंत होने को है और सुधार कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है। यह मार्ग चांडिल, नीमडीह और कुकड़ू प्रखंड के लोगों के लिए जिला मुख्यालय और जिला अस्पताल जाने का एकमात्र प्रमुख मार्ग है। इसी सड़क के किनारे बालिका आवासीय विद्यालय, चांडिल प्रखंड सह अंचल कार्यालय, अग्निशमन केंद्र, नर्सिंग होम और स्टेडियम स्थित हैं। यह सड़क काफी व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों वाहनों का आवागमन होता है। करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बेहद खराब है। कई जगहों पर दो से ढाई फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं और पूरी सड़क काली धूल से ढकी हुई है। वाहनों के गुजरने पर धूल गुबार की तरह उड़ती है, जिससे दोपहिया सवार धूल से भर जाते हैं और सड़क किनारे स्थित दुकान व मकान भी प्रभावित हो रहे हैं। लोग धूल से बचने के लिए मुंह पर मास्क या रुमाल बांधकर गुजरने को मजबूर हैं। वहीं क्षेत्रीय विधायक सविता महतो ने बताया था कि सड़क में बड़े गड्ढों के कारण टेंडर की राशि कम पड़ रही थी, जिसके चलते राशि बढ़ाने के लिए आवेदन दिया गया था।

**एक नजर**

## पार्किंग शुल्क वसूलने पर पर्यटकों में दिखी नाराजगी



**साहिबगंज** : जिले के राजमहल प्रखंड में ईद के दूसरे दिन पर्यटन स्थलों पर मुस्लिम समुदाय के युवाओं, महिलाओं और बच्चों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। इस बीच स्वर्ण जयंती पार्क परिसर में पार्किंग शुल्क को लेकर लोगों और लेसीधारी के बीच झड़प की स्थिति बन गई। युवाओं ने आरोप लगाया कि मोटरसाइकिल पार्किंग के नाम पर इस वर्ष शुल्क वसूला जा रहा है जो बिलकुल गलत और अवैध है, जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को काफी परेशानी हो रही है। नगर पंचायत प्रबंधक, जितेश कुमार चौधरी ने बताया की रजिस्ट्री ऑफिस के सामने पार्किंग स्थल निर्धारित करते हुए निर्धारित रेट तय कर डाक बंदोबस्त किया गया था। शहर में बाइक और साइकिल का पार्किंग वहीं होना है। सूचना मिली है लेसीधारी द्वारा शहर के सिंघीदालान स्वर्ण जयंती पार्क में पार्किंग शुल्क लिया जा रहा है जो अवैध है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नहाय खाय के साथ ही आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा का हुआ शुभारंभ

**पाकुड़** : जिले सहित सम्पूर्ण प्रखंड में रविवार से चार दिवसीय आस्था का महा पर्व चैती छठ पूजा नहाए खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिवसीय इस महापर्व का शुभारंभ वर्त धारियों के द्वारा कद्दू भात के साथ ही शुरू किया गया। जहाँ नेम नियम के साथ ही वर्त धारियों ने नदी एवं अन्य जलाशयों में आज विधिवत स्नान ध्यान कर कद्दू भात का सेवन किया। कल सोमवार को खरना का कार्यक्रम होगा। इस महापर्व को लेकर लोगों में उत्साह का भाव है। मालूम हो कि नेक निष्ठा के इस महा पर्व में नियम का बहुत महत्व होता है। जिसे व्रतधारियों को करना पड़ता हैं। यही कारण है कि छठ पूजा का आयोजन बड़े ही निर्मल भाव के साथ किया जाता है। जहां की आज रविवार को छठ व्रत धारियों ने पहले दिन कद्दू भात का सेवन किया। जबकि दूसरे दिन महा प्रसाद का कार्यक्रम होगा। बताते चलें कि पहला अर्घ्य मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य तथा बुधवार को उदयमान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही इस महा पर्व का समापन हो जाएगा। इसे लेकर विभिन्न छठ पूजा घाट की साफ सफाई किया गया है। जहां व्रतधारियों के द्वारा अर्घ्य दिया जाएगा।

## महिला अंडर-23 क्रिकेट टीम घोषित, चांदमुनी पुरती बनी कप्तान

**पश्चिमी सिंहभूम** : झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली अंतर जिला महिला अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रविवार को पश्चिमी सिंहभूम टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम की कमान चांदमुनी पुरती को सौंपी गई है, जो बोर्ड मैच में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। घोषित टीम में चांदमुनी पुरती, यशोदा कुमारी, सीता सिंकू, प्रगति यादव, बेबी महतो, लक्ष्मी कुमारी, रोज कुल्लू, दिव्यांशी प्रिया, मेघा कुमारी नायक, अंशिका तिर्की, दिव्या गोप, डोली कुमारी, आर्यन कुमारी, सुमा कुमारी और नेहा कुमारी को शामिल किया गया है। महिला चयन समिति, जिसकी अगुआई शिवानी सिंह तिरिया ने की, ने पांच दिवसीय कैंप में खिलाड़ियों के फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर टीम का चयन किया। चयनित टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रविवार अपराह्न जमशेदपुर के लिए रवाना हो गई।

### विश्व जल दिवस पर रविन्द्र भवन में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली जल सहिया दीदियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के रविन्द्र भवन टाउन हॉल में रविवार को विश्व जल दिवस 2026 के अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह, सहायक अभियंता एवं जिला समन्वयक द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सहायक अभियंता द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि "जल महोत्सव" के अंतर्गत जिले के विभिन्न प्रखंडों में जागरूकता रैलियां, विद्यालयों में चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिताएं तथा जल स्रोतों की स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं। तकनीकी सत्र में जल संचयन की आधुनिक तकनीकों की भी जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता ने अपने संबोधन में विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पुराने तालाबों के जीर्णोद्धार, चापाकलों की मरम्मत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सोखता गड्ढों के निर्माण से भूजल स्तर में सुधार के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने जलापूर्ति योजनाओं के रख-रखाव में सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं समुचित उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जल का महत्व हमारे दैनिक जीवन के साथ-साथ सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने जल संकट की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि अनियंत्रित दोहन, जल स्रोतों का अतिक्रमण एवं प्रदूषण आने वाले समय में गंभीर संकट का कारण बन सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें, अनावश्यक बर्बादी को रोकें तथा वर्षा जल संचयन एवं जल स्रोतों के संरक्षण को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।उपायुक्त ने सभी से अपील किया कि जल संरक्षण को केवल एक सरकारी पहल न मानते हुए इसे जन-आंदोलन का रूप दें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## यूजीसी एक्ट काला कानून वापस हो : सवर्ण सेना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : यूजीसी एक्ट काला कानून के विरोध में साहिबगंज सवर्ण सेना के द्वारा विरोध जारी है। इसी क्रम में रविवार को सवर्णों समाज की बैठक वार्ड संख्या 26 जिरवाबाड़ी छोटा पचगढ़ में विरेंद्र झा की अध्यक्षता मे हुई।बैठक में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की वर्तमान भाजपा की सरकार पूरे देश में सामाजिक अंतर विरोध की स्थिति पैदा कर दी है,सामाजिक समरसता प्रेम भाव के ऊपर भीषण संकट उत्पन्न हो गया है। केंद्र सरकार अपने वोट बैंक की खातिर पूरे भारत के सवर्ण समाज के बच्चों के वर्तमान एवं भविष्य के साथ कुठाराघात यूजीसी एक्ट लाने का प्रयास कर रही है। जिसका व्यापक विरोध किया जाएगा। आने वाले लोक सभा चुनाव एवं विधान सभा निर्वाचन में भी सवर्ण जाति भाजपा सरकार के विरोध में अपना मत का प्रयोग करेंगे,आज की बैठक में निर्णय लिया गया कि सवर्ण सेना साहिबगंज के द्वारा बहुत जल्द जिला स्तर पर एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन करते हुए उपायुक्त साहिबगंज के माध्यम से राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा,एवं आगामी 13 अप्रैल 2026 को परशुराम जयन्ती के अवसर पर एक विशाल धरना प्रदर्शन का भी आयोजन किया जायेगा। यह जुलूस में साहिबगंज के सभी सवर्ण समाज के लोग भारी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में सवर्ण सेना साहिबगंज के जिला संयोजक डब्लू ओझा, अंकित पांडे, अनिल सिंह, संजय तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जमीनी विवाद को लेकर मारपीट, एसपी से लगाई न्याय की गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महादेवगंज बीच टोला निवासी संजू देवी पति रामप्रवेश यादव ने जमीनी विवाद के पुराने मामले में केस उठाने की धमकी देने एवं पति व देवर संतु यादव को बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर देने के मामले में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के गोपनीय कार्यालय में शनिवार को लिखित आवेदन देते हुए, दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही करने की मांग की है। जहां एसपी को दिए गए आवेदन पत्र में पीड़िता महिला ने जिक्र किया है कि बीते दिनों 19 मार्च को उसके पड़ोसी राजेश यादव, योगेश यादव, आदित्य यादव, विक्की यादव, सिक्कू यादव समेत अन्य लोगों ने उसके पति रामप्रवेश यादव को बांस के टुकड़ा से मारकर घायल कर दिया। वही दियारा से काम करके घर लौट रहे उनके देवर संतु यादव को भी सभी लोगों ने सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया एवं उसका बाईक को भी नुकसान पहुंचा दिया है। जहां गंभीर रूप से घायल देवर संतु यादव को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहाँ उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रांची रेफर कर दिया है। उधर इस मारपीट मामले में पीड़िता महिला के द्वारा मुफस्सिल थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया गया है, लेकिन अब तक कोई भी ठोस कार्यवाही पुलिस के द्वारा नहीं की गई है। जहां पीड़िता महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## नई उड़ान भरने को तैयार पाकुड़ की बेटियां अंडर-23 क्रिकेट टीम देवघर हुए रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : जिले के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। पहली बार पाकुड़ की बालिका अंडर-23 क्रिकेट टीम राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देवघर के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास का विशेष माहौल देखने को मिला। झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा देवघर में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए टीम को जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला क्रिकेट संघ के सचिव प्रणव तिवारी एवं टीम के प्रशिक्षक रानू सिंह ने खेल सामग्री प्रदान कर हर्षोल्लास के साथ विदा किया। सभी अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक सह जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष निधि द्विवेदी, जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को निखारने और राज्य स्तर पर पहचान बनाने का सुनहरा मौका है। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, टीम भावना और खेल भावना के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया। अधिकारियों ने यह भी कहा कि इस भागीदारी से जिले की अन्य बालिकाओं को भी खेल के प्रति प्रेरणा मिलेगी और भविष्य में और अधिक प्रतिभाएं सामने आएंगी। यह पहल जिले में महिला खेलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## चैती छठ का शुभारंभ, व्रतियों ने नहाय-खाय के साथ की पूजा की शुरूआत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ का शुभारंभ रविवार को नहाय-खाय के साथ हुआ। प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र सहित अन्य प्रखंडों में व्रतियों ने पारंपरिक विधि से कद्दू-भात और चना दाल ग्रहण कर व्रत की शुरुआत की। व्रतियों ने गंगा नदी में स्नान कर शुद्धता के साथ भगवान सूर्य की उपासना का संकल्प लिया। इसके बाद घरों में विधिपूर्वक कद्दू-भात और चना दाल बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में छठ पर्व की तैयारी को लेकर उत्साह नजर आया। बदले मौसम ने भी श्रद्धालुओं को राहत दी है। यह अनुकूल मौसम आगामी छठ पर्व के अन्य अनुष्ठानों- खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य के दौरान व्रतियों के लिए सहायक साबित होगा। प्रशासन की ओर से भी घाटों पर व्यवस्थाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। घाटों की सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्था की जा रही है। व्रतियों ने बताया कि वे अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए छठ पर्व मनाते हैं। वे भगवान सूर्य की उपासना कर अपने परिवार के लिए आशीर्वाद मांगते हैं। चैती छठ पर्व के अन्य अनुष्ठान इस प्रकार हैं। वहीं सोमवार को खरना, मंगलवार को संध्या अर्घ्य, बुधवार को उषा अर्घ्य व्रतियों द्वारा सूर्य को अर्घ्य देना और व्रत का पारण कर पर्व का समापन।

# इंडोर स्टेडियम व उधवा में सीएचसी अस्पताल का विधायक ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के राजमहल प्रखंड एवं उधवा प्रखंड को कई ऐतिहासिक सौगात रविवार को दिए। विधायक ने इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन करते हुए, खिलाड़ी एवं राजमहल के युवाओं को समर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके विधायक बनने के उपरांत खिलाड़ी का शिष्टमंडल इंडोर स्टेडियम बनाने का मांग किया था। एक वर्ष पूर्ण होते ही स्टेडियम युवा एवं खिलाड़ियों को समर्पित किया गया। डबल बैडमिंटन कोड के साथ इंडोर स्टेडियम तैयार हुआ है जिसके माध्यम से खिलाड़ी अपने प्रतिभा को निखार सकते हैं। जिला, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक के लिए खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं। वहीं उधवा प्रखंड के लिए नए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी अस्पताल के भवन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के उपरांत विधायक ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अपग्रेड कर अब उधवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है। मरीज से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। स्थाई प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भी हैं। दियारा क्षेत्र एवं आदिवासी क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रखंड क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सेवा से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने स्थानीय रैयत को पंचायत जनप्रतिनिधि के माध्यम से अस्पताल को मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए, एक वैकल्पिक सीधा रास्ता के लिए, आग्रह किए। जिस पर रैयतो अपने सहमति दी। उन्होंने विभागीय पदाधिकारी को कहा कि आउटसोर्सिंग से जो भी कर्मी की नियुक्ति होगी उसमें रैयत को प्राथमिकता देना है। राधानगर थाना के समीप पुलिस बैरक का भी उद्घाटन किया गया। विधायक ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की बागडोर पुलिस के पास होती है इसलिए समुचित सुविधा एवं संसाधन पुलिस के लिए भी आवश्यक है। उनके माध्यम से यह पहल की गई थी और आज पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के लिए बैरक बनाकर समर्पित किया गया है। आदिवासी क्षेत्र ग्राम सलटी पोखर में धूमकुड़िया भवन का शिलान्यास किया गया ताकि आदिवासी क्षेत्र में भी सार्वजनिक कार्यक्रम में भवन के आवश्यकता की पूर्ति हो सके।

**तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र का हुआ शिलान्यास**

राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल प्रखंड के नारायणपुर स्वास्थ्य उप केंद्र, उधवा प्रखंड के स्वास्थ्य उपकेंद्र प्यारपुर एवं स्वास्थ्य उप केंद्र पश्चिम उधवा का शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे दुरुस्त हो इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है भवन निर्माण भी उसी का हिस्सा है ताकि स्वास्थ्य कर्मी नियमित बैठकर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा से लोगों को लाभान्वित कर सकें। मौके पर कार्यपालक अभियंता रमाकांत, विधायक प्रतिनिधि सह नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू, सहायक अभियंता प्रेम कुमार, जिप सदस्य अब्दुल बारीक शेख, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, उधवा प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बाबू दा सचिव विश्वजीत मंडल, राजमहल सचिव दुर्गा मंडल, नगर अध्यक्ष मो आजाद, घीसु शेख, काजू मल्लिक, अवेदीन शेख, जिप सदस्य रानी हांसदा, सहित अन्य मौजूद थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## राजस्व को चूना, माफिया मालामाल: धमनी नदी बना अवैध बालू का अड्डा



**हिरणपुर** : जिले के हिरणपुरझलिट्टीपाड़ा क्षेत्र में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार अपने चरम पर है। हालात ऐसे हैं मानो कोई गुप्त अभियान चल रहा हो, लेकिन यहां सब कुछ खुलेआम हो रहा है। सिमलॉन्गझसुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के पास स्थित धमनी नदी में जैसे ही जलस्तर घटा, बालू माफियाओं की सक्रियता अचानक तेज हो गई। दिन-रात ट्रैक्टरों की आवाजाही से पूरा इलाका गूंज रहा है। ऐसा प्रतीत होता है मानो ईंधन की कोई कमी ही न हो। स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर नदी से बालू उठाकर आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। इससे एक ओर जहां माफिया भारी मुनाफा कमा रहे हैं, वहीं सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है। धमनी नदी से निकाला गया बालू तिरकुनी, महुलबोना, सूरमा पहाड़, बिंझ, हाथीगढ़, बरमसिया, हाथकाटी और हिरणपुर बाजार तक लगातार ढोया जा रहा है। इन मार्गों पर हर दिन सैकड़ों बालू लदे ट्रैक्टर गुजरते देखे जा सकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कई ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ऐसे ह्लबेनामह्व वाहनों की पहचान कर पाना मुश्किल है। यदि इनसे कोई बड़ा सड़क हादसा हो जाए, तो जिम्मेदारों तक पहुंचना बेहद कठिन हो सकता है। इधर, खनन विभाग और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उच्च स्तर से दिशा-निर्देश जारी होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है। ऐसा लगता है मानो संबंधित विभाग मूकदर्शक बने हुए हैं और माफिया बेखौफ होकर अवैध कारोबार चला रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक धमनी नदी का यह "बालू बैंक" यूं ही लुटता रहेगा क्या प्रशासन सख्त कदम उठाएगा या फिर यह खेल यूं ही चलता रहेगा स्थानीय लोग अब उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब प्रशासन सख्ती दिखाते हुए इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाएगा और जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करेगा।

## अपहरण व पोक्सो मामले के दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**साहिबगंज**: मुफ्फसिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना साहेबगंज से अपहरण, रेप एवं पोक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत माननीय विशेष न्यायालय पोक्सो, साहेबगंज से निर्गत स्थाई वारंटी अमन कुमार पासवान, पिता भोली पासवान उर्फ मनोज पासवान व विष्णु पासवान, पिता मुन्ना पासवान, दोनों का साकीन शोभनपुर भट्ठा, थाना मुफ्फसिल, जिला साहेबगंज को विगत शनिवार रात्रि को छापेमारी करते हुए पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार किया। जहां 22 मार्च 2026 को मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल साहिबगंज में शारीरिक जांच करवाने के बाद दोनों आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## विश्व जल दिवस पर साहिबगंज में जागरूकता अभियान, जल संरक्षण का दिया संदेश



**साहिबगंज**: झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में विश्व जल दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि पारा लीगल वॉलिंटियर्स-न्याय मित्रों द्वारा गांव-गांव में जाकर लोगों को जल संरक्षण के महत्व, स्वच्छ पेयजल के उपयोग, जल स्रोतों के संरक्षण तथा सरकार द्वारा संचालित जल संबंधी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि ह्लजल है तो कल हैह्व, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह जल का सदुपयोग करे और इसके संरक्षण के प्रति जागरूक रहे। लोगों को वर्षा जल संचयन, जल की बबार्दी रोकने, पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण तथा स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त लोगों को जल जीवन मिशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, ताकि वे स्वच्छ पेयजल एवं संबंधित सुविधाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही यह भी बताया गया कि स्वच्छ जल और स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वच्छ जल के महत्व को समझाना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता पहुंचाना था।

## पंचायत भवन के चापाकल को लेकर विवाद गहराया, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



**साहिबगंज**: राजमहल प्रखंड के घाटजामनी पंचायत स्थित पंचायत भवन परिसर में लगे चापाकल को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीणों ने मुखिया पति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने मनमानी करते हुए एक ठीक-ठाक चापाकल को काटकर उसमें सबमर्सिबल मोटर लगवा दिया और अब उसका उपयोग निजी तौर पर किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उक्त चापाकल महज चार महीने पहले ही विधायक की अनुशंसा पर आम जनता की सुविधा के लिए लगाया गया था, ताकि पंचायत भवन आने वाले लोगों और आसपास के ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा मिल सके। लेकिन अब इस चापाकल को इस तरह से परिवर्तित कर दिया गया है कि आम लोगों के उपयोग के लिए यह बेकार हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले यह चापाकल पूरी तरह से चालू हालत में था और सभी लोग इसका उपयोग करते थे, लेकिन मुखिया पति के इस कदम के कारण अब लोगों को पानी के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों ने मुखिया पति के इस कार्य की निंदा करते हुए प्रशासन से मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द से जल्द चापाकल को पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए ठीक नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## संक्षिप्त डायरी

## बिहार के इन दो जिलों में बनेंगे न्यूक्लियर पावर प्लांट

**पटना (एजेंसी)** बिहार में 2 न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जायेंगे. इसकी मंजूरी अंतिम फेज में है. इन दोनों न्यूक्लियर पावर प्लांट से करीब 1400 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा. राज्य के नवादा और बांका जिले में इसे स्थापित किया जाएगा. बिहार के नवादा और बांका जिले में न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जायेंगे. दोनों जिलों में प्लांट की मंजूरी लास्ट फेज में है. इसके चालू होने पर राज्य में लगभग 1400 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा. साथ ही राज्य को बिजली के क्षेत्र में बड़ा फायदा हो सकेगा. जानकारी के मुताबिक, नई दिल्ली में चार दिन तक चलने वाले भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 में राज्य सरकार के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी. इन जगहों पर भी लग रहा मेगा प्रोजेक्ट बिजली के क्षेत्र में भागलपुर के पीरपैंती में 2400 मेगावाट का प्रोजेक्ट लग रहा है. सांभावना जताई जा रही है कि यह 2029-30 तक पूरा होगा. एनटीपीसी नवीनगर में 2400 मेगावाट का विस्तार के साथ ही बरौनी में 800 मेगावाट का प्रोजेक्ट लग रहा है. इसके अलावा बिहार सरकार घर पर सोलर पैनल लगाने की योजना पर काम कर रही. इससे 6500 मेगावाट बिजली उत्पादन होगा. फ्लोटिंग सोलर के लिए निजी कंपनी अवाडा के साथ समझौता किया गया है. इससे हजार मेगावाट बिजली पैदा होगी. आने वाले चार-पांच साल में राज्य बिजली उत्पादन और वितरण के मामले में काफी आगे होगा. जानकारी के मुताबिक, समिट में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एनबीपीडीसीएल) को ह्यएह्न रेटिंग मिली है और यह देश की टॉप-5 सरकारी बिजली कंपनियों में शामिल हो गई है. साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) को 13वां स्थान मिला है.

ऊर्जा मंत्री ने क्या कहा?

ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव की माने तो, यह उपलब्धि राज्य सरकार की उपभोक्ता-केंद्रित बिजली व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है. उन्होंने भरोसा जताया कि तकनीक के बेहतर उपयोग से सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा.

## बिहार में मुखिया को मिला शूटर बुलाने का अधिकार

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार ने नीलगाय और जंगली सुअरों के आतंक से किसानों को बचाने के लिए मुखिया को शूटर हायर करने का अधिकार दिया है. अब पंचायत स्तर पर ही इन खतरनाक जानवरों को मारने का फैसला होगा. इसके लिए वन विभाग पेशेवर शूटरों का पैनल तैयार कर रहा है. पटना के आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसानों की सबसे बड़ी परेशानी जंगली जानवर बने हुए हैं. खेतों में मेहनत से उगाई गई फसल को जंगली सुअर और नीलगाय कुछ ही समय में बर्बाद कर देते हैं. कई बार तो पूरी फसल चौपट हो जाती है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है. लंबे समय से किसान इस समस्या का समाधान मांग रहे थे. विभाग ने लिया एक्शन अब पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार ने इस पर बड़ा फैसला लिया है. नए आदेश के अनुसार, अब हर ग्राम पंचायत के मुखिया को अधिकार दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र के बिना जंगल वाले इलाकों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले नीलगाय और जंगली सुअरों को मारने की अनुमति दे सकते हैं. यह फैसला वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत लिया गया है. इसके लिए कुछ नियम भी तय किए गए हैं. सीधे तौर पर कोई भी व्यक्ति इन जानवरों को नहीं मार सकता. इसके लिए लाइसेंसधारी और ट्रेंड शूटरों की मदद ली जाएगी. पैनल तैयार कर रही है सरकार सरकार ऐसे शूटरों का एक पैनल तैयार कर रही है.

## फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भड़कीं लालू की बेटी

**पटना (एजेंसी)** रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर उनके नाम से चल रहे फर्जी अकाउंट्स के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है. उन्होंने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है. लालू की बेटी ने कहा कि इन अकाउंट्स से भ्रामक और आपत्तिजनक कंटेंट फैलाया जा रहा है. लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर उनके नाम के दुरुपयोग करने वालों पर कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने अपने नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर चलाए जा रहे फर्जी अकाउंट्स के खिलाफ बिहार पुलिस के साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है. रोहिणी ने कहा कि इन फेक प्रोफाइल्स के जरिए उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है. फर्जी अकाउंट्स से फैलाया जा रहा भ्रामक कंटेंट रोहिणी आचार्य ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इस मामले की जानकारी शेयर करते हुए बताया कि कई अकाउंट्स उनके नाम से एक्टिव हैं. इन प्लेटफॉर्म्स पर गलत और आपत्तिजनक पोस्ट किए जा रहे हैं. उन्होंने साफ कहा कि इन अकाउंट्स से पब्लिश किसी भी कंटेंट से उनका कोई संबंध नहीं है और यह लोगों को गुमराह करने की साजिश है. सिर्फ ब्लू टिक वाले अकाउंट ही असली रोहिणी ने अपने समर्थकों और आम लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और केवल उनके वेरीफाइड (ब्लू टिक) अकाउंट पर ही भरोसा करें. उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके नाम से चल रहे बाकी सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल फर्जी हैं और उनसे दूर रहना चाहिए. आरोपियों की पहचान, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई रोहिणी आचार्य के मुताबिक, फर्जी अकाउंट चलाने वालों की पहचान कर ली गई है और इससे जुड़े सबूत बिहार पुलिस के साइबर सेल को सौंप दिए गए हैं. पुलिस ने भी मामले में तुरंत कार्रवाई करने का भरोसा दिया है. साइबर सेल अब संबंधित अकाउंट्स के आईपी एड्रेस और लोकेशन की जांच की जा रही है. सिंगापुर में रहकर भी राजनीति में एक्टिव सिंगापुर में रहने के बावजूद रोहिणी आचार्य बिहार और देश की राजनीति में लगातार एक्टिव रहती हैं. वह सोशल मीडिया के जरिए सरकार और नीतियों पर खुलकर अपनी राय रखती हैं. हाल ही में उन्होंने महंगाई और रुपए की गिरती कीमत को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए तंज भरा पोस्ट भी किया.

## पटना के दीघा में गोलंबर का 3 गुना बढ़ेगा दायरा

**पटना (एजेंसी)** पटना के दीघा में गोलंबर का दायरा 3 गुना बढ़ाया जाएगा. इसके बनने से लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सकेगा. साथ ही पूरे इलाके को बड़े ही आकर्षक तरीके से बनाया जा रहा है, जिससे यहां आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ सकेगी. पटना के कई हिस्सों में रोड का निर्माण किया जा रहा है. शहर में ट्रैफिक का दबाव कम हो सके, इसके लिए कई पहल किए जा रहे हैं. ऐसे में पटना और सोनपुर के बीच जेपी सेतु के लिए बन रहे दीघा में खास तैयारी की जा रही है. जानकारी के मुताबिक, एप्रोच रोड के सिरे पर मौजूद गोलंबर के दायरे को बढ़ाया जाएगा. इस वजह से होती है जाम की समस्या? जेपी सेतु का निर्माण केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से किया जा रहा है. यह वह जगह है जहां अटल पथ, जेपी गंगा पथ, पाटली पथ और जेपी सेतु का ट्रैफिक साथ में मिलता है. इसके कारण जाम की परेशानी काफी ज्यादा बढ़ जाती है. ऐसी परिस्थिती को देखते हुए आकर्षक रोटरी (गोलंबर) का निर्माण किया जाएगा. चार नई सड़कों का भी किया जाएगा निर्माण जानकारी के मुताबिक, यहीं से दीघा-शेरपुर गंगा पथ एक्सटेंशन भी आने वाले दिनों में किया जाएगा. नए 6 लेन जेपी सेतु से ट्रक और बस जैसी भारी गाड़ियां गुजरेंगी. पटना में टूरिज्म को मिल सकेगा बढ़ावा इस इलाके के डेवलप होने से यहां आने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ सकेगी, जिससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा. जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार ने जल्द ही इस प्रोजेक्ट को पूरा कर लेने की अपील की है. शहर में लगातार लोगों को जाम की परेशानी झेलनी पड़ रही है. ऐसे में कई सारे रोड प्रोजेक्ट्स पर काम किए जा रहे हैं

## उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार' की थीम पर सजेगा जश्न, 15 करोड़ के बजट से भव्य आयोजन

**16 साल में 5 गुना बढ़ा बिहार दिवस का बजट; 3 करोड़ से शुरू हुआ सफर अब 15 करोड़ के पार**

**पटना (एजेंसी)** बिहार दिवस समारोह मनाने की परंपरा इसी सदी में शुरू हुई, जबकि यह प्रांत 1912 में ही अस्तित्व में आया था। कैसे यह समारोह, कब शुरू हुआ और इस बार इस समारोह पर कितना खर्च हो रहा; जानें सबकुछ। बिहार दिवस के आयोजन का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। महज 16 साल में इसका बजट 3 करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 15 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। राज्य सरकार की ओर से हर साल 22 मार्च को आयोजित होने वाला यह समारोह इस बार भी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है। 2010 में बिहार दिवस समारोह की शुरूआत सीमित संसाधनों के साथ हुई थी, लेकिन समय के साथ इसका स्वरूप और बजट दोनों विस्तृत होते गए। शुरूआती वर्षों में जहां आयोजन पर करीब 3 से 5 करोड़ रुपये खर्च



होते थे, वहीं 2019 से 2022 के बीच यह आंकड़ा 10 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। 2023 से 2025 के बीच बजट 12 करोड़ रुपये रहा और वर्ष 2026 में इसे बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये से अधिक कर दिया गया है। अधिकारियों की मानें तो बिहार दिवस का उद्देश्य राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को मजबूत करना है। हर वर्ष थीम के जरिए राज्य की प्राथमिकताओं को सामने लाया जाता है। इसमें सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन, युवा सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और समावेशी विकास जैसे विषय शामिल होते हैं। 2010 से 2015 तक आयोजन का मुख्य फोकस बिहार की पहचान और छवि सुधार पर रहा। 2016 और 2017 में शराबबंदी थीम प्रमुख रही, जो राज्य की महत्वपूर्ण नीतियों से जुड़ी थी। 2020 और 2021 में कोविड-19 के कारण आयोजन सीमित रहा, लेकिन डिजिटल माध्यमों की शुरूआत हुई। 2022 से 2024 तक जल-जीवन-हरियाली पर जोर दिया गया, जबकि 2023 में युवाओं की भूमिका और रोजगार पर विशेष फोकस रहा। 2025 की थीम उन्नत बिहार, विकसित बिहाररही और इस वर्ष 2026 के लिए उन्नत बिहार, उज्ज्वल बिहार थीम तय की गई है। पटना में मुख्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। सरकार का लक्ष्य न सिर्फ राज्य की उपलब्धियों को प्रदर्शित करना है, बल्कि निवेश, पर्यटन और युवाओं के लिए नए अवसरों को भी बढ़ावा देना है।

## ईद की खुशियां मातम में बदली, पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी फरार

**पटना (एजेंसी)** पटना सिटी में पति द्वारा पत्नी की चाकू मारकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी पति वारदात के बाद मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में ईद की देर रात एक दर्दनाक हत्या की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मार्केट गली, मिसका टोली रोड निवासी 24 वर्षीय जेबा खातून की शनिवार देर रात चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतका के परिजनों ने उसके पति सोनू यादव पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। परिवार के मुताबिक, सोनू यादव पहले मुस्लिम समुदाय से जुड़ा था और उसका नाम मोहम्मद सोनू था। दिल्ली में काम करने के दौरान उसने अपना नाम बदलकर आधार कार्ड में सोनू यादव दर्ज करा लिया।

## बिहार के इस जिले में 5 नई सड़कें बनाने का प्रस्ताव, जानिए किस-किस इलाके में होगा निर्माण

**पटना (एजेंसी)** बिहार के जहानाबाद जिले में 5 नई सड़कें बनाए जाने की प्लानिंग है. इसे लेकर पथ निर्माण विभाग को प्रस्ताव भी भेजा गया है. इन सड़कों के बनने से लोगों का आना-जाना आसान हो सकेगा. साथ ही उन्हें वैकल्पिक रास्ते मिल सकेंगे. बिहार में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है. ऐसे में जहानाबाद जिले में 5 नई सड़कें बनाने का प्रस्ताव पथ निर्माण विभाग को भेजा गया है. जिले में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए यह निर्णय लिया गया है. जानकारी के मुताबिक, जिले में बनने वाली 5 नई सड़कों जुड़ाव स्टेट हाइवे और नेशनल हाइवे से होगा. कहां-कहां बनाई जा सकती है 5 सड़कें जहानाबाद-अरवल एनएच-33 के राजा बाजार से दक्षिणी दौलतपुर तक रोड बनाने की प्लानिंग है. पटना-गया एनएच-22 से मलहचक से गुजरते हुए पुराना थाना, अस्पताल मोड़ और खान बहादुर रोड तक एसएस कॉलेज से लाल से बीघा गुजरते हुए एसएच-71 तक रोड का निर्माण माले ऑफिस से एनएच-110 तक सड़क बनाने की प्लानिंग फिदा हुसैन मोड़ से मलहचक मोड़ होते हुए हवाई अड्डा मैदान तक रोड का निर्माण लोगों को मिलेगा ये फायदे अगर इन 5 सड़कों के निर्माण की मंजूरी मिलती है तो लोगों को वैकल्पिक रास्ता मिल सकेगा. शहर के अलग-अलग इलाकों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ सकेगी. साथ ही जाम की परेशानी से भी लोगों को राहत मिल सकेगी. जानकारी के मुताबिक, नगर परिषद की तरफ से प्रस्ताव विभाग को सौंपा गया है. सड़कों के डेवलप होने से लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध हो सकेगा. साथ ही उस इलाके में उद्योग का विकास भी हो सकेगा. व्यापारी आसानी से आपने सामान एक जगह से दूसरी जगह ले जा सकेंगे. हाईवे प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए प्लान तैयार राज्य में सड़कों और पुलों के निर्माण को लेकर पटना में एक बेहद महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें एनएचएआई (NHAI) के सीजीएम एलपी पाधी ने सीधे दिल्ली से पहुंचकर 46 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की. इस बैठक का सबसे बड़ा और पॉजिटिव मैसेज यह है कि अब लटकी हुए प्रोजेक्ट को डेडलाइन के भीतर पूरा करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है.

## बिहार के गांवों तक बस सेवा का विस्तार, 800 नए बस स्टॉप बदल देंगे यात्रा का अंदाज

**पटना (एजेंसी)** बिहार में गांवों में रहने वाले लोगों को कई बार दूर तक पैदल चलकर सड़क तक पहुंचना पड़ता है. अब इस समस्या को खत्म करने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. राज्य में 800 नए बस स्टॉप बनाए जाएंगे, जिससे सफर आसान होने वाला है. बिहार में सफर करने वाले आम यात्रियों के लिए परिवहन विभाग एक बड़ी राहत लेकर आया है.गांव-गांव तक बसों की पहुंच आसान बनाने के लिए राज्य के 1640 नए रूटों पर 800 आधुनिक बस स्टॉप बनाने का फैसला लिया गया है. इस कदम से न केवल घंटों का इंतजार खत्म होगा, बल्कि यात्रियों को सुरक्षा और सुविधाओं का नया अनुभव भी मिलेगा. किन शहरों की चमकेगी किस्मत? परिवहन विभाग की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, बस स्टॉप निर्माण के लिए बजट और अनुमति दोनों मिल चुकी है. पटना के अलावा गया, भागलपुर, छपरा, दरभंगा, पूर्णिया, सीतामढ़ी और राजगीर जैसे प्रमुख शहरों में इनका जाल बिछाया जाएगा. अधिकारियों का लक्ष्य है कि दिसंबर से पहले इन सभी 800 बस स्टॉप का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाए ताकि सर्दियों में यात्रियों को सुविधा मिल सके. हाईटेक कैमरों से होगी आपकी सुरक्षा महिला और बुजुर्ग यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है. रिपोर्ट के मुताबिक, इन सभी बस स्टॉप को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा, विभाग एक ऐसा प्रस्ताव तैयार कर रहा है जिसमें ड्राइवरों के ठहरने और आराम करने की व्यवस्था होगी. ड्राइवरों को पर्याप्त आराम मिलने से सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी. पुराने और जर्जर हो चुके बस स्टॉप की पहचान कर उन्हें भी जल्द दुरुस्त किया जाएगा.

## बिहार में बेमौसम बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मिलेगा मुआवजा, होगा नुकसान का सर्वे

**पटना (एजेंसी)** बिहार में बेमौसम आंधी और बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है. कटाई के लिए तैयार फसलें खेतों में ही बिछ गईं और कई जगह जलभराव से भारी नुकसान हुआ. सरकार ने किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जिलाधिकारियों को तुरंत सर्वे का आदेश दिया गया है. बिहार में बीते 24 घंटों में मौसम के रौद्र रूप ने किसानों की फसल चौपट कर दी हैं. तैयार खड़ी रबी फसलें आंधी और बारिश में बर्बाद हो गईं, जिससे खेतों में भारी नुकसान हुआ है. कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बेमौसम बारिश और ओला गिरने से हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि सरकार के खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ित किसानों का है. शुरू होगी किसानों के नुकसान की मैपिंग कृषि मंत्री ने राज्य के सभी जिलाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से खेतों में जाकर फसलों की क्षति का



आकलन करने का निर्देश दिया है. जिन क्षेत्रों में 33 प्रतिशत से अधिक फसल बर्बाद हुई है, वहां की विस्तृत रिपोर्ट आपदा प्रबंधन विभाग को सौंपने को कहा गया है. सरकार का लक्ष्य है कि बिना किसी देरी के पीड़ित किसानों की पहचान की जाए ताकि मुआवजे की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा सके. इन फसलों का हुआ नुकसान अचानक बदले मौसम के मिजाज ने सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं, मक्का और सरसों की फसलों पर पहुंचाई है. कटाई के लिए तैयार खड़ी फसलें तेज हवाओं के कारण खेतों में बिछ गई हैं और जलभराव के कारण अनाज की गुणवत्ता खराब होने का डर है. मोकामा और आसपास के टाल क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि दलहन की फसलों का नुकसान है. दलहन अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, इस बारिश ने न केवल अनाज बल्कि पशुचारे के संकट को भी बढ़ा दिया है. आम और लीची के बगानों नुकसान की होगी मैपिंग केवल रबी फसलें ही नहीं, बल्कि बिहार की शान माने जाने वाले आम और लीची के बागों पर भी आफत बरसी है. तेज आंधी के कारण पेड़ों पर लगे बौर (फूल) बुरी तरह झड़ गए हैं, जिससे इस साल फलों के उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका जताई जा रही है. बगान मालिकों का कहना है कि साल भर की मेहनत पर पानी फिरने से उन्हें बड़े आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है. मुजफ्फरपुर और आसपास के इलाकों में लीची की फसल को लेकर किसान काफी मायूस हैं. धैर्य रखें अन्नदाता, हम आपके साथ हैं कृषि मंत्री ने किसानों से भावुक अपील करते हुए कहा है कि वे इस मुश्किल घड़ी में धैर्य बनाए रखें. उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा. सरकार नियमानुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी. वर्तमान में रबी फसलों की कटाई का सीजन चल रहा था, ऐसे में कुदरत की इस मार ने किसानों की पूरी साल की प्लानिंग को अस्त-व्यस्त कर दिया है.

## रंग-बिरंगी लाइटों से गुलजार हो जायेंगे पटना के 49 छठ घाट, बारिश को लेकर प्रशासन अलर्ट

**पटना (एजेंसी)** पटना में चैती छठ को लेकर 49 घाट तैयार किए गए हैं. आज शाम-शाम तक ये सभी घाट रंग-बिरंगी लाइटों से गुलजार हो जायेंगे. इन घाटों पर सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम भी किए गए हैं. साथ ही बारिश की संभावना को लेकर प्रशासन अलर्ट है. नहाय-खाए से चैती छठ की शुरूआत हो गई है. पटना में 49 घाट सज-धज कर तैयार हो गए हैं. शाम-शाम तक ये रंगीन रोशनी से जगमग भी हो जायेंगे, इसे लेकर काम लगभग पूरा कर लिया गया है. गंगा नदी के किनारे और तालाबों को मिलाकर 49 घाट छठ व्रतियों के लिए तैयार किए गए हैं. छठ घाटों पर मिलेंगी ये व्यवस्थाएं जानकारी के मुताबिक, बड़े स्तर से पाटलिपुत्र अंचल में छह घाट तैयार किए गए हैं. यहां जेपी गंगा पथ और अंडरपास से पहुंचने का रास्ता तैयार किया गया है. लेकिन, बारिश होने के बाद दलदल जैसी स्थिति बन गई है. कई अंडरपास समतल भी नहीं है. लेकिन काम



पूरा कर लिया जाएगा. घाटों पर व्रतियों की सुविधा के लिए बैरिकेडिंग, वॉच टावर, चेक पोस्ट, पार्किंग, शौचालय, पेयजल और चेंजिंग रूम जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं. कीचड़ और फिसलन वाली जगहों पर विशेषकर गंगा किनारे के रेतीले रास्तों पर चलना मुश्किल हो गया है. इसे देखते हुए नगर निगम अलर्ट है. फिसलन वाले रास्तों पर बालू की बोरियां रखी जा रही हैं ताकि व्रतियों को परेशानी न हो. रविवार दोपहर तक रोशनी और सजावट का बचा हुआ काम हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं. गंगा नदी में नावों के परिचालन पर रहेगी रोक छठ व्रतियों के लिए भव्य घाट जेपी सेतु के नीचे तैयार किया गया है. यहां घाट संख्या 83, 88 और 93 पर गंगा की धारा दूर होने के कारण दलदल कम है और पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है. इन घाटों की जानकारी नगर निगम के चैट-बॉट पर भी मिल जाएगी. जानकारी के मुताबिक, छठ को लेकर गंगा नदी में 22 मार्च से 25 मार्च तक नावों के परिचालन पर रोक रहेगी. पटना सदर एसडीओ कृतिका मिश्रा ने आदेश जारी किया है.

## बिहार में 26 मार्च से एक्टिव होगा पश्चिमी विक्षोभ, जानिए मौसम पर क्या पड़ेगा असर

**पटना (एजेंसी)** बिहार में शनिवार से बिहार के अलग-अलग जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है. झमाझम बारिश का दौर देखा जा रहा है. आज भी कई जिलों में सुबह से बादलों की आवाजाही देखी जा रही है. इस बीच मौसम विभाग की माने तो, 26 मार्च से पश्चिमी विक्षोभ विकसित हो सकता है. बिहार में मौसम ने करवट लिया और झमाझम बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली. शनिवार को पटना के अलावा अन्य कई जिलों में झमाझम बारिश हुई. जबकि रविवार को सुबह से बादलों की आवाजाही देखी जा रही है. इस बीच मौसम विभाग की माने तो, 25 मार्च तक मौसम सामान्य बना रहेगा. कोई भी चेतावनी जारी नहीं की गई है. 26 मार्च को इन जिलों में येलो अलर्ट जारी 25 मार्च के बाद फिर मौसम बदल सकता है. 26 मार्च को बिहार के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. उन जिलों में पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद शामिल है. पश्चिमी विक्षोभ डेवलप होने से मौसम पर असर मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार पूर्वी बंगलादेश और आस-पास के समुद्री तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. इसके अलावा पूर्वी भारत के ऊपर 12.8 किलोमीटर



ऊपर ऊंचाई पर पछुआ जेट स्ट्रीम 70 नाट्स की रफ्तार से चल रही है. इसके कारण मौसम में परिवर्तन हुआ है. इसके अलावा 26 मार्च से एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ विकसित हो रहा है. जिसका असर भी देखने को मिलेगा. मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में 7.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है. जबकि बारिश के बाद पूरे दिन बादल छाये रहने और नमी से साथ चलने वाली हवाओं के कारण शहर के अधिकतम तापमान में 8.7 डिग्री सेल्सियस की कमी आई और अधिकतम पारा 24.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इसके अलावा न्यूनतम तापमान 18.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार अगले 24 घंटे के बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है.

## जेपी गंगा पथ बनेगा नया टूरिस्ट हब, 7 KM लंबा गार्डन, बटरफ्लाई पार्क से साइकिल ट्रैक तक का प्लान

**पटना (एजेंसी)** पटना में लोगों के पास घूमने-फिरने के लिए सीमित विकल्प रहे हैं, खासकर खुले और हरियाली वाले स्पेस की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी. शहर की भागदौड़ और प्रदूषण के बीच सुकून भरी जगह की जरूरत लगातार बढ़ रही थी. अब जेपी गंगा पथ पर 7 किलोमीटर लंबा भव्य उद्यान बनने जा रहा है, जो पटना की तस्वीर बदल देगा. पटना की लाइफलाइन बन चुके मरीन ड्राइव का स्वरूप अब पूरी तरह बदलने वाला है. गंगा की लहरों के किनारे अब सिर्फ गाड़ियां ही नहीं दौड़ेंगी, बल्कि लोगों को विश्वस्तरीय सैर-सपाटे का अनुभव भी मिलेगा. सरकार ने दीघा से लेकर सभ्यता द्वार तक करीब 7 किलोमीटर लंबे इलाके को एक भव्य ह्यसमग्र पार्कह्न के रूप में विकसित करने का मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसका काम अब जमीन पर दिखने लगा है. आखिर क्यों खास होने वाला है प्रोजेक्ट? 330 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बनने वाले इस पार्क में प्रकृति और आधुनिकता का बेजोड़ संगम दिखेगा. यहां न केवल हरियाली होगी, बल्कि बटरफ्लाई पार्क, बोटेनिकल गार्डन और ओपन जिम जैसी सुविधाएं भी होंगी. मिट्टी भराई का काम युद्धस्तर पर शुरू हो चुका है और अगले दो सालों में यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा. दीघा से सभ्यता द्वार तक करीब 7 किलोमीटर लंबा समग्र पार्क विकसित किया जाएगा. यह प्रोजेक्ट पटना के रिवरफ्रंट को नया रूप देगा और इसे एक बड़े पर्यटन केंद्र में बदल देगा लगेंगे एक लाख से अधिक पौधे इस 7 किलोमीटर लंबे स्ट्रेच में अलग-अलग प्रजातियों के एक लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे. लगभग 50 हेक्टेयर के इस हरित क्षेत्र में 8 हेक्टेयर का हिस्सा विशेष रूप से वनस्पति पार्क के लिए आरक्षित होगा. सुबह की सैर करने वालों के लिए 7 किलोमीटर लंबा वॉकिंग ट्रैक और साइकिल प्रेमियों के लिए अलग से साइकिल ट्रैक बनाया जा रहा है, जो फिटनेस के साथ-साथ सुकून भरे पल भी देगा. महिलाओं के लिए हाट इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत यहां बनने वाला महिला हाट है. यह विशेष बाजार महिला उद्यमियों के लिए होगा, जहां वे अपने हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, पेंटिंग और घरेलू उत्पादों को बेच सकेंगी. इससे न केवल बिहार की कला को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा मिलेगी. साथ ही, यहां आने वाले लोगों को पार्किंग की समस्या न हो, इसके लिए 4 हजार कारों और 13 हजार दोपहिया वाहनों की विशाल पार्किंग क्षमता विकसित की जा रही है. पर्यटन का नया केंद्र बनेगा जेपी गंगा पथ बिहार राज्य पथ विकास निगम की इस पहल से जेपी गंगा पथ अब




केवल एक सड़क नहीं, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का टूरिस्ट हब बनकर उभरेगा. टहलने के बाद लोग बेंचों पर बैठकर गंगा की ठंडी हवाओं का आनंद ले सकेंगे और आकर्षक कलाकृतियों के साथ सेल्फी ले सकेंगे. सभ्यता द्वार के पास बनने वाला बटरफ्लाई पार्क बच्चों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा.

हिंदू धर्म में भगवान राम को विष्णु का अवतार माना गया है। इनके बारे में कई ग्रंथ लिखे गए। रामचरितमानस में भगवान राम की महिमा को जो वर्णन मिलता है। वह सभी के दिलों को छू लेता है। क्या आप जानते हैं विष्णु जी के सातवें अवतार श्री राम ने मर्यादा की स्थापना और अपनी मां कैकेयी की इच्छापूर्ति के लिए राजगद्दी छोड़ दी थी और वनवास स्वीकार किया था। इसलिए ही श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।



# भगवान राम के आलौकिक कार्य



श्री राम के जीवनकाल को महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत महाकाव्य रामयण में वर्णित किया है। राम पर तुलसीदास ने भी रामचरितमानस रचा है। राम के अलौकिक कार्यों को वाल्मीकि ने रामायण महाकाव्य में संस्कृत में वर्णित किया, जिसे तुलसीदासजी ने रामचरितमानस नाम से अवधि में रचा।

कहा जाता है कि भगवान राम का जन्म मनु के 10 पुत्रों में से एक पुत्र इक्ष्वाकु के कुल में हुआ था।

चैत्र नवमी को भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ था। इसी उपलक्ष्य में चैत्र नवमी को रामनवमी के रूप में भी जाना जाता है।

ऐसा भी कहा जाता है कि माता सीता की रावण से रक्षा करने जाते समय रास्ते में आए समुद्र को पार करने के लिए भगवान राम ने एकादशी का व्रत किया था।

माना जाता है कि भगवान राम ने रावण को युद्ध में परास्त करने के बाद रावण के छोटे भाई विभीषण को लंका का राजा बना दिया था।

पुराणों में कहा गया है कि माता कैकेयी के कहे अनुसार वनवास जाते समय भगवान राम की आयु 27 वर्ष थी.

राम-रावण के युद्ध के समय इंद्र देवता ने श्री राम के लिए दिव्य रथ भेजा था। इसी में बैठकर भगवान राम ने रावण का वध किया था।

राम-रावण का युद्ध खत्म न होने पर अगस्त्य मुनि ने राम से आदित्य ह्रदय स्तोत्र का पाठ करने को कहा था।

अरण्य नामक राजा ने रावण को श्राप दिया था कि मेरे वंश से उत्पन्न युवक तेरी मृत्यु का कारण बनेगा। इन्ही के वंश में श्री राम ने जन्म लिया था। यह भी कहा जाता है कि गौतम ऋषि ने अपनी पत्नी अहिल्या को पत्थर बनने का श्राप दिया था. इस श्राप से उन्हें भगवान राम ने ही मुक्ति दिलाई थी।

# प्राचीन काली मंदिर का है अपना अलग महत्व

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में पर्वतों के बीच कालापानी का प्राचीन काली मंदिर बना हुआ है। कहा जाता है कि यहीं से काली नदी की शुरुआत होती है। लोगों की मान्यता है कि मंदिर के पास बहने वाली एक छोटी सी पवित्र धारा ही आगे चलकर काली नदी का रूप ले लेती है। यही काली नदी आगे जाकर भारत और नेपाल के बीच प्राकृतिक सीमा भी बनाती है। मंदिर परिसर में बहते इस जल को लोग देवी काली का आशीर्वाद मानते हैं और श्रद्धा के साथ इसे अपने साथ ले जाते हैं। कालापानी का यह काली मंदिर आदि कैलाश और ओम पर्वत की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक अहम पड़ाव भी है। जो भी यात्री इस दुर्गम और दिव्य यात्रा पर निकलते हैं, वे यहां रुककर माता काली के दर्शन जरूर करते हैं और आगे की यात्रा के



लिए आशीर्वाद लेते हैं। चारों तरफ फैली बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियां, ठंडी हवाएं और शांत वातावरण इस जगह को और भी विशेष बना देते हैं। मंदिर के पास ही व्यास गुफा भी स्थित है।

मान्यता है कि महान ऋषि वेद व्यास ने इसी गुफा में बैठकर कठोर तपस्या की थी और यहीं से उन्होंने ज्ञान की अलौकिक रोशनी से मानवता को मार्ग दिखाया। इसी कारण यह स्थान सिर्फ एक मंदिर नहीं, बल्कि एक पवित्र तपोभूमि भी माना जाता है। मान्यता है कि यह जगह पांडवों की कथाओं से भी जुड़ी हुई है। माना जाता है कि अपने वनवास के दौरान पांडवों ने इस क्षेत्र में कुछ समय बिताया था। आसपास के कई स्थानों के नाम जैसे भीम शिला और युधिष्ठिर मार्ग इन्हीं कथाओं से जुड़े बताए जाते हैं। इस क्षेत्र में रहने वाला भोटिया समुदाय काली माता को अपना रक्षक देवता मानता है। उनका विश्वास है कि माता काली इस पूरी घाटी की रक्षा करती हैं और सच्चे मन से आने वाले यात्रियों की यात्रा सुरक्षित बनाती हैं हालांकि कालापानी तक पहुंचना आसान नहीं है। यात्रियों को धारचूला से कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरना पड़ता है।

# झाड़ू को बेड के नीचे रखना उचित नहीं माना जाता

बेडरूम ऐसी जगह मानी जाती है जहां व्यक्ति दिनभर की थकान के बाद आराम करता है, इसलिए यहां की व्यवस्था और वस्तुओं का सही स्थान बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यदि बेड या उसके आसपास कुछ चीजों को गलत तरीके से रखा जाता है तो इससे नकारात्मक ऊर्जा बढ़ने की संभावना रहती है, जिसका असर मानसिक शांति और जीवन की संतुलित स्थिति पर पड़ सकता है। कई लोग कमरे को व्यवस्थित दिखाने के लिए बेड के नीचे अलग-अलग सामान रख देते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र में इसे उचित नहीं माना गया है। माना जाता है कि बेड के नीचे ज्यादा सामान रखने से ऊर्जा का प्रवाह प्रभावित होता है। खासतौर पर लोहे से बनी वस्तुओं को बेड के नीचे रखने से बचना चाहिए। ऐसी वस्तुएं जो लंबे समय तक उपयोग में नहीं आतीं, उन्हें बेड के नीचे जमा कर देने से वातावरण में नकारात्मकता बढ़ सकती है।


झाड़ू को भी बेड के नीचे रखना उचित नहीं माना जाता है। वास्तु मान्यताओं के अनुसार इससे घर के वातावरण और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए झाड़ू को हमेशा निर्धारित स्थान पर ही रखना बेहतर माना जाता है।

इसी तरह सोने-चांदी के आभूषण भी बेड के नीचे नहीं रखने चाहिए। वास्तु शास्त्र में इसे शुभ नहीं माना जाता और ऐसा करने से आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की मान्यता है।

अक्सर लोग पढ़ते-पढ़ते किताबें या अन्य चीजें बेड पर ही छोड़ देते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार ऐसा करना उचित नहीं माना जाता। बेड को हमेशा साफ और व्यवस्थित रखना चाहिए। माना जाता है कि बेड पर अनावश्यक वस्तुएं छोड़ने से मानसिक अशांति और नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है।

सोने वाले स्थान के आसपास भी कुछ चीजों को रखने से बचना चाहिए। जूते-चप्पल को बेड के पास रखना वास्तु की दृष्टि से सही नहीं माना जाता। इन्हें हमेशा कमरे के निर्धारित स्थान पर ही रखना बेहतर होता है।

इसी तरह कई लोग रात में सुविधा के लिए पानी की बोतल बेड के बिल्कुल पास रख लेते हैं, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार इसे थोड़ी दूरी पर रखना अधिक उचित माना जाता है। इसके अलावा



घड़ी, लैपटॉप या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी बेड पर या उसके आसपास छोड़ना सही नहीं माना जाता, क्योंकि इससे विश्राम के वातावरण पर असर पड़ सकता है।

वास्तु शास्त्र में बेडरूम और उसमें रखे बेड की दिशा को भी महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यता है कि यदि बेड सही दिशा में रखा हो तो घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बेहतर बना रहता है। वास्तु नियमों के अनुसार बेडरूम का स्थान उत्तर-पश्चिम या दक्षिण-पश्चिम दिशा में होना शुभ माना जाता है। वहीं बेड को इस प्रकार रखना उचित माना जाता है कि सोते समय सिर की दिशा दक्षिण या पूर्व की ओर हो।



# चकला-बेलन से जुड़ी ये गलतियां भूलकर भी न करें, वरना झेलनी पड़ सकती हैं कई दिक्कतें

हिंदू धर्म में किचन यानी रसोईघर का विशेष महत्व बताया गया है। रसोईघर को अन्न की देवी मां अन्नपूर्णा का स्थान माना गया है। यही वजह है कि रसोईघर को हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए। रसोईघर को स्वच्छ रखने से धन-धान्य से भंडार सैदव भरा रहता है। वास्तु शास्त्र में रसोईघर और उसमें मौजूद सामान तक को लेकर कई नियम बताए गए हैं। तो आज हम आपको बताएंगे चकला बेलन से जुड़े वास्तु नियम के बारे में।

चकला-बेलन को गंदा न रखें

वास्तु शास्त्र के मुताबिक, चकला-बेलन को कभी भी गंदा नहीं रखना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद चकला-बेलन को साफ कर लें और फिर सूखा कर रख दें। चकला-बेलन को गंदा छोड़ने से घर में वास्तु दोष उत्पन्न होता है।

आवाज वाले चकला-बेलन का इस्तेमाल न करें

वास्तु के अनुसार, ऐसे चकला-बेलन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, जो रोटी बनाते समय आवाज करता हो। इससे घर में क्लेश होता है। इसके साथ रही धन की भी हानि होती है। रोटी बनाने के लिए हमेशा पत्थर या लकड़ी का चकला-बेलन का उपयोग करना चाहिए।

चकला-बेलन इस नहीं खरीदना चाहिए?

मंगलवार और शनिवार के दिन चकला-बेलन नहीं खरीदना चाहिए। वास्तु की माने तो चकला-बेलन के लिए गुरुवार और बुधवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। चकला-बेलन खरीदते समय ध्यान रखें क ये कहीं से भी ऊंचा नीचा न हो।



# ऐसी हथेली वाले होते हैं गुस्सैल

आप किसी भी व्यक्ति की हथेली को देखकर जान सकते हैं कि वह इंसान क्रोधी स्वभाव का है या फिर शांत यानि मृदु स्वभाव का है। इसको जानने से पहले आपको हथेली को ध्यान से देखना होगा, इसके लिए कुछ बात का ध्यान रखना होगा।

**ऐसी हथेली वाले होते हैं गुस्सैल**

अपने किसी भी हाथ की हथेली को सामने की ओर सीधा खोलकर रख लें। अब आप अपनी तर्जनी अंगुली यानि अंगूठे के बाद वाली अंगुली और अंगुठे को ध्यान से देखें। यदि आपका अंगूठा तर्जनी अंगुली के मूल भाग के बराबरी पर आता है तो आप गुस्सैल स्वाभाव के हो सकते हैं। आपको जल्दी गुस्सा आता है। आप छोटी छोटी बातों पर गुस्सा होने वाले व्यक्ति हो सकते हैं।

**ऐसी हथेली वाले होते हैं शांत स्वभाव वाले**

यदि आपका अंगूठा तर्जनी अंगूली के मूल भाग से आगे तक जाता है तो आप शांत यानि मृदु स्वभाव के हो सकते हैं। आप प्राय: शांत रहने वाले व्यक्ति हो सकते हैं। आप छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा नहीं होते है। गुस्सा आता भी है तो जल्द ही खत्म भी हो जाता है।

# ख़राब वाणी से हमें उठाना पड़ता है जीवन में आर्थिक नुक्सान

ग्रहों का व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ व्यवहार पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है। हमारा व्यवहार हमारे ग्रहों की स्थितियों से संबंध रखता है या हमारे व्यवहार से हमारे ग्रहों की स्थितियां प्रभावित होती हैं। अच्छा या बुरा व्यवहार सीधा हमारे ग्रहों को प्रभावित करता है। ग्रहों के कारण हमारे भाग्य पर भी इसका असर पड़ता है। कभी-कभी हमारे व्यवहार से हमारी किस्मत पूरी बदल सकती है।

वाणी- वाणी का संबंध हमारे पारिवारिक जीवन और आर्थिक समृद्धि से होता है।

ख़राब वाणी से हमें जीवन में आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ता है।

कभी-कभी आकस्मिक दुर्घटनाएं घट जाती हैं।

कभी-कभी कम उम्र में ही बड़ी बीमारी हो जाती है।

वाणी को अच्छा रखने के लिए सूर्य को जल देना लाभकारी होता है।

गायत्री मंत्र के जाप से भी शीघ्र फायदा होता है।

आचरण-कर्म

हमारे आचरण और कर्मों का संबंध हमारे रोजगार से है।

अगर कर्म और आचरण शुद्ध न हों तो रोजगार में समस्या होती है।

व्यक्ति जीवन भर भटकता रहता है।

साथ ही कभी भी स्थिर नहीं हो पाता।

आचरण जैसे-जैसे सुधरने लगता है, वैसे-वैसे रोजगार की समस्या दूर होती जाती है।

आचरण की शुद्धि के लिए प्रात: और सायंकाल ध्यान करें।

इसमें भी शिव जी की उपासना से अद्भुत लाभ होता है।

जिम्मेदारियों की अवहेलना

जिम्मेदारियों से हमारे जीवन की बाधाओं का संबंध होता है।

जो लोग अपनी जिम्मेदारियां ठीक से नहीं उठाते हैं उन्हें जीवन में बड़े संकटों, जैसे मुक़दमे और कर्ज का सामना करना पड़ता है।

व्यक्ति फिर अपनी समस्याओं में ही उलझ कर रह जाता है।

अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कोताही न करें।

एकादशी का व्रत रखने से यह भाव बेहतर होता है।

साथ ही पौधों में जल देने से भी लाभ होता है।

सहायता न करना-

अगर सक्षम होने के बावजूद आप किसी की सहायता नहीं करते हैं तो आपको जीवन में मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।


कभी न कभी आप जीवन में अकेलेपन के शिकार हो सकते हैं।

जितना लोगों की सहायता करेंगे, उतना ही आपको ईश्वर की कृपा का अनुभव होगा।

आप कभी भी मन से कमजोर नहीं होंगे।

दिन भर में कुछ समय ईमानदारी से ईश्वर के लिए जरूर निकालें।

इससे करुणा भाव प्रबल होगा, भाग्य चमक उठेगा।



# आईपीएल में 339 रन बनाते ही 9000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन जायंगे विराट

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के 19 वें सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक ऐसा रिकार्ड अपने नाम करने जा रहे है जहां तक कोई और बल्लेबाज नहीं पहुंच पाया है। आईपीएल का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। आईपीएल 2026 का पहला ही मुकाबला आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 28 मार्च को खेला जाना है। इस सत्र में विराट कोहली 339 रन बनते ही आईपीएल लीग में 9000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन जायेंगे।

दो बार ऑरेंज कैप विजेता विराट कोहली के लिए ये मुश्किल भी नहीं है। वह हमेशा ही आईपीएल में 500 से अधिक रन बनाते आये हैं। ऐसे में वह इस बार लीग के इतिहास में 9000 रन बनाने वाले वह पहले बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली का पिछले तीन सत्र में औसत 53 से ऊपर रहा है विराट ने साल 2023 में 53.25 की औसत से 639, 2024 में 61.75 की औसत से 741, और 2025 में 54.75 की औसत से 657 रन बनाए थे।

कोहली के पिछली बार 2025 में किए गए प्रदर्शन की आरसीबी को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका रही है। साल 2008 से आरसीबी के लिए खेल रहे विराट ने 267 मैचों में 39.55 की औसत और 132.86 की स्ट्राइक रेट से 8 शतक और 63 अर्धशतक लगाते हुए 8661 रन बनाए हैं। विराट लीग में 8,000 रन पूरा करने वाले भी एकमात्र बल्लेबाज हैं। साथ ही, लीग में सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड भी उनके नाम ही है.वहीं दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 272 मैचों की 267 पारियों में 2 शतक और 47 अर्धशतक लगाते हुए 7046 रन बनाए हैं। वहीं शतक के मामले में जोस बटलर दूसरे नंबर पर हैं। बटलर के नाम आईपीएल में 7 शतक हैं। बटलर के पास इस सत्र में शतकों के मामले में कोहली को पीछे करने का अवसर होगा।



# बिहार में अब खेल प्राथमिकता बन गए हैं : ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा



**पटना (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने रविवार को कहा कि बिहार में अब खेल प्राथमिकता बन गए हैं और उन्होंने प्रदेश में बुनियादी ढांचा बनाने के लिए राज्य सरकार की तारीफ की। प्रदेश सरकार और स्पोटर्स स्टार द्वारा आयोजित बिहार खेल कांक्लेव से इतर पत्रकारों से बातचीत में बिंद्रा ने कहा, 'बिहार में जिस तरह खेलों का विकास हो रहा है, वह काबिले तारीफ है। बिहार की खेलमंत्री (श्रेयसी सिंह) निशानेबाजी में मेरी साथी थी। वह खेलों के विकास के लिये प्रतिबद्ध है।'

बीजिंग ओलंपिक 2008 में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतने वाले बिंद्रा ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में पीला तमगा जीतने वाले पहले भारतीय हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि बिहार में अब खेल प्राथमिकता बन गए हैं। मैं प्रदेश में और देश में खेलों के विकास के सफर के लिए सभी को शुभकामना देता हूं।'

केंद्रीय खेल और युवा कार्य राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने कहा, 'पिछले पांच छह साल में बिहार में खेलों के क्षेत्र में हुआ विकास कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। प्रदेश सरकार ने मनरेगा योजना की मदद से ग्रामीण इलाकों में छोटे मैदान और स्टेडियम बनाए। उससे सीखते हुए हमने वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत देश भर में उसी तर्ज पर स्टेडियम और छोटे मैदान बनाने के लिए बजटीय आवंटन किया है।'

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को खेलों के विकास के लिये मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'खेल राज्य का विषय है और केंद्र सक्रिय रूप से पूरा साथ दे रहा है। खेलो भारत मिशन के तहत प्रदेशों से मशविरा करके खेलों के पूरे इकोसिस्टम में बदलाव किया जा रहा है।'

# वार्न सहित ये क्रिकेटर अपने करियर में नहीं बना पाये कोई शतक



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर शेन वार्न एक गेंदबाज होने के साथ ही निचले क्रम पर अच्छी बल्लेबाजी भी करते थे पर अपने करियर में वह एक भी टेस्ट शतक नहीं लगा पाये। एक बार वह शतक के बेहद करीब आ गये थे पर लगा नहीं पाये और 99 रनों पर आउट हो गये। वार्न सहित पांच क्रिकेटर ऐसे हैं जो अपने करियर में काफी रन बनाने के बाद भी शतक नहीं लगा पाये। इनमें श्रीलंका के निराशन डिकवेला, मिचेल स्टार्क, न्यूजीलैंड के टिम साउदी और भारत के चेतन चौहान है।

वॉर्न को दुनिया के महानतम लेग-स्पिनर के रूप में जाना जाता है पर वह निचले क्रम के एक बेहद उपयोगी और आक्रामक बल्लेबाज भी रहे थे। इस बात का पता इससे चलता है कि वॉर्न ने अपने करियर में 145 टेस्ट मैचों में 12 अर्धशतक लगाकर 3154 रन बनाये हैं हालांकि वह एक बार भी शतक पूरा नहीं कर पाये। विश्व का कोई दूसरा स्पिनर इतने रन नहीं बना पाया है। वॉर्न साल 2001 में न्यूजीलैंड के खिलाफ पर्थ टेस्ट में शतक के बेहद करीब पहुंचे थे। तब वॉर्न ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 99 रन बना लिए थे पर डेनियल विटोरी की गेंद पर एक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में कैच हो गये थे। बाद में रिप्ले में देखा गया कि वह गेंद 'नो-बॉल' थी, लेकिन उस समय तकनीक अच्छी न होने से वॉर्न को रिव्यू नहीं मिला। वॉर्न उस पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। आठवें नंबर पर खेली वॉर्न की इस पारी से टीम हार से बच गयी थी।

टेस्ट में बिना शतक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 5 बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर श्रीलंका के निरोशन डिकवेला हैं। डिकवेला ने अपने करियर में 2757 रन बनाये हैं और उनका सबसे अधिक स्कोर 96 रन रहा है। वहीं तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने - 2478 रन बनाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 99 रन रहा है। वहीं न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने 2245 जबकि भारत के चेतन चौहान के नाम 2084 रन हैं। वहीं गेंदबाजी में कई ऐसे रिकॉर्ड हैं, जिन्हें तोड़ना आज के दौर में लगभग नामुमकिन लगता है। वॉर्न के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक 708 विकेट हैं। मुथैया मुरलीधरन (800) के बाद वे दुनिया के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वे 700 विकेट का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज थे। साल 2005 में वॉर्न ने टेस्ट क्रिकेट में एक साल में 96 विकेट लिए थे. यह आज भी एक कैलेंडर वर्ष में किसी भी गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट का वर्ल्ड रिकॉर्ड है। टेस्ट और वनडे मिलाकर वॉर्न के नाम कुल 1001 विकेट हैं।

# केकेआर के तेज गेंदबाज आकाशदीप आईपीएल से बाहर हुए

**–मधवाल को मिल सकता है अवसर**



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज आकाश दीप चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से बाहर हो गये हैं। ऐसे में केकेआर की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। आकाशदीप जैसे बेहतरीन गेंदबाज की कमी पूरी करना आसान नहीं है। इसी कारण अब टीम प्रबंधन नए विकल्प तलाशने में लग गयी है। इसी कारण अब उसकी नजरें तेज गेंदबाज आकाश मधवाल को शामिल करने पर लगी हैं। आकाश ने पूर्व में मुम्बई इंडियंस की ओर से खेला है। आकाश दीप को केकेआर ने प्रमुख ने तेज़ गेंदबाज़ के तौर पर रखा था पर वह फिट नहीं होने से लीग से बाहर हो गये हैं। वह पीठ के निचले हिस्से में खिंचाव से परेशान हैं। इसी कारण उन्हें करीब तीन महीने तक खेल से दूर रहना पड़ेगा। इससे साफ हो गया है कि वह इस पूरे सत्र में नहीं खेलेंगे।

केकोर का को इस प्रकार दूसरा झटका लगा है। इससे पहले उनके तेज़ गेंदबाज़ हर्षित राणा भी चोटिल होने के कारण सत्र से बाहर हो गये थे। अपने दो प्रमुख गेंदबाजों के खोने का प्रभाव मैच में नजर आयेगा। राणा को विश्वकप से पहले ही अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। दो तेज गेंदबाजों के बाहर होने से केकेआर की गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर नजर आ रही है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार केकेआर अब मधवाल को आकाश दीप के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल करने की योजना बना रही है। मधवाल पहले मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं और आईपीएल में अपने प्रदर्शन से पहचान बना चुके हैं। खासकर 2023 के एलिमिनेटर मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उन्होंने शानदार गेंदबाजी की थी। विकेट लेने की क्षमता इस गेंदबाज को विशेष बनाती है।

वहीं इसके अलावा केकेआर युवा आरएस अंबरीश को भी टीम में शामिल करने पर विचार कर रही है। अंबरीश हाल ही में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उन्होंने टूर्नामेंट में 11 विकेट लेकर अपनी क्षमता साबित की थी। टीम ने पहले ही लीग से हटाये गये बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिज़ुर रहमान की जगह जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुज़रबानी को शामिल किया था।

# लिवरपूल और चेल्सी पर चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा

लिवरपूल । लगातार खराब प्रदर्शन के कारण लिवरपूल और चेल्सी के लिए प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब तो दूर की कौड़ी बनता ही जा रहा है, बल्कि उन पर अब चैंपियंस लीग में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा भी मंडरा रहा है।



लिवरपूल को इस सत्र में प्रीमियर लीग में 10वीं जबकि चेल्सी को 10 दिनों में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। शनिवार को ब्राइटन के हाथों 2-1 से मिली हार से लिवरपूल का अपने खिताब का बचाव करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। मौजूदा चैंपियन टीम पिछले तीन मैच में जीत हासिल नहीं कर पाई है। इसके कुछ घंटों बाद चेल्सी को एवर्टन ने 3-0 से हरा दिया। लिवरपूल लीग में पांचवें स्थान पर बना हुआ है। वह चेल्सी से एक अंक और एक स्थान आगे है। प्रीमियर लीग में शीर्ष पांच में रहने वाली टीम ही अगले सत्र के लिए चैंपियंस लीग में जगह बनाएंगी।

# आईपीएल में वापसी के लिए श्रेयस को बढ़ाना पड़ा वजन



**मोहाली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा है कि वह आईपीएल सत्र के लिए तैयार हैं। श्रेयस ने कहा कि कि वह अपनी चोट से उबर गये हैं और नए सत्र के लिए तैयार हैं। इस दौरान श्रेयस ने उस समय को याद किया जब ऑस्ट्रेलिया में लगी चोट के कारण उनका वजन भी काफी कम हो गया था। जिसे फिर से बढ़ाने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। श्रेयस को अक्टूबर में भारत की ऑस्ट्रेलिया के बीच हुई एकदिवसीय सीरीज के दौरान पेट में गंभीर चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें आईसीयू में भी रहना पड़ा था। इसी कारण वह कई हफ्तों तक टीम से बाहर रहे और उन्हें रिहैब से भी गुजरना पड़ा। वहीं अब श्रेयस ने कहा है कि वह दौर उनके लिए काफी कठिन था। साथ ही कहा, 'चोट के बाद वापसी करना हमेशा ही कठिन होता है। मेरा वजन भी तकरीबन 7 किलो कम हो गया था पर राहत की बात ये रही कि दो माह बाद मैं फिर से फिट हो गया।'


इस बल्लेबाज ने कहा, ' 7 किलो वजन दोबारा बढ़ाना उनके लिए काफी कठिन काम था। मुझे चुनौतियां पसंद हैं और ये भी एक बड़ी चुनौती थी जिसे निकलना था। मैं खुश हूं कि उस दौर से निकलकर अब फिर से अपनी टीम से खेलने तैयार हूं।' श्रेयस को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान चोट लगी थी। अय्यर ने इस साल की शुरुआत में वापसी की थी, इससे उन्हें आईपीएल की तैयारी करने का अवसर मिल गया। इस खिलाड़ी का कहना है कि अब उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को ट्रॉफी जिताना रहेगा।

# जब मजाकिया अंदाज में बोले वैभव, दो-तीन हजार रन बनाना चाहता हूं



जयपुर । राजस्तान रॉयल्यस के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक कार्यक्रम में अपनी हाजिर जवाबी से सभी को हंसा दिया। वैभव यहां राजस्थान रॉयल्स के एक कार्यकम में शामिल हुए थे। इस दौरान वहां अन्य क्रिकेटर और टीम के प्रशंसा भी उपस्थित थे। इसी दौरान जब एक मीडियाकर्मी ने वैभव से पूछा कि वह इस बार आईपीएल में कितने रन बनाना चाहते हैं तो वैभव ने हल्के फुल्के अंदाज में कहा कि ऐसा सवाल मत पूछो नहीं तो मैं कह दूंगा कि मुझे दो तीन हजार रन बनाने हैं। इसपर सभी हंस पड़े। इसके बाद वैभव ने कहा कि कहा कि वह व्यक्ति प्रदर्शन नहीं बल्कि टीम के लिए खेलने पर भरोसा करते हैं। उनका लक्ष्य केवल बेहतर प्रदर्शन करना और टीम को जीत दिलाना रहेगा। वैभव ने कहा कि ये पहले से नहीं बताया जा सकता है कि कितने रन बनाये जा सकते हैं। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देंगे और टीम के लिए मैच जिताने वाली पारियां खेलेंगे। उनका मुख्य लक्ष्य टीम को जीत दिलाना है न कि अपना रिकार्ड बनाना। इस बल्लेबाज ने पिछल बार आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया था। तब सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाकर सभी को हैरान किया था। इसके अलावा अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में 175 रन की पारी खेलकर भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इस बार टीम में बदलाव के बाद वैभव को शीर्ष क्रम में अधिक अवसर मिल सकते हैं और संजू सैमसन के नहीं होने के कारण उन्हें पारी की शुरुआत का भी अवसर मिल सकता है।

# मियामी ओपन: पार्क्स को हराकर कोको गॉफ ने अगले दौर में जगह बनाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोको गॉफ ने शानदार वापसी करते हुए अपनी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी एलिसिया पार्क्स को तीन सेटों में हराकर मियामी ओपन के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है।

शुरुआत में मुश्किलों के बावजूद गॉफ ने मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और कई ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। मियामी में गॉफ चौथी बार राउंड ऑफ 16 में पहुंचने में सफल रही हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी की कोशिश डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में अपनी पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की होगी। गॉफ ने शुरुआती ब्रेक के साथ 2-0 की बढ़त बनाई लेकिन पार्क्स ने लगातार छह गेम जीतकर पहला सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद गॉफ ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया और अगले 13 में से 12 गेम जीतकर 1 घंटे 50 मिनट में 2-6, 6-0, 6-1 से जीत हासिल की।

गॉफ ने अपनी जीत के बाद कहा, 'यह सच में बहुत मुश्किल था। वह बहुत अच्छा खेल रही थीं, और वह उन खिलाड़ियों में से हैं जिनका खेल कभी-कभी बहुत अच्छा होता है तो कभी-कभी बिल्कुल भी नहीं चलता। इसी वजह से आप एक ऐसी बारीक रेखा पर फंस जाते हैं जहां आपको आक्रामक भी रहना होता है लेकिन साथ ही उन्हें खेलने का मौका भी देना होता है। मुझे लगता है कि मैं इस मामले में थोड़ा ज्यादा ही दूसरी तरफ झुक गई थी। फिर दूसरे और तीसरे सेट में मैंने आक्रामक खेलने की कोशिश की। मैंने रिटर्न पर कुछ बदलाव किए, और मुझे लगता है कि उसी से फर्क पड़ा।'

2025 सीजन की शुरुआत के बाद से यह अमेरिकी खिलाड़ी की डब्ल्यूटीए स्तर पर पहला सेट हारने के बाद 11वीं जीत थी। इस आंकड़े के मामले में वह मैडिसन कीज और अनास्तासिया पोटापोवा के साथ बराबरी पर हैं। इसी समय-सीमा में, एक सेट से पिछड़ने के बाद सबसे ज्यादा जीत हासिल करने वालीं एकमात्र खिलाड़ी जेसिका पेगुला (13) हैं। इसके अलावा, साल 2000 के बाद जन्मी खिलाड़ियों में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में गॉफ सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। उनके नाम 104 जीत हैं। गॉफ से आगे इगा स्वियातेक हैं, जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में 130 जीत दर्ज की हैं।

अब अगले राउंड में कोको गॉफ का मुकाबला सोराना सिर्स्टिया से होगा, जहां उनकी नजर डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में अपने पहले क्वार्टर फाइनल में पहुंचने पर होगी। टूर पर अपना आखिरी सीजन खेल रहीं रोमानिया की अनुभवी खिलाड़ी सिर्स्टिया ने 21वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस को 6-3, 6-2 से हराया। गॉफ और सोराना का सामना अब तक एक बार हुआ है। 2022 ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में गॉफ सोराना पर भारी पड़ी थीं।

# मियामी ओपन : जैनिक सिनर ने दामिर जुमहुर को हराया, जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की



मियामी । जैनिक सिनर ने हार्ड रॉक स्टेडियम में खेले गए मियामी ओपन के पहले राउंड के मुकाबले नें दामिर जुमहुर को 6-3, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने दिग्गज नोवाक जोकोविच के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सिनर मैच में अपनी डिलीवरी से सिर्फ आठ अंक पीछे रह गए। नवंबर में पेरिस मास्टर्स और इंडियन वेल्स में अपने खिताबी जीत के बाद अब एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट्स में लगातार 24 सेट जीत नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। उनके पास 30वीं सीड कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मुकाबले का पहला सेट जीतकर जोकोविच से आगे निकलने का मौका होगा, जिन्होंने टॉमस माचाक को 6-0, 1-6, 6-4 से हराया था। जीत के बाद सिनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि कभी-कभी स्कोरबोर्ड मायने रखता है। मेरे लिए, मैं एक खिलाड़ी के तौर पर बेहतर होने की कोशिश करता हूं और खुद को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की स्थिति में रखता हूं। मैं हमेशा हर विरोधी के साथ एक जैसा बर्ताव करता हूं, कोर्ट पर आकर अच्छे रवैये के साथ अपना बेस्ट देने की कोशिश करता हूं और इसके लिए पूरी कोशिश करता हूं।' सिनर मियामी में अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में 2024 में वह चैंपियन रहे थे। इटैलियन के पास साउथ फ्लोरिडा में डिफेंड करने के लिए कोई एटीपी रैंकिंग पॉइंट नहीं है, जिससे उन्हें विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के साथ अपनी लड़ाई में और मोमेंटम बनाने का मौका मिल रहा है। इंडियन वेल्स में 2026 के लिए अपनी पहली ट्रॉफी उठाने के बाद, इटैलियन खिलाड़ी 2017 में रोजर फेडरर के बाद मशहूर 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, अलेक्जेंडर शेवचेंको ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में वापसी करते हुए जीत हासिल करके बेन शेल्टन को मियामी ओपन से बाहर कर दिया। अपने 6-7(3), 7-6(3), 6-3 के उलटफेर के साथ, कजाकिस्तानी ने तीसरी टॉप-10 जीत हासिल की और अपने होम स्टेट फ्लोरिडा में सबसे बड़े टूर्नामेंट में शेल्टन को 1-4 पर गिरा दिया।

# धोनी बोले आईपीएल में हैरान कर सकता है युवा ऑलराउंडर प्रशांत वीर



**जयपुर (एजेंसी)।** चेन्नई (ईएमएस)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने युवा ऑलराउंडर प्रशांत वीर की जमकर प्रशंसा की है। प्रशांत को सीएसके ने आईपीएल नीलामी में 14.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। इसी का एक वीडियो सीएसके ने जारी किया है।

इस वीडियो में धोनी युवा ऑलराउंडर प्रशांत की प्रशंसा करते हुए कहते हैं ये ऑलरांउडर लीग में अपने प्रदर्शन से सभी को हैरान कर सकता है। धोनी कभी कभार ही किसी खिलाड़ी की तारीफ करते हैं, इसलिए उनकी बात को काफी महत्व दिया जाता है। अभ्यास सत्र में जब प्रशांत वीर बल्लेबाजी कर रहे थे तब विकेट के पीछे से धोनी उनपर नजर रखे थे। वीर ने ऑफ साइड में शानदार शॉट लगाया, जिस पर धोनी ने तुरंत तारीफ करते दिखे। इसके बाद वीर ने एक शानदार स्कूप शॉट खेला, जिस पर भी धोनी ने बाउंड्री होने का इशारा किया। इसके बाद प्रशांत ने सीधा स्ट्रेट ड्राइव खेला, जिसे देखने के बाद धोनी ने उनकी जमकर सराहना की। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। प्रशंसकों ने भी इस युवा खिलाड़ी की जमकर प्रशंसा की है। सीएसके के खेमें में भी इससे उत्साह छाया हुआ है।

प्रशांत वीर उत्तर प्रदेश के युवा ऑलराउंडर हैं, जो बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिन गेंदबाज हैं। वह आमतौर पर निचले मुध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं। घरेलू क्रिकेट में अ अच्छे प्रदर्शन के बाद आईपीएल में उन्हें अवसर मिला है। मिनी ऑक्शन में वह 14.20 करोड़ में बिके थे। इस प्रकार वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ियों में आ गये थे। प्राशांत ने अंडर-23 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 7 मैचों में 376 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 94 और स्ट्राइक रेट 128.76 रहा।

# आईपीएल के एक सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने का रिकार्ड है हर्षल और ब्रेवो के नाम

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19वें सीजन इस माह के अंत में शुरु हो रहा है। ऐसे में अब तक हुए आईपीएल मुकाबलों और उनमें बने रिकार्डों को लेकर चर्चाएं होती रहती हैं। इसी में से एक रिकार्ड है सबसे अधिक विकेट का। अब तक कई गेंदबाजों ने आईपीएल में काफी विकेट लिए हैं पर किसी एक सत्र में सबसे अधिक विकेट की बात की जाये तो वह रिकाड अबतक संयुक्त रुप से दो गेंदबाजों हर्षल पटेल और ड्वेन ब्रावो नाम है। आरसीबी के हर्षल ने साल 2021 में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 15 मुकाबलों में कुल 32 विकेट लिए थे। उनका ये रिकार्ड अब तक कायम है अब देखना है कि इस सत्र में कोई गेंदबाज इसे तोड़ पाता है या नहीं। हर्षल ने आईपीएल 2021 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए 15 मुकाबलों में 32 विकेट लिए थे। इस सत्र उन्होंने एक मुकाबले में 5 विकेट लिए थे। वहीं ड्वेन ब्रावो- ने आईपीएल 2013 में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए 32 विकेट निकाले थे। ब्रावो ने 18 मुकाबलों में केवल 7.95 की इकोनॉमी से रन दिये किए थे। ब्रावो की बेहतरीन गेंदबाजी के बल पर चेन्नई सुपर किंग्स फाइनल तक पहुंचने में सफल रही थी। हालांकि, खिताबी मुकाबले में टीम को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए आईपीएल 2020 में कगिसो रबाडा ने 17 मुकाबलों में कुल 30 विकेट लिए थे और वह इस प्रकार दूसरे नंबर पर हैं।

# आईपीएल में अब तक विकेटकीपर के तौर पर संगकारा का रिकार्ड बरकरार

**मुम्बई (एजेंसी)।** इस माह के अंत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 19 सत्र शुरु होगा। जिससे भी नये-नये रिकार्ड बनेंगे। अब तक हुए सत्रों में कई ऐसे रिकार्ड बने हैं जो अब तक कोई नहीं तोड़ पाया है। अब देखना है कि वह रिकार्ड इस सत्र में टूटता है या नहीं ये रिकार्ड है। विकेट के पीछ पांच शिकार करन का जो श्रीलंका के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा के नाम है। यहां तक कि महेन्द्र सिंह धोनी भी इस रिकार्ड तक नहीं पहुंच पाये हैं। संगाकारा ने आईपीएल के चौथे सत्र में ये रिकार्ड बनाया था। तब साल 2011 में डेक्कन चार्जर्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से था। वहीं डेक्कन चार्जर्स की कप्तानी और विकेटकीपिंग कुमार संगाकारा कर रहे थे। उस मैच में संगाकारा ने विकेटों के पीछे से एक के बाद एक बेहतरीन कैच लेकर रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने 5 कैच लिए। संगाकारा के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी अहम है, क्योंकि उन्होंने तिलकरत्ने दिलशान, विराट कोहली और एबी डीविलियर्स जैसे दिग्गजों के खिलाफ ये रिकार्ड बनाया था। चेन्नई सुपरकिंग्स के विकेटकीपर धोनी को दुनिया का सबसे तेज विकेटकीपर माना जाता है, जिनके नाम 0.08 सेकंड में स्टंपिंग करने का विश्व रिकॉर्ड है। धोनी ने आईपीएल करियर में कई बार एक मैच में 4 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा है पर पांच शिकार उन्होंने नहीं किये हैं।



संगाकारा ने तिलकरत्ने दिलशान, एबी डिविलियर्स, सौरभ तिवारी, जोहान वैन डेर वाथ और रायन निनन के विकेट लिए। संगाकारा की बेहतरीन विकेटकीपिंग के कारण चार्जर्स ने मुकाबला 33 रन से जीता। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2011 के 11वें मुकाबले में डेक्कन चार्जर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 175 रन बनाए थे। भरत चिप्ली ने 35 गेंदों में नाबाद 61 रन की पारी खेली। उनके अलावा सनी सोहेल ने 38 रन और कुमार संगाकारा ने 36 रन का बनाये। जेपी ड्यूमिनी ने 22 रन बनाए। वहीं विरोधी टीम की ओर से जहीर खान ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए जबकि जोहान वैन डेर वाथ और रायन निनन ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। इसके जवाब में आरसीबी निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी।

## एक नजर

### कंबोडिया के मंदिर का जीर्णोद्धार देखने पहुंचे सचिव पी. कुमारन

**नई दिल्ली** : विदेश मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र के सचिव पी. कुमारन ने रविवार को कंबोडिया के सुप्रसिद्ध ता प्रोहम मंदिर का दौरा किया। यह दौरा विशेष रूप से वहां चल रहे संरक्षण और जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए किया गया था। ता प्रोहम मंदिर के जीर्णोद्धार का नेतृत्व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) कर रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार के दो चरण सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। वर्तमान में इस परियोजना का तीसरा चरण प्रगति पर है। यह परियोजना न केवल दक्षिण-पूर्व एशिया की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ती है बल्कि दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों को भी और गहरा करती है। उल्लेखनीय है कि विश्व के सबसे बड़े मंदिरों में से एक कंबोडिया के अंकोरबाट मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने किया था। अंकोरबाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। वहीं ता प्रोहम मंदिर महायान बौद्ध मंदिर है। इसे राजाय जयवर्मन सप्तम ने बनवाया था। इन दोनों मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 1986-1993 तक सहायता देने वाला भारत पहला देश था। उसके बाद से भारत इस प्रोजेक्ट से लगातार जुड़ा हुआ है।

### लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बिलाल की ईद के दिन हत्या

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के मुरीदके में शुक्रवार को ईद की नमाज के बाद आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बिलाल आरिफ सराफी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना ह्यमरकज तैयबाह्न परिसर में हुई, जिसे पाकिस्तान के अशांत पंजाब प्रांत स्थित आतंकवादी समूहों के सबसे सुरक्षित ठिकानों में गिना जाता है। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडरों में से एक बिलाल आरिफ सराफी को मुरीदके में ईद की नमाज के बाद गोली मारकर और कई बार चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। उसकी हत्या 'मरकज तैयबा' परिसर के अंदर की गई, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय माना जाता है। यह घटना शुक्रवार को ईद की सामूहिक नमाज के बाद हुई। उसे बहुत करीब से गोली मारी गई और कई बार चाकू से वार किए गए, जिससे उसकी मौत हो गई। मरकज तैयबा, लश्कर-ए-तैयबा का वही मुख्यालय है जिसे मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने नष्ट कर दिया था। हमले के बाद के महीनों में 1.09 एकड़ के इस परिसर का दोबारा निर्माण किया गया।

### नेपाल में दो भारतीय पर्यटक नदी में डूबे खोज अभियान जारी

**काठमांडू** : नेपाल में दो भारतीय पर्यटक रविवार दोपहर तिनाउ नदी के दोभान बांध स्थल के हेडबॉक्स के पास डूबने के बाद लापता हो गए हैं। दोनों की पहचान अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। जिला पुलिस कार्यालय, पाल्पा के सूचना अधिकारी होम प्रकाश चौधरी के अनुसार, ये दोनों व्यक्ति पांच सदस्यीय समूह का हिस्सा थे जो घूमने के लिए उस क्षेत्र में गए थे। वे बांध के पास तैराकी करते समय लापता हो गए। सूचना मिलने के बाद स्थानीय निवासियों, सशस्त्र पुलिस बल और दोभान पुलिस चौकी के जवानों द्वारा संयुक्त खोज अभियान शुरू किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र पंजियार थारू और सहायक प्रमुख जिला अधिकारी ऋषिराम घिमिरे सहित वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर बचाव कार्य का समन्वय कर रहे हैं और स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री योगी ने लिया तैयारियों का जायजा

एजेंसी

**नोएडा** : जेवर में नवनिर्मित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को नोएडा पहुंचे। जेवर एयरपोर्ट पर करीब डेढ़ घंटे तक अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्घाटन समारोह की तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। इस नवनिर्मित इंटरनेशनल एयरपोर्ट को लोकार्पण 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आज लखनऊ से हवाई मार्ग से गाजियाबाद के



हिंडन एयरपोर्ट पहुंचे और यहां से वे हेलीकॉप्टर के जरिये नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे। यहां भाजपा नेताओं और अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव ईशान प्रताप सिंह भी गौतमबुद्ध नगर पहुंचे हैं। यहां उन्होंने एयरपोर्ट में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने एयरपोर्ट और जनसभा स्थल का निरीक्षण करके यहां की सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभागार में अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी ने बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के सामने समारोह की योजना, सुरक्षा प्लान और जनसभा में लोगों के आने वालों की संख्या और उनके बैठने की व्यवस्था जैसी तैयारियों की जानकारी रखी। वहीं, प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर होने वाली सुरक्षा प्लानिंग की समीक्षा भी की गई। मुख्यमंत्री योगी ने जनसभा में पार्किंग व्यवस्था का व्यवस्थित मैप तैयार करने के साथ ही साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉक्टर महेश शर्मा, प्रभारी मंत्री कुंवर वृजेश सिंह, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, डीएम गौतमबुद्धनगर मेघा रूपम, सीईओ यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह, एसीईओ शैलेन्द्र भाटिया, डीसीपी पूनम मिश्रा, एडीएम वित्त अतुल कुमार, एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे, इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, सीओओ किरन जैन, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सत्ता में आने के लिए बहुजन समाज का एकजुट होना जरूरी : मायावती

एजेंसी

**लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि बहुजन समाज की सुरक्षा व अस्मिता के मिशनरी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए बहुजनों को एकजुटता जरूरी है। एकजुट रहकर मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए चुनावी सफलता अर्जित करना समय की सबसे बड़ी मांग है। वरना आरक्षण सहित बहुजनों के हित व कल्याण के अहम मामलों में विरोधी पार्टियों की सरकारों की कथनी व करनी में अंतर है। इनके वादे और दावों व जमीनी हकीकत में भारी अन्तर्विरोध एवं नीयत व नीति में खोट के कारण हालात बद से बदतर होते चले जायेंगे। बसपा प्रमुख रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। इसमें प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बीते दिनों दिए गए कार्यों की समीक्षा में बेहतर परिणाम मिलने पर बसपा प्रमुख ने कार्यकताओं की कार्यों की सरहना की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मायावती ने कहा कि मध्य प्रदेश, बिहार प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ती हुई जातिवादी आपराधिक घटनाओं का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि ठीक चुनाव से पहले सरकारों की ओर से दिये जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रलोभनों से से खुद को बचाना होगा ताकि आने वाले पांच साल उनके लिए अच्छे दिन के बजाय और ज्यादा बुरे दिन न साबित हों, जैसा कि इन दोनों राज्यों का भी पिछला अनुभव रहा है। मायावती ने कहा कि दलित व ओबीसी समाज को, जो जाति के आधार पर तोड़े और पछाड़े जा रहे हैं, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए आपसी सद्भावना व भाईचारा के आधार पर बहुजन समाज की एकता से पूरी तरह से जुड़ना होगा, तभी वोट हमारा राज तम्हारा, अब और नहीं चलेगा का नारा व संकल्प सामाजिक परिवर्तन की वास्तविकता के रूप में साकार हो पायेगा।

## नेपाल : 27 मार्च को रामनवमी के दिन बालेन्द्र शाह लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**काठमांडू** : नेपाल में नई सरकार का शपथ ग्रहण चैत्र नवरात्रि के रामनवमी के दिन होने जा रहा है। 27 मार्च को बालेन्द्र शाह प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के लिए बिमस्टेक संबद्ध देशों को आमंत्रित किया गया है। संसद सचिवालय के मुताबिक बालेन्द्र शाह 27 मार्च को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। हालांकि मंत्रियों के शपथ ग्रहण से संबंधित जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। बताया गया है कि बालेन्द्र शाह ज्योतिषीय सलाह पर रामनवमी के दिन शपथ ग्रहण लेने जा रहे हैं। आरएसपी के महामंत्री कविन्द्र बुरलाकोटी ने भी पुष्टि की है कि बालेन्द्र शाह रामनवमी के दिन आधिकारिक रूप से प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के लिए बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक



सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल देशों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। पार्टी महामंत्री बुरलाकोटी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में सहभागिता के लिए भारत, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, म्यांमार और थाईलैंड की सरकार को निमंत्रण भेजा गया है। पार्टी नेताओं के अनुसार, संसदीय दल की बैठक में बालेन को औपचारिक रूप से नेता चुना जाएगा, जो उन्हें प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाने की आवश्यक प्रक्रिया है। आरएसपी 26 मार्च की सुबह सचिवालय और केंद्रीय समिति की बैठक आयोजित करने जा रही है, जिसमें बालेन्द्र शाह को प्रधानमंत्री नियुक्त करने से पहले पार्टी के महत्वपूर्ण निर्णयों को अंतिम रूप दिया जाएगा। सचिवालय बैठक में बालेन्द्र शाह को संसदीय दल का नेता प्रस्तावित किया जाएगा। इसके बाद इस प्रस्ताव को केंद्रीय समिति की बैठक में अनुमोदित किया जाएगा। मंजूरी मिलते ही बालेन्द्र तत्काल संसदीय दल के नेता का पद संभाल लेंगे। पार्टी नेता गणेश पराजुली ने कहा, 26 मार्च को दोपहर 2 बजे पार्टी की बैठक कर बालेन्द्र शाह को संसदीय दल का नेता नियुक्त करने की योजना है। सांसदों के शपथ लेने से पहले सुबह की बैठक में ये निर्णय लिए जाएंगे और शपथ के बाद अन्य प्रक्रियाएं आगे बढ़ेंगी।

## दिल्ली के अस्पतालों का होगा एकीकरण, बढ़ेंगी पीजी और एबीबीएस की सीटें : रेखा गुप्ता



एजेंसी

**नई दिल्ली** : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के एकीकरण से न केवल चिकित्सा सुविधाओं में सुधार होगा बल्कि चिकित्सा शिक्षा को भी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही एमबीबीएस तथा पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। दिल्ली सरकार गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी), दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट (डीएससीआई) और राजीव गांधी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) को एकीकृत कर एम्स मॉडल की तर्ज पर एक स्वायत्त संस्थान विकसित करने जा रही है। साथ ही, इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन बिहेवियर ऐंड एलाइड साइंसेज (इहबास) को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान-2 के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल कर रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री का कहना है कि इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों में बड़े स्तर पर वृद्धि करना है ताकि अधिक से अधिक डॉक्टरों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को मजबूत किया जा सके। इसके तहत राजीव गांधी अस्पताल, दिल्ली कैंसर इंस्टीट्यूट और जीटीबी अस्पताल में चल रहे समान विषयों और विभागों को एकीकृत किया जाएगा। वर्तमान में कई विभाग अलग-अलग संस्थानों में संचालित हो रहे हैं, जिसके कारण उपलब्ध संसाधनों और मानव बल का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। इंटीग्रेशन के बाद इन सभी विभागों के फैकल्टी (एसिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर) को एक साथ जोड़कर उनकी क्षमता के अनुरूप पीजी सीटों में वृद्धि की जाएगी। मेडिकल नियमों के अनुसार, एक एसोसिएट प्रोफेसर दो पीजी सीट और एक प्रोफेसर तीन पीजी सीट सपोर्ट कर सकता है इसलिए फैकल्टी को एकीकृत करने से सीटों में स्वतः वृद्धि होगी।

## यामाहा म्यूजिक इंडिया ने ए.आर. रहमान को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया

एजेंसी

**नई दिल्ली** : ऑस्कर विजेता संगीतकार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित संगीत आइकन ए.आर. रहमान ने भारतीय संगीत को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी यह प्रेरक यात्रा भारतीय प्रतिभा की वैश्विक क्षमता को दशार्ती है, जो यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की भारत में संगीत संस्कृति को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता से मेल खाती है। यह साझेदारी भारत के संगीत इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का एक अहम मील का पत्थर साबित होगा। यामामोटो ताकेतोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर ने कहा, संगीत यामाहा म्यूजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सोच के केंद्र में है। भारत की समृद्ध संगीत विरासत को वैश्विक



पहचान मिलनी चाहिए। हमारी 'मेड इन इंडियाझ पहल और ए.आर. रहमान के साथ सहयोग के माध्यम से हम नई पीढ़ी के संगीतकारों को प्रेरित करना और देशभर में संरचित संगीत शिक्षा का विस्तार करना चाहते हैं। रयोजी मारुयामा,सेल्स यूनिट हेड, ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल वाद्ययंत्र उपलब्ध कराना नहीं है। हम कार्यशालाओं, स्कूलों के साथ सहयोग और ग्रामीण पहुंच कार्यक्रमों के माध्यम से संगीत समुदायों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## योगी सरकार ने बनाया यूपी को बीमारू से सर्वोत्तम प्रदेश : कृषि मंत्री

एजेंसी

**लखनऊ** : कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को देवरिया में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 9 वर्षों में कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव आया है। राज्य की स्थापना के बाद से अब तक की सभी सरकारों में योगी सरकार का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा है। कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधारों, किसानों को सीधे लाभ, सिंचाई विस्तार, उत्पादन वृद्धि और तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक नए कृषि मॉडल के रूप में स्थापित किया गया है। योगी सरकार ने न केवल किसानों की आय बढ़ाई, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की दिशा में अग्रसर किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि योगी सरकार

- योगी सरकार में 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये कर्ज किया गया माफ
- किसानों को किया गया 3 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान
- बीते 9 वर्षों में 547 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 737 लाख मीट्रिक टन हुआ उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन

ने उत्तर प्रदेश की छवि को पूरी तरह बदल दिया है। पहले प्रदेश में गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, अपहरण, फिरौती, माफियाराज और



जंगलराज का बोलबाला था, जिसे पूरी तरह समाप्त किया जा चुका है। इसी के साथ सरकार ने किसानों के लिए खजाना खोल दिया। योगी सरकार ने किसानों की जितनी मदद की, उतनी मदद पहले किसी सरकार ने नहीं की। 9 वर्ष पहले प्रदेश के किसान हर साल आत्महत्या करने पर मजबूर होते थे। वे हताश और निराश थे तथा भय के वातावरण में जी रहे थे। खाद, बिजली व पानी तक की समुचित व्यवस्था नहीं थी। सरकार किसानों की उपज की खरीद भी नहीं करती थी। गन्ना किसानों का भुगतान तीन-चार साल तक लंबित रहता था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई थी। सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि 2017 में सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले किसानों को राहत देने का बड़ा निर्णय लिया। 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रुपये का बैंक कर्ज माफ किया गया। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी तरीके से लागू की गई। इस कदम का उद्देश्य केवल आर्थिक राहत देना नहीं था, बल्कि किसानों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने से रोकना और उन्हें नई शुरूआत का अवसर देना भी था। कृषि मंत्री शाही ने कहा कि योगी सरकार ने उत्कृष्ट बीज उपलब्ध कराने, पर्याप्त खाद की व्यवस्था करने और सिंचाई संसाधनों का विस्तार करने पर विशेष ध्यान दिया। 20-30 साल पुरानी नहरों को ठीक कराया गया और अधूरी परियोजनाओं को पूरा कर 30 लाख हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा प्रदान की गई। इसके साथ ही 92 हजार से अधिक पीएम कुसुम सोलर पंप लगाए गए, जिन पर किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया। इससे किसानों को सालभर बिना बिजली के निर्बाध सिंचाई की सुविधा मिली। कृषि मंत्री ने बताया कि 16 लाख किसानों के नलकूपों के बिजली बिल माफ किए गए और 3600 करोड़ रुपये का बिजली बिल सरकार भर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमा मालिनी ने गाया भजन चल रे मन वृंदावन : श्रोता हुए मंत्र मुग्ध



**मथुरा** : रविवार को मथुरा के स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम में एक आश्चर्यजनक घटना हुई जब मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन से पहले, वहाँ लगाए गए साउंड और लाइट सिस्टम को टेस्ट करने के लिए कुछ सुंदर भजन गाये। 1000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला यह ऑडिटोरियम उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े ऑडिटोरियम में से एक है। सांसद हेमा मालिनी के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने बताया कि यह ऑडिटोरियम हेमा मालिनी का ही सपना है। अभिनेत्री से राजनेता बनीं हेमा मालिनी भगवान कृष्ण की बहुत बड़ी भक्त हैं। वह अपनी फि ल्मों में निभाई गई भूमिकाओं और अपने नृत्य-नाटकों के जरिए भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं को प्रस्तुत करने के लिए काफी मशहूर हैं। उनके सुंदर भजनों ने दर्शकों में मौजूद कई लोगों को हैरान कर दिया। दर्शक उनके गाए भजन चल रे मन वृंदावन से इतने मंत्रमुग्ध हो गए कि उन्होंने उनसे एक और गाना गाने की गुजारिश की। जब उन्होंने मैं कृष्ण गुण गाऊँ भजन गाया, तो पूरा ऑडिटोरियम भगवान कृष्ण की भक्ति में डूब गया। जनार्दन शर्मा ने बताया कि हेमा मालिनी ने ऑडिटोरियम के साउंड और लाइट सिस्टम की जाँच में मदद के लिए इंडस्ट्री के एक विशेषज्ञ को भी बुलाया था। उद्घाटन से पहले, आज वहाँ लगाए गए लाइट और साउंड सिस्टम की जाँच, कैलिब्रेशन और ट्यूनिंग की गई। उत्तर प्रदेश जल निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर कपिल एम. सिंह ने बताया कि ऑडिटोरियम का काम लगभग पूरा हो चुका है, और आज विभिन्न पैमानों पर इसकी जाँच की गई। उन्होंने आगे बताया कि 42.15 करोड़ रुपये की लागत से बने इस कॉम्प्लेक्स में एक ऑडिटोरियम , एक ओपन-एयर थिएटर और डॉरमेट्री हैं। यहाँ भविष्य में बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे, जिससे इस क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक विशेषताओं को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर गीता शोध संस्थान और रासलीला अकादमी, वृंदावन के कलाकारों द्वारा ₹भ्रमर गीत₹ नामक एक रासलीला का भी मंचन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा भी उपस्थित थे।

### विश्व जल दिवस पर जल जीवन मिशन 2.0 के दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली** : जल शक्ति मंत्रालय के तहत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (डीडीडब्ल्यूएस) ने रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित जल महोत्सव 2026 के समापन पर जल जीवन मिशन (जेजेएम) 2.0 के संचालन दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर पांच राज्यों के पांच गांवों के प्रतिनिधियों के साथ सुजल ग्राम संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण स्तर पर जल प्रबंधन के अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल और राज्य मंत्री वी. सोमन्ना वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। जल महोत्सव 2026 का आयोजन 8 मार्च से 22 मार्च तक 15 दिनों के राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में किया गया, जिसमें ह्यजल अर्पण और जनभागीदारी के जरिए जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया। केंद्रीय मंत्री पटेल ने कहा कि जल जीवन मिशन केवल नल कनेक्शन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण भारत में विशेषकर महिलाओं और बच्चों के जीवन में सुधार लाने वाला अभियान है। उन्होंने बताया कि मिशन के दूसरे चरण में अब टिकाऊपन, कार्यक्षमता और सेवा की गुणवत्ता पर जोर दिया जाएगा, ताकि हर ग्रामीण परिवार को नियमित, पर्याप्त और सुरक्षित पेयजल दीर्घकाल तक मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए जल उत्सव और ह्यनदी उत्सव जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य मंत्री सोमन्ना ने कहा कि जल महोत्सव 2026 ने जनभागीदारी को मजबूत करते हुए इसे एक राष्ट्रीय अभियान का रूप दिया है। गांवों में बैठकों, जागरूकता कार्यक्रमों और स्कूल गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण और सुरक्षित पेयजल की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग की है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक के.के. मीणा ने बताया कि जल महोत्सव के दौरान देशभर में जल स्रोतों और टैंकों की सफाई, फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल गुणवत्ता परीक्षण और अन्य गतिविधियों के जरिए जल सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता पैदा की गई। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 के दिशा-निर्देश ग्रामीण पेयजल सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रदान करते हैं।

### कुवैत का पिछले 24 घंटे में ईरान की 9 मिसाइलें और 4 ड्रोन मार गिराने का दावा

**कुवैत सिटी** : पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच करीब तीन हफ्तों से जारी युद्ध के बीच कुवैत ने पिछले 24 घंटों में उसके हवाई क्षेत्र की ओर बढ़ रही ईरान की नौ बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को मार गिराया है। फिलहाल, इससे जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। अजरबैजान के अंग्रेजी समाचार पत्र अजर न्यूज और तुर्किये की संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी (एए) के अनुसार, कुवैत ने अपनी सुरक्षा को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। कुवैती सेना के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान उसके हवाई रक्षा प्रणालियों ने देश के हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर रही नौ बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। कुवैत रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता कर्नल सऊद अब्दुल अजीज अल-अतवान के अनुसार, एयर डिफेंस यूनिट्स ने सभी खतरों का समय रहते पता लगाकर उन्हें निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि इस कार्रवाई में किसी भी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। प्रवक्ता के अनुसार, रक्षा प्रतिनिधियों ने पहले नौ बैलिस्टिक मिसाइलों को ट्रैक किया और उन्हें कुवैत के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही मार गिराया। इसके बाद चार ड्रोन को भी पहचान कर नष्ट कर दिया गया। सेना ने बयान में कहा कि वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब ईरान के साथ इजराइल-अमेरिका का तनाव खतरनाक रूप से लगातार बढ़ रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 28 फरवरी से अमेरिका-इजरायल और ईरान की जारी युद्ध के बीच ईरान ने खाड़ी देशों में जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने मौजूद हैं, उनको घेरते हुए बार-बार मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। कुवैत पर हुआ यह हमला बढ़ते सैन्य संघर्ष का हिस्सा है।

### हंगामा ओटीटी का जंग इच्छा, धोखे और खतरनाक राजों के उलझे खेल की कहानी

**रांची** : हंगामा ओटीटी ने अपना नया क्राइम ड्रामा जंग रिलीज कर दिया है, जो 18 मार्च 2026 से स्ट्रीम हो रहा है। गुजरात के अलंग शिप ब्रेकिंग यार्ड के सख्त और बेरहम माहौल में बनी यह सीरीज धोखे, जिंदा रहने की जद्दोजहद और छुपे सच की कहानी दिखाती है। कहानी के केंद्र में है कावेरी, एक ऐसी गृहिणी जो अपने शांत और साधारण पति बकुल के साथ बिना प्यार वाली शादी में जी रही है। अकेलेपन से निकलने के लिए वह एक स्क्रैपयार्ड में काम करने वाले व्यक्ति के करीब आ जाती है। शुरुआत में यह बस एक भावनात्मक सहारा लगता है, लेकिन जल्द ही मामला ब्लैकमेल तक पहुंच जाता है और कावेरी अपराध, साजिश और हत्या के खतरनाक जाल में फंसती चली जाती है। मामला गंभीर होता है तो जांच की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर सार्थक के पास आती है, जिसका कावेरी से पुराना और उलझा हुआ रिश्ता रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902